रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 450] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 20, 2007/चैत्र 30, 1929
No. 450] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 20, 2007/CHAITRA 30, 1929

श्रम और रोजगार मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 अप्रैल, 2007

का.आ. 625(अ).—खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 27 के अनुसरण में केन्द्र सरकार एतद्द्वारा इस अधिसूचना के अनुबंध के रूप में, मैसर्स सिंगरेनी कोलियरी कम्पनी लिमिटेड की कोयला खानों में खासकर आंध्र प्रदेश के करीम नगर जिले में रामागुन्डम क्षेत्र के गोदावरीखनी संख्या 8ए इन्क्लाइन खान में 17 अक्तूबर, 2003 को हुई दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच के लिए नियुक्त जांच अदालत द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 24 की उप-धारा (4) के तहत प्रस्तुत रिपोर्ट प्रकाशित करती है ।

"17 अक्तूबर, 2003 को मैसर्स सिंगरेनी कोलियरी कम्पनी लिमिटेड की कोयला खानों में हुई बड़ी दुर्घटना, जिसमें 10 लोगों की मृत्यु हुई, के संबंध में जांच अदालत की रिपोर्ट"

[फा.सं. एन 11012/7/2003-आई. एस. एच.-II]

एस. के. श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव

अनुबंध

मैसर्स सिंगरेनी कोलियरी कम्पनी लिमिटेड के गोदावरीखनी सं. 8ए इन्क्लाइन खान में दिनांक 17 अक्तूबर, 2003 को घटित 10 व्यक्तियों की प्राणघातक दुर्घटना पर

जाँच न्यायालय का प्रतिवेदन

माननीय न्यायमूर्ति श्री बिलाल नाजकी
(अध्यक्ष एवम् न्यायाधीश, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय)

श्री ए. के. रूद्र, असेसर

श्री कमलेश सहाय, असेसर

अध्याय-I

परिचय

1.1.1 आंध्र प्रदेश के करीमनगर जिले में एक सरकारी अधिकृत कम्पनी, मैसर्स सिंगरेनी कोलियरी लिमिटेड, के गोदावरीखनी सं. 8ए इन्क्लाइन खान के भूमिगत कार्य-स्थल में दिनांक 17 अक्तूबर, 2003 की सुबह छत गिरने के कारण एक प्राणघातक दुर्घटना घटी । इस दुर्घटना में 10 (दस) खान श्रमिकों की मृत्यु हुई, जिनके नाम **परिशिष्ट-I** में दिए गए हैं ।

1.1.2 भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने खान अधिनियम, 1952 की धारा 24 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक अधिसूचना, संख्या एन. 11012/7/2003-आई. एस.एच.-II दिनांक 21-01-2004, जारी करते हुए इस दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की औपचारिक जाँच करने के लिए एक जाँच न्यायालय की नियुक्ति की । न्यायमूर्ति श्री बिलाल नज़की इस जाँच न्यायालय के अध्यक्ष, जबकि भूतपूर्व खान सुरक्षा महानिदेशक श्री ए. के. रूद्र व श्री कमलेश सहाय (भारतीय मजदूर संघ), सदस्य सुरक्षा बोर्ड, सी.आई.एल. को असेसर नियुक्त किया गया । श्रम मंत्रालय की संगत अधिसूचना की प्रतिलिपि **परिशिष्ट-II** में दी गई है ।

1.1.3 भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने दिनांक 17-05-2004 की अधिसूचना सं. एन-11012/7/2003-आई.एस.एच.-II के द्वारा इस जाँच न्यायालय की कार्यावधि तथा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुति की अवधि अधिसूचना की तिथि से तीन माह के लिये बढ़ा दी ।

1.1.4 अधिसूचना सं. एन 11012/7/2003-आई.एस.एच.-II दिनांक 17 सितम्बर 2004 के द्वारा श्री जी. दासप्पा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ओडी, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायिक सेवा समिति, को जाँच न्यायालय के अध्यक्ष का सचिव नियुक्त किया गया ।

1.1.5 पुन: केन्द्र सरकार ने 16 जुलाई, 2004 को एक अधिसूचना जारी कर इसकी अवधि दिनांक 21 जुलाई, 2004 से तीन महीने के लिए और बढ़ा दी ।

1.1.6 दिनांक 21 अक्तूबर, 2004 को जारी अधिसूचना के तहत केन्द्र सरकार ने दुर्घटना की जाँच तथा प्रतिवेदन प्रस्तुति की अवधि 20 अप्रैल, 2005 तक बढ़ा दी ।

1.1.7 दिनांक 9 मई, 2005 को जारी अधिसूचना के तहत केन्द्र सरकार ने दुर्घटना की जाँच तथा प्रतिवेदन प्रस्तुति की अवधि 20 अक्तूबर, 2005 तक बढ़ा दी ।

1.1.8 दिनांक 26 अक्तूबर, 2005 को जारी अधिसूचना के तहत केन्द्र सरकार ने पुन: दुर्घटना की जाँच तथा प्रतिवेदन प्रस्तुति की अवधि 20 अप्रैल, 2006 तक बढ़ा दी ।

1.1.9 दिनांक 26 अप्रैल, 2006 को जारी अधिसूचना के तहत केन्द्र सरकार ने दुर्घटना की जाँच तथा प्रतिवेदन प्रस्तुति की अवधि 20 अक्तूबर, 2006 तक बढ़ा दी ।

1.2 जाँच न्यायालय

1.2.1 दिनांक 10 अप्रैल, 2004 को जाँच न्यायालय के अध्यक्ष ने उपरोक्त दुर्घटना से संबंधित विषय वस्तु की जानकारी या अभिरुचि रखने वाले आम लोगों से राजकीय नोटरी द्वारा साक्ष्यांकित तीन प्रतियों में शपथ-पत्र के माध्यम से साक्ष्य आमंत्रित करते हुए एक आम सूचना जारी की जिससे कि संबंधित समस्त उपलब्ध साक्ष्यों को 10 मई, 2004 तक एकत्र किया जा सके ।

1.2.1 शपथ-पत्र से संबंधित आम सूचना को विविध समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया, विस्तृत विवरण निम्नवत है :–

क्र.सं	समाचार पत्र का नाम	भाषा	प्रकाशन तिथि
1.	आंध्रप्रभा (हैदराबाद तथा करीमनगर से प्रकाशित)	तेलगु	09-04-2004
2.	वार्था (हैदराबाद से प्रकाशित)	तेलगु	09-04-2004
3.	आंध्र ज्योति (करीमनगर से प्रकाशित)	तेलगु	10-04-2004
4.	टाइम्स ऑफ इंडिया (हैदराबाद से प्रकाशित)	अंग्रेजी	10-04-2004
5.	सियासत (हैदराबाद से प्रकाशित)	उर्दू	10-04-2004
6.	डेक्कन क्रॉनिकल (हैदराबाद से से प्रकाशित)	अंग्रेजी	10-04-2004

उपरोक्त तिथि तक 11 (ग्यारह) शपथ-पत्र प्राप्त हुए थे । शपथ-पत्र फाइल करने वालों की सूची परिशिष्ट-III पर संलग्न है ।

1.2.3 विविध शपथ-पत्र इस प्रकार हैं :–

(i) श्री मिरयाला राजी रेड्डी, सुपुत्र चन्द्र रेड्डी केन्द्रीय उपाध्यक्ष, सिंगरेनी कोलियरी खान कर्मचारी संघ (टी आर एस), ने अपने शपथ-पत्र में बताया कि यह दुर्घटना मूलरूप से मेसर्स सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड के प्रबन्धन की लापरवाही के कारण घटी जिन्होंने सुरक्षा के उपायों को अपनाए बिना उत्पादन बढ़ाने में ज्यादा रूचि दिखाई । उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटना का कारण छत धँसान के लिए यथोचित उत्प्रेरित विस्फोट के प्रयोग में अक्षमता थी और यह कि प्रबंधन ने 2.0 मी. मी. से अधिक अभिसरण वाले क्षेत्र में कर्मचारियों को कार्य करने की अनुमति दी थी ।

(ii) श्री केंगरला मलैया, महासचिव, सिंगरेनी कोलियरीज खान कर्मचारी संघ (टी आर एस), ने अपने शपथ-पत्र में श्री एम. राजी रेड्डी द्वारा दर्शाये गए बिन्दुओं को ही दुहराया ।

(iii) श्री पी. गट्टैया, सचिव, बीएमएस, ने अपने शपथ-पत्र में बताया कि तिर्यक निष्कर्षण रेखा नहीं थी और यद्यपि छत से आवाजें आ रही थी फिर भी लोगों को कार्य करने की अनुमति दी गयी और यह भी कि नियमित रूप से उत्प्रेरक विस्फोट नहीं किया जा रहा था । उन्होंने प्रबंधन को उनकी लापरवाही तथा असुरक्षित परिस्थितियों में श्रमिकों को काम पर लगाने के लिए जिम्मेवार ठहराया ।

(iv) श्री रियाज अहमद, महासचिव, एचएमएस, ने अपने शपथ-पत्र में दावा किया कि दुर्घटना मैसर्स एस सी सी एल के प्रबन्धन-प्रणाली की विफलता के कारण घटी । उन्होंने यह भी बताया कि कोयले का निष्कर्षण, तिर्यक निष्कर्षण रेखा बनाते हुए, किया जाना चाहिए था ताकि "V" आकार की संरचना नहीं हो सके । उन्होंने यह भी बताया कि यद्यपि दुर्घटना स्थल पर लगातार आवाजें आ रहीं थी तथा आसन्न धँसान के संकेत लगातार मिल रहे थे तथापि ऐसी खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए श्रमिकों पर दबाव दिया गया था और ऐसी स्थिति में अभिसरण का परिवीक्षण नहीं किया जा रहा था तथा उत्प्रेरित विस्फोट भी नहीं किया गया था ।

(v) श्री बैराम शंकर, उपाध्यक्ष, टी एन टीयू सी, ने अपने शपथ-पत्र में दर्शाया कि उत्प्रेरित विस्फोट कर छत को नीचे गिराने में प्रबंधन असफल रहा था और छत उपसारी किए जाने का अनवरत परिवीक्षण नहीं किया गया था ।

(vi) श्री बी. जनक प्रसाद, महासचिव, इन्टक, ने अपने शपथ-पत्र में प्रबंधन को एक ही समय में कार्य यथा ड्रिलिंग, छत की जाँच, भराई तथा सपोर्टिंग कार्य किये जाने की अनुमति देने के लिए दोषी ठहराया है । उन्होंने यह भी बताया कि छत धँसने की आसन्न सम्भावनाओं के पुर्वानुमान के लिए अभिसरण अभिलेखी तथा लोड सेल जैसे वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग नहीं किया गया था । उन्होंने आगे बताया कि अनावृत क्षेत्र 90 वर्ग मी. की निर्धारित सीमा से कहीं ज्यादा था और पीलर निष्कर्षण कार्य विकर्ण रेखा में नहीं किया गया था । उन्होंने आगे उल्लेख किया कि यद्यपि आवाज तथा सपोर्ट पर भार पड़ने आदि से छत धँसान के संकेत मिल रहे थे किन्तु इसके बावजूद श्रमिकों को ऐसी खतरनाक परिस्थिति में काम करने दिया गया ।

(vii) श्री बी. बेंकटराव, कार्यकारी अध्यक्ष, इन्टक, ने अपने शपथ-पत्र में श्री बी. जनक प्रसाद, महासचिव, इन्टक, द्वारा उठायें गये मुद्दों का ही उल्लेख किया ।

(viii) श्री के. बालगोपाल, सदस्य राज्य कार्यकारिणी समिति मानवाधिकार मंच, ने बताया कि दुर्घटना के फौरन बाद ही

मानवाधिकार मंच की तथ्य अन्वेषण समिति ने कोलियरी का दौरा किया था और दुर्घटना में घायल लोगों से बात-चीत की थी । उन्होंने दुर्घटना के प्रथम कारण के अन्तर्गत पालियों के बीच समयान्तराल का होना दर्शाया है, जहाँ पूर्व पाली के उत्तराधिकारी पाली शुरू होने के दो घंटे उपरान्त कार्य-स्थल पर पहुँचते हैं, जिसके दौरान छत से आने वाली आवाजों का ठीक-ठीक पता नहीं चल पाता है, दुर्घटना का दूसरा कारण उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 100(1) के अन्तर्गत दिये गये अनुमति की शर्तों का पालन नहीं किया जाना बताया है तथा दुर्घटना का तीसरा कारण 55-1/2 लेवल पर स्थित कार्य-स्थल के ऊपर छत का अत्यधिक दबाव माना है जो कि फर्श में आए उभार (फ्लोर हीविंग) के रूप में प्रदर्शित था ।

(ix) श्री पी. वासुदेव राव, निदेशक (प्रचालन) तथा कोयला खान अधिनियम, 1952 की धारा 76 के तहत गोदावरीखनी इन्क्लाइन सं. 8 ए खदान के नामित मालिक ने अपने शपथ-पत्र में बताया कि खान अनुभवी खनन अभियंताओं तथा कर्मियों के प्रभार में था और सुरक्षित खनन प्रचालन के सभी उपाय अपनाये गये थे । तथापि उन्होंने व्यक्त किया कि इस विशेष मामले में डिपिलरिंग सहित पच्चीस साल के अनुभव वाले माइनिंग सरदार भी छत गिरने का पुर्वानुमान नहीं कर सके जिसके चलते वे समय पर कार्यरत व्यक्तियों को बाहर नहीं निकाल सके और इस तरह दुर्घटना घटी । उन्होंने आगे यह भी बताया कि खान में कार्यरत किसी भी व्यक्ति या प्रबंधन की ओर से कोई लापरवाही नहीं की गई थी, बल्कि दुर्घटना वैसे कारणों से घटी थी जो किसी के नियंत्रण से बाहर थी ।

(x) श्री डी. एल. आर. प्रसाद, ने कोयला खान अधिकारी संघ की एस सी सी एल शाखा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ की ओर से एक शपथ-पत्र प्रस्तुत किया है । उनका शपथ-पत्र करीब-करीब श्री पी. वासुदेव राव, निदेशक (प्रचालन) के शपथ-पत्र जैसा ही था सिवाय इसके कि उनके अनुसार गोफ में छत धँसान की घटना बिना किसी संकेत जैसे सपोर्ट पर भार या गोफ में बिना घर्घराहट की आवाज के हुई थी जैसा कि आम तौर पर गोफ में छत धँसने के समय होता है । हालाकि अन्त में उन्होंने यह बताया कि इस घटना में किसी व्यक्ति की कोई गलती नहीं थी और उन्होंने ऐसा अनुमान जताया कि उक्त घटना एक ईश्वरीय कार्य थी ।

(xi) श्री बी. रमेश कुमार, भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ की एस सी सी एल शाखा के उपाध्यक्ष, ने अपने शपथ-पत्र में श्री डी. एल. आर. प्रसाद द्वारा उठाये गये मुद्दों को ही दुहराया ।

1.3 निरीक्षण

दिनांक 28 अगस्त, 2004 को असेसर श्री ए.के. रूद्र, प्रबंधन तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय, दक्षिणी क्षेत्र, के प्रतिनिधियों के साथ गोदावरीखनी 8 ए इन्कलाइन खदान के सीमा संख्या 1 में पैनल सं. 46बी, जहाँ दुर्घटना घटी थी, का निरीक्षण किया । बाद में 1 दिसम्बर, 2004 को उन्होंने डिपिलरिंग के छत (चाल), काँती तथा फर्श के बर्ताव का अध्ययन करने के लिए पुन: उक्त पैनल का निरीक्षण किया जब राष्ट्रीय शैल यांत्रिकी संस्थान के वैज्ञानिक श्री वी.वेंकटेस्वरलू, खान सुरक्षा महानिदेशालय के श्री एम. नरसैय्या, खान सुरक्षा उप-निदेशक, महाप्रबंधक (कार्यवाहक), श्री एन्थोनी राजा, तत्कालीन अभिकर्ता श्री के. गुरूवैय्या, तथा श्री राजन्ना, सर्वेक्षक मौजूद थे । निरीक्षणों का विस्तृत प्रतिवेदन क्रमश: परिशिष्ट-IV तथा V के रूप में संलग्न है ।

1.4 कार्यविधि

1.4.1 यह निर्णय लिया गया कि साक्ष्य के रूप में लिखित शपथ-पत्र लिये जायेंगे तथा दूसरे पक्ष अभिसाक्षियों का प्रति-परीक्षण कर सकते हैं । सभी पक्षों को सूचित किया गया है कि यदि वे चाहें तो अपने प्रतिनिधित्व के लिए अधिवक्ताओं को नियुक्त कर सकते हैं । आगे यह भी सूचित किया गया कि अभिसाक्षियों के प्रति-परीक्षण के उपरान्त उनके गवाहों की जाँच की जा सकती है ।

1.4.2 आगे यह निर्णय लिया गया कि प्राप्त सभी 11 साक्ष्यों की प्रतियाँ सभी अभिसाक्षियों को उनके अवलोकन और यदि चाहें तो प्रति-परीक्षण के लिए सौंप दी जाएँ । मात्र तीन जवाबी शपथ-पत्र दायर किये गए । सभी अभिसाक्षियों तथा गवाहों का प्रति-परीक्षण किया गया । न्यायालय खा सु म नि को गवाहों व अभिसाक्षियों के प्रति-परीक्षण का निर्देश दिया ।

1.5 कार्यवाहियाँ

1.5.1 जाँच न्यायालय की पहली कार्यवाही दिनांक 2 जुलाई, 2004 को हुई । जाँच न्यायालय ने गोदावरीखनी 8 ए इन्कलाइन खदान में हुई दुर्घटना के सम्बन्ध में शपथ-पत्र प्रस्तुत करने वाले सभी अभिसाक्षियों को शपथ-पत्र की प्रतियाँ वितरित करने का निर्देश दिया । गवाहों की सूची तथा जवाब दाखिल करने के लिये 25 जुलाई, 2004 की तिथि निर्धारित की गई ।

1.5.2 25 जुलाई, 2004 को दस शपथ-पत्र प्राप्त हुए । जवाबी शपथ-पत्र तथा गवाहों की सूची, यदि कोई हो तो, दो सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करने को कहा गया और साक्ष्यों के लिए अगली तिथि 29 अगस्त 2004 निर्धारित की गई ।

1.5.3 दिनांक 29 अगस्त को सर्वश्री रियाज अहमद, पी. गट्टैय्या तथा के. मलैय्या द्वारा तीन आवेदन प्रस्तुत किये गये जिसमें कुछ खास अभिलेखों की प्रतियों की मांग की गयी थी । जाँच न्यायालय ने निर्देश दिया कि खान का नक्शा निरीक्षण हेतु प्रबंधन के कार्यालय में उपलब्ध कराई जाय तथा उसकी प्रति आवेदकों को देने की आवश्यकता नहीं है । आवेदन में उल्लेखित अन्य अभिलेखों की प्रतियाँ आवेदकों को दो सप्ताह के अन्दर देने का निर्देश दिया गया ।

1.5.4 पूर्व में प्राप्त दस शपथ-पत्रों के अतिरिक्त श्री बी. रमेश कुमार, उपाध्यक्ष, भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ, एस सी सी एल ने 29 अगस्त 2004 को एक और शपथ-पत्र प्रस्तुत किया । प्रबंधन तथा भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ, एस सी सी एल शाखा, के उपाध्यक्ष ने पूर्व में प्रस्तुत शपथ-पत्रों के जवाबी शपथ-पत्र प्रस्तुत किये । वैसे आवेदक जिन्होंने दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु आवेदन किया था, पुन: कहा कि वे दस्तावेजों का अवलोकन करने के उपरान्त जवाबी शपथ-पत्र प्रस्तुत करना चाहेंगे । जवाबी शपथ-पत्र प्रस्तुत करने हेतु दस्तावेजों की प्रतियाँ दिये जाने के पश्चात् दो सप्ताह का समय दिया गया ।

1.5.5 जाँच न्यायालय ने महसूस किया कि दुर्घटना के कारण संबन्धी उचित निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए न्यायालय के गवाह के रूप में शैल यांत्रिकी क्षेत्र के कुछ खास विशेषज्ञों से पूछताछ की जाये । खा सु म नि के अधिकारियों व प्रबंधन तथा श्रमिक संघ सहित उपस्थित होने वाले पक्षकारों को इस प्रकार के मार्ग अपनाये जाने पर कोई आपत्ति नहीं थी । अतएव न्यायालय ने निर्देश दिया कि केन्द्रीय खनन अनुसंधान संस्थान, धनबाद तथा राष्ट्रीय शैल यांत्रिकी संस्थान, कोलार को अपने विशेषज्ञ दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करने तथा प्रतिवेदन तैयार करने के लिये प्रतिनियुक्ति हेतु संदेश भेजा जाए । तदनुसार केन्द्रीय खनन अनुसंधान संस्थान, धनबाद तथा राष्ट्रीय शैल यांत्रिकी संस्थान, कोलार को सचिव, जाँच न्यायालय ने दिनांक 10 सितम्बर, 2004 को पत्र भेजा । इन विशेषज्ञों को दुर्घटना स्थल का दौरा कर अपने प्रतिवेदन के द्वारा न्यायालय को विशेषज्ञ सलाह देनी थी । प्रबंधन को निगमित कार्यालय तथा खदान में विशेषज्ञयों के आने की तिथि की सूचना चिपकाने का निर्देश दिया गया ताकि दौरे के क्रम में यदि कोई पक्ष, जिनमें संगठन,व्यक्ति, खा सु म नि अधिकारी तथा प्रबंधन शामिल थे, विशेषज्ञों के निरीक्षण में रुचि रखते हों तो उन्हें श्री एस.जे. सिब्बल, उप-महानिदेशक, दक्षिणी क्षेत्र हैदराबाद द्वारा निर्धारित तकनीकी संभवनाओं के आधार पर साथ रहने की अनुमति दी जा सकती थी । श्री सिब्बल को यह निर्णय लेने को कहा गया कि किन्हें खान में प्रवेश करने की अनुमति दी जाय । यह निर्णय लिया गया कि नियुक्त विशेषज्ञ सूचना मिलने के 15 दिनों के अन्दर न्यायालय को यह सूचित करेंगे कि उन्हें अपना काम पूरा करने में कितना समय लगेगा । प्रबंधन को विशेषज्ञों के खर्च वहन करने का आदेश दिया गया ।

1.5.6 19 नवम्बर, 2004 को पक्षकारों के अनुरोध पर न्यायालय को 19 दिसम्बर, 2004 तक के लिए स्थगित कर दिया गया । उस दिन शपथ-पत्र प्रस्तुत करने वाले सभी व्यक्तियों को प्रति-परीक्षण हेतु उपस्थित होने का आदेश दिया गया ।

1.5.7 दिनांक 19 दिसम्बर, 2004 को बुलाये गये साक्षीगण उपस्थित थे । सर्वश्री रियाज अहमद, पी. गटैय्या, के. बालगोपाल, एम. राजी रेड्डी, तथा के. मलैय्या, क्रमश: गवाह-1 से गवाह-5 से सुश्री उमा देवी, प्रबंधन वकील द्वारा पूछताछ की गयी । श्री बी. रमेश कुमार, उपाध्यक्ष भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ तथा श्री डी. एल.आर. प्रसाद अध्यक्ष सी एम ओ आई, गवाह के रूप में उपस्थित थे । प्रबंधन वकील इन दो गवाहों से प्रति-परीक्षण के लिए तैयार नहीं थी और उनके अनुरोध पर प्रति-परीक्षण हेतु 5 फरवरी, 2005 तक के लिए जाँच स्थगित कर दी गयी ।

1.5.8 दिनांक 5 फरवरी, 2005 को सर्वश्री बैराम शंकर, बी. जनक प्रसाद, डी.एल.आर. प्रसाद, डोंगला चन्द्रैय्या और कोम्मरैय्या, क्रमश: गवाह सं. 6 से गवाह सं. 10, से पूछताछ की गयी । प्रबंधन वकील ने श्री पी. वासुदेव राव, निदेशक (प्रचालन) तथा श्री बी. रमेश कुमार, उपाध्यक्ष, भारतीय कोयला खान अधिकारी संघ से पूछताछ हेतु समय के लिये अनुरोध किया और उनके अनुरोध पर न्यायालय को 5 मार्च, 2005 तक स्थगित कर दिया गया । अध्यक्ष के व्यस्त कार्यक्रम के कारण अगली तिथि 27 मार्च, 2005 रखी गयी ।

1.5.9 दिनांक 27 मार्च, 2005 को सर्वश्री मंडी लिंगैय्या, कोम्मु गटैय्या तथा वी. रजैय्या, गवाह सं. 11 से सं. 13, से प्रबंधन वकील द्वारा पूछताछ की गयी । प्रबंधन वकील ने सुनवाई की अगली तारीख पर कुछ अन्य गवाहों से पूछताछ हेतु समय की याचना की । उनके अनुरोध पर जाँच अगली, तिथि, जिसकी सूचना बाद में दी जानी थी, तक स्थगित कर दी गयी । सुनवाई की अगली तिथि, 10 जुलाई, 2005, के संदर्भ में सभी सम्बद्ध व्यक्तियों को उपस्थित होने संबंधित सूचना निर्गत की गयी ।

1.5.10 दिनांक 10 जुलाई 2005 को श्री शिवैया, माइनिंग सरदार (गवाह सं. 14) तथा श्री गुरूवैय्या, खान अभिकर्त्ता (गवाह सं. 15) से प्रबंधन वकील द्वारा पूछताछ की गयी । जाँच न्यायालय ने सभी संबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया कि वे विशेषज्ञ जिन्हें दुर्घटना स्थल का निरीक्षण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था, वे संभवत: पन्द्रह दिनों के अन्दर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने वाले थे और प्राप्त होने के उपरान्त उनकी प्रतियाँ सभी संबंद्ध पक्षों को, प्राप्ति तिथि से दो सप्ताह के अन्दर किसी भी तरह की अनापत्ति प्रस्तुत करने के लिए परिचालित की जाएंगी । इस बीच जाँच न्यायालय कंपनी के गवाहों तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय से पूछताछ करेगी प्रतिवेदन तैयार करने वाले विशेषज्ञों से पूछताछ करने के इच्छुक व्यक्ति अपनी अनापत्ति के साथ आवेदन देंगे । न्यायालय 4 सितम्बर, 2005 तक स्थगित कर दी गई ।

1.5.11 दिनांक 4 सितम्बर, 2005 को श्री के. गुरूवैय्या अभिकर्त्ता, गोदावरीखनी 8 ए इन्कलाइन खदान, जिनसे 10 जुलाई, 2005 को पूछताछ की गयी थी, को पुन: प्रति-परीक्षण के लिए बुलाया गया । श्री ए, वहीद, खान सुरक्षा निदेशक (क्षेत्रीय खान निरीक्षक भी), श्री डी. एल. आर. प्रसाद तथा श्री बालगोपाल द्वारा श्री गुरूवैय्या का प्रति-परीक्षण किया गया । न्यायालय ने कुछ खास स्पष्टीकरण की मांग की । श्री पी. वासुदेव राव (गवाह सं. 16) से भी श्री के. बालगोपाल द्वारा पूछताछ की गयी और सर्वश्री ए, वहीद, रियाज अहमद तथा बी. जनक प्रसाद द्वारा प्रति-परीक्षण किया गया । आगे उनका प्रति-परीक्षण श्री ए, के. रूद्र असेसर, तथा जाँच न्यायालय के अध्यक्ष द्वारा किया गया ।

सर्वश्री पी. थिप्पा रेड्डी, आवरमैन (गवाह सं. 17), अमजद हुसैन, माइनिंग सरदार (गवाह सं. 18) एवं श्री एन. प्रभाकर राव, महाप्रबंधक क्षेत्र सं. II (गवाह सं. 19), जिन्हें न्यायालय के गवाह के रूप में आहूत किया गया था, से असेसर, श्री ए, के. रूद्र, द्वारा पूछताछ की गयी तथा श्री ए, वहीद तथा यूनियन के अन्य प्रतिनिधियों द्वारा प्रति-परीक्षण किया गया । दुर्घटना के तत्काल बाद सर्वश्री पी. थिप्पा रेड्डी तथा अमजद हुसैन का श्री ए, वहीद, क्षेत्रीय खान निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत किये गये मूल बयान को प्रदर्श सी 1 तथा प्रदर्श सी 2 के रूप में प्रलेखित किया गया । श्री पी. थिप्पा रेड्डी, के बयान भी प्रदर्श सी 3 (परिशिष्ट VI) के रूप में अंकित किया गया है ।

इस दिन माननीय जाँच न्यायालय के निर्देशानुसार श्री पी. वासुदेव, निदेशक (प्रचालन) ने दिनांक 4-9-2005 के पत्र सं.

आरजी 2/सीओआई/8ए/05/163 के तहत निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किये :–

(i) गोदावरीखनी 8ए इन्कलाइन खदान के सीम सं. 1 के भूमिगत मापचित्र की सीम सं. 3 (टॉप तथा बॉटम सेक्शन) के भूमिगत मापचित्र तथा गोदावरीखनी 8ए इन्कलाइन के सीम सं. 4 का भूमिगत मापचित्र की प्रतियाँ ।

(ii) पैनल 46-बी का अंतर्लम्ब (ऑफसेट) मापचित्र की प्रति ।

(iii) 46-बी पैनल के समीपस्थ 46ए पैनल का अंतर्लम्ब (ऑफसेट) मापचित्र की प्रति ।

(iv) भू-धँसान मापचित्र की प्रति तथा पैनल सं. 46बी व समीपस्थ पैनल 46-ए का भू-धँसान अभिलेख की प्रति ।

(v) पैनल सं. 46-बी व समीपस्थ पैनल 46-ए में हुए छत गिरने की घटनाओं के अभिलेख व विस्तृत विवरण की प्रति।

(vi) पैनल 46-बी तथा समीपस्थ पैनल सं. 44, 43, 42 तथा 41 के अभिसरण माप अभिलेख की प्रति (पैनल 46ए का अभिसरण प्रस्तुत नहीं किया गया)।

(vii) पैनल सं. 46 बी में उत्प्रेरित धँसान के लिये विस्फोट को प्रदर्शित करने वाले अभिलेख की प्रति।

न्यायालय की कार्यवाही इस निर्देश के साथ स्थगित कर दी गई कि अगली तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी तथा बाद में अगली सुनवाई की तिथि 16 नवम्बर, 2005 के लिये सूचना जारी की गई।

1.5.12 16 नवम्बर, 2005 को जाँच न्यायालय ने सर्वश्री एम. राजामल्लू, टिम्बरमैन, पी. चन्द्रैय्या, शॉटफायरर, यू. राजामलैय्या, शॉटफायरर, रजब अली, माइनिंग सरदार, एन. रामुलु, ओवरमैन और शंकराचारी, ओवरमैन, गवाह सं. 20 से गवाह सं. 25 से पूछताछ की। श्री ए. वहीद, क्षेत्रीय खान निरीक्षक, ने अपनी जाँच के दौरान दुर्घटना के तत्काल बाद अभिलेखित उपरोक्त व्यक्तियों के साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इन बयानों को प्रदर्श सी-4 से प्रदर्श सी-8 (परिशिष्ट vi) के रूप में अंकित किया गया। माननीय न्यायालय ने श्री जे. राजन्ना, सर्वेक्षक, को पूछताछ के लिए सम्मन भेजा किन्तु वे उपलब्ध नहीं थे। माननीय न्यायालय ने निर्देश दिया कि उन्हें अन्य गवाहों के साथ अगली सुनवाई की तिथि दिनांक 4 दिसम्बर, 2005 को उपस्थित होने के लिए सम्मन जारी किया जाए।

1.5.13 दिनांक 4 दिसम्बर, 2005 को न्यायालय के गवाह (गवाह सं. 26 से 28) श्री एम. श्रीनिवास, सामान्य मजदूर, जे. रजन्ना, सर्वेक्षक तथा पी. एस. रंगा रेड्डी, अवर प्रबंधक, से न्यायालय द्वारा पूछताछ की गयी तथा निम्नांकित कागजात को प्रदर्श सी-10 से सी-12 (परिशिष्ट vi) के रूप में अंकित किये गये।

(i) श्री पनीयाला श्री रंगा रेड्डी, अवर प्रबंधक का बयान (प्रदर्श सी-10)।

(ii) ओवरमैन का दैनिक प्रतिवेदन पुस्तिका (प्रदर्श सी-11)।

(iii) प्रदर्श सी-10 का पृष्ठ सं. 5 (प्रदर्श सी-12)।

अगली तिथि 1 जनवरी, 2006 निर्धारित की गई। तथापि अध्यक्ष के व्यस्त कार्यक्रम के कारण इस तिथि को 22 जनवरी, 2006 तक के लिये आगे बढ़ा दिया गया।

1.5.14 दिनांक 22 जनवरी, 2006 को सर्वश्री सी.एच. दयानन्द, सुरक्षा अधिकारी, एम. नरसिम्हास्वामी, अवर प्रबंधक तथा एन. यादागिरी, अवर प्रबंधक, सत्यनारायणा, सर्वेक्षक, गवाह सं. 29 से गवाह सं. 32 से पूछताछ की गयी और प्रदर्श सी-13 से प्रदर्श सी-16 (परिशिष्ट-vi) अंकित किये गये। अगली तिथि 12 फरवरी, 2006 निर्धारित की गई।

1.5.15 दिनांक 12 फरवरी, 2006 को सर्वश्री एम. श्री हरि, प्रबंधक, के करुणाकर, गोदावरीखनी 5 ए इन्कलाइन के प्रबन्धक, व रमेश राव, गोदावरीखनी 8 ए इन्कलाइन के प्रबंधक (16-10-2000 से 16-4-2000 तक) तथा ए. वहीद (गवाह सं. 33 से गवाह सं. 36) से न्यायालय ने पूछ-ताछ की और प्रदर्श सी-17 से सी-22 (परिशिष्ट vi) के रूप में अंकित किये गये । अगली तिथि 5 मार्च, 2006 निर्धारित की गई।

1.5.16 दिनांक 5 मार्च, 2006 को सर्वश्री एम. नरसैय्या, खान सुरक्षा डेप-निदेशक तथा टी. एस. शर्मा, सर्वेक्षक, खा सु म नि-दक्षिणी क्षेत्र क्रमशः गवाह सं. 37 व गवाह सं. 38, से पूछताछ की गयी और प्रदर्श सी-23 से प्रदर्श सी-25 के रूप में अंकित किये गये (परिशिष्ट vi)। श्री ए. वहीद, खान सुरक्षा निदेशक जिनसे 12 फरवरी, 2006 को पूछताछ की गयी थी, को पुनः बुलाया गया तथा प्रबंधन के वकील तथा अन्य श्रमिक संगठन के सदस्यों द्वारा प्रति-परीक्षण किया गया।

1.5.17 सभी को सूचित किया गया कि यदि प्रबंधन लिखित दलील प्रस्तुत करना चाहता है तो वे अन्य श्रमिक संगठन सदस्यों, जो अपनी दलील 7 अप्रैल, 2006 तक प्रस्तुत कर सकते हैं, को अग्रिम प्रति देते हुए 29 मार्च, 2006 तक ऐसा कर सकता है। अंतिम बहस के लिए मामले की तिथि 9 अप्रैल, 2006 निर्धारित की गयी। हालाँकि इस तिथि को भी 16 अप्रैल, 2006 तक के लिये पुनः स्थगित कर दिया गया।

1.5.18 दिनांक 16 अप्रैल, 2006 को श्री रियाज अहमद तथा श्री बी. वेंकट राव ने अपना लिखित दलीलें प्रस्तुत करने

के लिए दो सप्ताह का समय मांगा और जिसे स्वीकार किया गया। लिखित दलील प्रबंधन, भा. को. खा.अ. सं. (एस सी सी एल शाखा) तथा भारतीय मजदूर संघ की ओर से प्रस्तुत किये गये। मानवाधिकार मंच के महासचिव ने भी लिखित दलील प्रस्तुत की। कोई भी पक्ष अपने मामले पर मौखिक बहस नहीं करना चाहती थी। प्रबंधन को, यदि वे चाहें तो, अन्य द्वारा प्रस्तुत लिखित दलीलों पर प्रत्युत्तर देने को कहा गया।

जाँच न्यायालय ने घोषणा की कि अब आगे कोई सुनवाई नहीं होगी।

अध्याय-II

सामान्य सूचना

2.1 स्थान निर्धारण :

2.1.1 गोदावरीखनी नं. 8 ए इन्क्लाइन खान रामागुन्डम रेलवे स्टेशन (चेन्नई-दिल्ली मार्ग) से करीब 25 कि.मी. की दूरी पर और करीमनगर जिला मुख्यालय से लगभग 75 कि.मी. की दूरी पर अवस्थित है। यह भारतीय सर्वेक्षण के टोपोसीट संख्या 56 एन/10 के एक भाग के रूप में 18° 35' से 18° 50' अक्षांश तथा 79° 28' से 79° 35' देशान्तर के मध्य स्थित है। इसका खनन क्षेत्र रामागुन्डम क्षेत्र संख्या-II (आर जी-II) के एक भाग के रूप में 4.89 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला है, जो कि दक्षिणी गोदावरी खनन पट्टा का एक भाग है जिसका खनन अधिकार सिंगरेनी कोलियरी कम्पनी लिमिटेड के पास है।

2.1.2 रामागुन्डम (गोदावरीखनी) कोयला पट्टी दक्षिणी गोदावरी कोयला क्षेत्र का एक भाग है और यह गोदावरी नदी तथा उसकी एक सहायक नदी, मनेरु, के बीच अवस्थित है। इस कोयला क्षेत्र में खनन कार्य वर्ष 1959 के आस-पास आरम्भ हुआ और वर्तमान में 21 भूमिगत खानों तथा 4 पोखरिया खानों में उत्पदान चालू है। रामागुन्डम परिक्षेत्र को 5 परिचालन क्षेत्रों आर जी I, आर जी II, आर जी III, आर जी IV, आर जी V तथा भूपालपल्ली क्षेत्र में विभाजित किया गया है ।

2.1.3 रामागुन्डम क्षेत्र संख्या-II (आर जी-II) में 5 भूमिगत खानें शामिल हैं, सभी में बोर्ड तथा पिलर पद्धति द्वारा कार्य किया जा रहा है । इनमें से केवल जी डी के-8 ए इन्क्लाइन खान में परंपरागत हस्तचालित खंड है और शेष खानें अर्द्धयंत्रीकृत तथा यंत्रीकृत कार्य-स्थलों जैसे लाँगवाल व ब्लास्टिंग गैलरी पद्धति का सम्मिश्रण है।

2.2 खान का इतिहास :

जी डी के-8 ए इन्क्लाइन खान को वर्ष 1975 में आरम्भ किया गया था और इसमें कोयले का उत्पादन वर्ष 1977 के दौरान आरम्भ हुआ था।

2.3 स्वामित्व :

वर्ष 1871 में डॉ. विलियम किंग द्वारा खोज किए जाने के उपरान्त इंग्लैन्ड में निगमित हैदराबाद डेक्कन कम्पनी द्वारा वर्ष 1886 में खम्मम जिले के येलेन्दु में कोयला दोहन का खनन अधिकार हासिल किया गया था। कोयला उत्पादन का कार्य वर्ष 1889 में शुरू किया गया। वर्ष 1921 में एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रूप में बदले जाने पर येलेन्दु के निकट स्थित सिंगरेनी नामक गाँव के नाम पर इसका नाम बदलकार सिंगरेनी कोलयरीज कम्पनी लिमिटेड रखा गया। उस समय हैदराबाद के निजाम ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज से शेयर खरीदकर एक न्यास निधि (ट्रस्ट फण्ड) के माध्यम से इस कम्पनी को सरकारी नियंत्रण के अधीन कर दिया। अब यह कम्पनी आंध्रप्रदेश सरकार तथा भारत सरकार का एक संयुक्त उपक्रम है, इसके शेयरों का एक छोटा-सा हिस्सा निजी धारकों के पास भी है। इसका प्रबंधन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष सह प्रबन्ध निदेशक, श्री आर.एच. ख्वाजा, भ.प्र.से., की अध्यक्षता में एक निदेशक मंडल द्वारा की जा रही है। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को उनके दैनिक प्रशासन में चार कार्यकारी निदेशक यथा निदेशक प्रचालन (ओ), निदेशक प्लानिंग एवं प्रोजेक्ट (पी एण्ड पी) निदेशक वित्त (एफ) और निदेशक कार्मिक, प्रशासन तथा कल्याण (पी ए डब्ल्यू) सहायता प्रदान करते हैं ।

गोदावरीखनी संख्या 8 ए इन्क्लाइन खान मैसर्स सिंगरेनी कालियरी कम्पनी लिमिटेड की 66 खानों में से एक है और खान अधिनियम, 1952 की धारा 76 के अन्तर्गत श्री पी. वासुदेव राव, निदेशक (प्रचालन), को खान के मालिक के रूप में नामित किया गया था।

2.4 प्रबंधन :

2.4.1 कम्पनी का संगठनात्मक स्वरूप अनुलग्नक-VIII में दिया गया है, तथापि दुर्घटना के समय स्थानीय प्रबंधन का विवरण निम्नांकित है :-

2.4.2 खनन अभियांत्रिकी में स्नातक तथा प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक का सक्षमता प्रमाण-पत्र (कोयला) धारण करने वाले श्री एन. प्रभाकर राव, रामागुन्डम क्षेत्र संख्या-II (आर.जी-II एरिया) के महाप्रबंधक थे। वे कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 8 ए के अन्तर्गत 8 ए इनक्लाइन खान के मानित अभिकर्ता भी थे।

2.4.3 श्री के. गुरुवैय्या, प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक का सक्षमता प्रमाण-पत्र (कोयला) धारी, खान के अभिकर्ता थे। वे गोदावरीखनी 8 इन्क्लाइन खान के भी अभिकर्ता थे।

2.4.4 श्री एम. श्रीहरि, प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक सक्षमता प्रमाण-पत्र (कोयला) धारी, इस खान के प्रबंधक थे। श्री सी. एच दयानन्द, प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक सक्षमता प्रमाण-पत्र (कोयला) धारी, इस खान के सुरक्षा

अधिकारी थे। श्री ख्वाजा मुईनुद्दीन, द्वितीय श्रेणी खान प्रबंधक सक्षमता प्रमाण-पत्र (कोवला) धारी, संवातन अधिकारी थे और सर्व श्री एन. यादागिरी, पी.एस. रंगारेड्डी, एम. नरसिम्हास्वामी और एम. रामुडु सभी द्वितीय श्रेणी खान प्रबंधक सक्षमता प्रमाण-पत्र धारी, उक्त खान के अवर प्रबंधक थे। सर्वेक्षक सक्षमता प्रमाण-पत्र धारी, श्री राजन्ना और श्री एम.आर.एम. चारी खान सर्वेक्षक थे। प्रबंधक के सहायतार्थ दो कोलियरी अभियंता यथा-सर्व श्री नरसिंगा राव तथा श्री बी.बी. झा और कल्याण अधिकारी श्री टी. सूर्यनारायण भी थे। खान के सामान्य पर्यवेक्षण के लिए 13 ओवरमैन तथा 25 सरदारों की नियुक्ति की गई थी।

2.4.5 खान से प्रतिदिन औसतन 875 टन कोयला का उत्पादन हो रहा था। खान में औसत नियोजन 1259 व्यक्तियों का था, इनमें सतह के नीचे काम करने वाले 1120 व्यक्ति शामिल हैं। खान में 8 घंटे की अवधि के तीन पालियों में काम चल रहा था। प्रथम पाली 7 बजे सुबह से आरम्भ होती थी। शनिवार साप्ताहिक विश्राम का दिन होता है।

2.5 भू-विज्ञान

खनन भू-भाग दक्षिणी गोदावरी खनन पट्टा, जिसका खनन अधिकार सिंगरेनी कोलियरी कम्पनी लिमिटेड के पास है, का एक हिस्सा है यह 4.89 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला है। कोयले के संस्तर 8 में 1 की दर से झुकी हुई हैं। झुकाव की दिशा में चारों ओर काफी कोयला (डिपोजिट) फैला है। झुकाव की दिशा उत्तर 84° 30' पूर्व की ओर है। खनन पट्टा क्षेत्र में आड़े-तिरछे 5 मुख्य भ्रंश (मेनफाल्ट) हैं (कुल 9 भ्रंश हैं) जो पूरी संपदा से होकर गुरजते हैं तथा ये संपूर्ण पट्टा क्षेत्र को 5 खण्डों में विभाजित करते हैं।

1. दक्षिणी राइज खण्ड
2. मध्य खण्ड
3. दक्षिणी डिप खण्ड
4. उत्तरी राइज खण्ड
5. उत्तरी डिप खण्ड

भ्रंश-एफ 1 : यह दक्षिण-पूर्व दिशा में 26 मी. (राइज की तरफ) से 22 मी. (डिप की तरफ) के परिवर्तनशील प्रक्षेपन (थ्रो) के साथ पट्टा भूमि की लम्बाई में लगभग संपदा में तिरछा गुजरता है।

इसने मुख्य इन्क्लाइन को जारी रखने में व्यवधान पैदा किया जिसके कारण 14 एल एस एवं 13 एल एस के साथ-साथ भूमिगत सुंरग बनाई गई।

भ्रंश-एफ 1 : सबसे उपरी भाग (राइज मोस्ट पैच) को उत्तरी राइज खण्ड, मध्य खण्ड और दक्षिणी डिप खण्ड से पृथक कर रहा है।

भ्रंश-एफ 2 : यह 7.5 मी. का एक डाउन थ्रो फाल्ट है जो पूरी तरह राइज/डिप की दिशा में गुजरता है और मध्य खण्ड को दक्षिणी डिप खण्ड से पृथक करता है।

भ्रंश-एफ 3 : 13 मी. (राइज साइड) से 10 मीटर (डिप साइड) तक के बदलते थ्रो वाला यह भ्रंश अधिकांशत: राइज/डिप की दिशा के सामानान्तर होकर गुजरता है और मध्य खण्ड को उत्तरी राइज खण्ड तथा उत्तरी डिप खण्ड से पृथक करता है।

भ्रंश-एफ 4 : मध्य खण्ड के उत्तरी डिप कोने पर दक्षिण-पूर्व दिशा में एक 10 मीटर का डाउन थ्रो भ्रंश है।

भ्रंश-एफ 5 एवं एफ 6 : 12 मी. (राइज साइड) से 5 मी. (डिप साइड) तक बदलते थ्रो वाला एक भ्रंश है। यह उत्तरी सीमा के लगभग सामानान्तर और उत्तरी राइज खण्ड के गिर्द गुजरती है जो उत्तरी खण्ड को दो भागों में विभाजित करता है।

भ्रंश-एफ 7 : यह 'जे' आकार वाली 3 मी. थ्रो की एक भ्रंश रेखा है। जिसके कारण उत्तरी राइज खण्ड और उत्तरी डिप खण्ड के मध्य एक छोटा सा खण्ड (पैच) बना है।

भ्रंश-एफ 8 : छोटे थ्रो (0.5 से 1.5 मी.) वाला भ्रंश उत्तरी डिप खण्ड में डिप के सामानान्तर है।

भ्रंश-एफ 9 : लगभग 100 मीटर अप थ्रो वाला भ्रंश जो जी डी के नं. 9 इन्क्लाइन की दक्षिणी सीमा के लगभग सामानान्तर है।

2.6 प्रविष्टियाँ:

कोयला सीमों में प्रवेश के लिए ढलवाँ सुरंगों का प्रयोग किया जाता था। वहाँ पर तीन निर्गम मार्ग (आउटलेट) जैसा कि मुख्य इन्क्लाइन, वायु प्रवेश मार्ग (इन्टेक एयरवेज) के रूप में (मैनवे) मानव-मार्ग इन्क्लाइन और वहिर्गामी वायु मार्ग (रिटर्न एयर वे) के रूप में वायु-कूपक है। संपदा के दक्षिणी भाग के ऊपर अवस्थित कम्पनी के बारूद-घर के सिवाय कोई भी सतही संरचना खान क्षेत्र के ऊपर विद्यमान नहीं है। कोयले का निष्कर्षण बोर्ड एवं पीलर पद्धति से किया जा रहा है। कोयला प्राप्त करने के लिए विस्फोटक प्रयोग में लाए जा रहे हैं।

2.7 खनन कार्य-स्थल :

2.7.1 जी डी के 6 बी इन्क्लाइन और आर जी-ओ सी III खानें, इस खान के उत्तरी ओर अवस्थित हैं जबकि जी

डी के-9 इन्क्लाइन खान दक्षिणी सीमा पर है। पूर्वी सीमा के परे जल्लाराम-कूपक ब्लॉक में कार्य किया जाना प्रस्तावित है और खान के पश्चिम दिशा में कोई अन्य खान अवस्थित नहीं है।

2.7.2 खान के पट्टा क्षेत्र में पाँच कोयला सीमें हैं जो कि अवरोही क्रम में नं. 1, नं. 2, नं. 3ए, नं. 3 और नं. 4 हैं। इनमें से सीम नं. 2 तथा नं. 3ए सीमों में अविक्रेयता के कारण कार्य नहीं किया गया था। सीम नं. 1 तथा सीम नं. 2 में गोदावरीखनी नं. 8ए इन्क्लाइन खान द्वारा काम किया जाता है। इन दो सीमों में से केवल सीम नं. 1 में कार्य किया जा रहा था। नीचे स्थित सीम नं. 3 और सीम नं. 4 में जी डी के नं. 8 इन्क्लाइन खान द्वारा कार्य किया जा रहा था। सीमे उ. 84° 30' पू. दिशा में 11 में 1 की दर से झुकी थी।

2.7.3 बोर छिद्र संख्या-118 के पास कार्य-स्थलों की स्थिति सहित संस्तर (स्ट्राटा) काट

3.55 मी		सतही मिट्टी
88.09 मी.		बलुआ पत्थर
1.22 मी	////////	कोयला और चिकनी मिट्टी तथा बलुआ पत्थर
23.43 मी.		बलुआ पत्थर
6.09 मी.	*****	कोयला-सीम नं.1 4.5 मीटर की ऊँचाई तक निष्कर्षण किया जा रहा था।
14.63 मी		बलुआ पत्थर
7.01 मी.	ooooo	स्लेटी पत्थर एवं कोयला-सीम नं. 2 अविक्रेय
17.37 मी.		धूसर बलुआ पत्थर
9.75 मी.	☺ ☺ ☺	कोयला एवं स्लेटी पत्थर
12.50 मी		बलुआ पत्थर
1.53 मी.	♣♣♣	कोयला-सीम नं. 3ए-अक्षत-अविक्रेय
2.13 मी.		बलुआ पत्थर
9.44 मी.	■■■	कोयला-सीम नं. 3-विकसित और दो खण्डों में पीलरों पर खड़ा यथा ऊपरी तथा निचली खण्ड।
6.71 मी.		बलुआ पत्थर
3.66 मी.	☼☼☼	कोयला-सीम नं. 4-विकसित

तथा पीलरों पर खड़ा।

2.7.4 लगभग 6 मीटर मोटी सीम नं. 1 को छत के साथ-साथ 2.4 मी. से 2.7 मी. तक के खण्ड (सेक्सन) में बाकी कोयला तली में छोड़ते हुए विकसित किया गया था। इस सीम में छत से लगभग 3 मी. नीचे 0.3 मी. मोटी चिकनी मिट्टी की एक पट्टी (बैण्ड) मौजूद थी। इसे पाम्परिक बोर्ड एवं पिलर पद्धति में व्यापक रूप से विकसित किया गया था और उक्त दुर्घटना के समय परम्परागत केविंग विधि द्वारा पिलरों का निष्कर्षण किया जा रहा था। दुर्घटना होने तक इस खान में 40 पैनलों का केविंग विधि से निष्कर्षण करके उन्हें सील कर दिया गया था। दुर्घटना के दिन तीन डिपिलरिंग पैनलों, यथा उत्तर की ओर पैनल संख्या 21 तथा दक्षिण की ओर पैनल संख्या 47ए और 46बी में कार्य किया जा रहा था। दुर्घटना सीम नं. 1 के डिपिलरिंग पैनल संख्या 46बी में 9 डिप के 55 ½ एल एस की प्रथम डिप स्लाइस में घटित हुई थी।

2.7.5 पैनल 46 बी के समीपस्थ पैनल 46 ए में दिनांक 10-4-2003 को खनन कार्य आरम्भ किया गया और उसे दिनांक 30-9-2003 को सील कर दिया गया था। इस पैनल में 13 डिप से 18 डिप के बीच 57 एल से 51 एल तक 30 पीलरों का निष्कर्षण किया गया था। पिलरों का अधिकतम एवं न्यूनतम आकार क्रमशः 26 मी. × 32 मी. और 23 मी. × 24 मी. था। गैलरियों की ऊँचाई 2.2 मी. से 2.8 मी. के बीच थी, जबकि गैलरियों की अधिकतम व न्यूनतम चौड़ाई क्रमशः 4.5 मी. और 3.5 मी. थी। पैनल का आकार डिप तथा स्ट्राइक की दिशा में क्रमशः 254 मी. और 166 मी. था। आवरण (कवर) की गहराई 151 मी. से 127 मी. के बीच थी।

2.7.6 46 बी पैनल, जिसमें 24 पिलर थे, का विकास आठ वर्ष पूर्व किया गया था और वह 8 डिप से 12 डिप के बीच 57 एल से 51 एल तक फैला था। पिलरों का अधिकतम एवं न्यूनतम आकार क्रमशः 26 × 32 मी. और 23 मी. × 24 मी. था। गैलरियों की ऊँचाई 2.2 मी. से 2.8 मी. के बीच और चौड़ाई 3.5 मी. से 4.5 मी. के बीच थी। पैनल का आकार स्ट्राइक दिशा में 100 मी. तथा डिप की दिशा में 156 मी. तक विस्तारित था। पैनल के ऊपर आवरण की गहराई 151 मी. से 127 मी. के बीच थी। इस पैनल में मुख्य हॉलेज 9 वे डिप में था। दुर्घटना के दिन निम्नलिखित स्लाइसों का निष्कर्षण किया जा रहा था :

(i) 9 डिप के 55 ½ एल एस की प्रथम स्लाइस

(ii) 10 डिप के 54 एल एस की प्रथम स्लाइस

(iii) 11 डिप के 53 ½ एल एस की द्वितीय स्लाइस

55 ½ एल एस, 54 एल एस और 53½ एल एस में टबों में कोयले की भराई की जा रही थी।

अध्याय-III

वैधानिक प्रावधान

3.1 कोयला खान विनियम, 1957 का विनियम 100 डीपिलरिंग प्रक्रियाओं के लिए विभिन्न शर्तें लगाता है ।

उस विनियम (1) के अन्तर्गत, प्रबंधन को पिलरों को निष्कर्षण करने के लिए क्षेत्रीय खान निरीक्षक से अनुमति प्राप्त करनी होती है । पैनल संख्या 46 (ए+बी) और 47 (ए+बी) से कोयला निष्कर्षण करने के लिए खा सु म नि के दिनांक 8 अप्रैल, 2003 के पत्र संख्या 111/010054/पर्म/2002/637 द्वारा कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 100(1) के अन्तर्गत अनुमति दी गई थी । अनुमति पत्र की महत्वपूर्ण शर्तें निम्नलिखित हैं :

निष्कर्षण के निम्नलिखित तरीके को अनुमति दी गई थी :–

(क) प्रत्येक पिलर को लेवल विभंजक (स्प्लिट), 4.2 मी. से अधिक चौड़ा नहीं, चलाकर दो समान भागों में विभानित किया जाएगा । इस प्रकार बने पिलर के प्रत्येक आधे भाग का निष्कर्षण गोफ के विरुद्ध कम से कम 2.4 मी. मोटी कोयले की एक पट्टी (रिब) छोड़ते हुए गोप की ओर डिप स्लाइस, 4.0 मी. से अधिक चौड़ा नहीं, चलाकर की जाएगी । कोयले की इन पट्टियों को स्लाइसों के वापस जाते समय विवेकपूर्वक कम किया जा सकता है ।

(ख) उपर्युक्त प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक आधे पिलर में स्लाइसों की संख्या तथा उनकी चौड़ाई को इस प्रकार समयोजित किया जाएगा कि अंतिम (सबसे बाहरी) स्लाइस को चलाते समय निकटवर्ती मूल गैलरी के विरुद्ध भी कम से कम 2.0 मी. चौड़ी कोयले की एक पट्टी (रिब) बची रहे । कोयले की इस पट्टी को मूल गैलरी से वापस जाते समय विवेकपूर्वक कम किया जा सकता है ।

(ग) स्लाइस चलाने/निष्कर्षण का कार्य तब तक आरम्भ नहीं किया जाएगा जब तक कि भीतरी इन-बाई) स्लाइस के निष्कर्षण का कार्य पूरा न हो गया हो और गोफ किनारे पर सपोर्ट खड़े न कर दिये गये हों ।

(घ) उपर्युक्त के बावजूद, किसी भी समय किसी भी स्थान पर 90 वर्ग मी. से अधिक क्षेत्र को अनावृत नहीं किया जाएगा ।

(ङ) किसी भी समय एक पिलर में एक से अधिक स्लाइस का निष्कर्षण नहीं किया जाएगा और किसी पिलर के दूसरे आधे भाग का निष्कर्षण तब तक आरम्भ नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके निकटवर्ती भीतरी आधे पिलर का निष्कर्षण का कार्य पूरा न हो गया हो ।

(च) निष्कर्षण की ऊँचाई 3.6 मी. तक सीमित होगी ।

(छ) स्पलिट और मूल गैलरियों को गहरा करने का कार्य स्लाइस के ठीक बाहर से आरम्भ होगा और मुँहानों (जक्सनों) पर ऋगार बनने से रोका जाएगा । सीम के निष्कर्षण के लिए अनुमत मोटाई (ऊँचाई) एक ही प्रक्रिया में ली जाएगी ।

(ज) पिलर निष्कर्षण का कार्य डिप/निचले/भीतरी सिरे से आरम्भ किया जाएगा और सुव्यवस्थित तरीके से ऊपरी/बाहरी सिरे तक कार्य-स्थलों (फेस) की विकर्ण रेखा बनाते हुए आगे बढ़ेगा और निष्कर्षण रेखा (लाइन) में "V" की आकृति नहीं बनने दी जाएगी ।

8 अप्रैल, 2003 के अनुमति पत्र संख्या-111/010054/पर्म/2002/637 में अन्य सुसंगत शर्तें निम्नलिखित थी :

(झ) विनियम 100(5) के साथ पठित इस महानिदेशालय के तकनीकी परिपत्र संख्या-2 वर्ष 1988 जो कि गोफ में छत के खतरनाक ओभर हैमिंग के कारण होने वाले वायु विस्फोट की संभावना से उत्पन्न खतरों को कम करने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों और केविंग को उत्प्रेरत करने के लिए व्यवहार संहिता (कोड ऑफ प्रेक्टिस) बनाए जाने और उसे लागू किए जाने के संबंध में है । उपरोक्त की एक प्रति इस निदेशालय को प्रस्तुत की जाएगी ।

(ञ) संसक्त प्रदेश (अबटमेंट जोन) में सभी मूल जंक्शनों में अभिसरण (कनवरजेन्स) रिकार्डिंग स्टेशनों की संस्थापना की जाएगी । अभिसरण रिकार्डिंग स्टेशनों की परिवीक्षण (मानीटरिंग) का कार्य प्रत्येक पाली में प्रबंधक द्वारा विधिवत् प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जाएगा और इन मापों को आबद्ध पृष्ठांकित पुस्तक में अभिलेखित (रिकार्ड) किया जाएगा तथा इसे प्रतिदिन पाली के अवर प्रबंधक एवं प्रभारी सहायक प्रबंधक द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित किया जाएगा । यदि अभिसरण की दर 2.0 मि.मी. प्रतिदिन की दर से अधिक हो जाती है तो संसक्त प्रदेश (अबटमेंट जोन) से सभी कार्यरत व्यक्तियों को हटा लिया जाएगा । सहायक प्रबंधक पाठ्यांकों (रीडिंग) का अभिलेखन तथा उनका विश्लेषण और व्याख्या करने में समन्वय करेंगे तथा प्रतिदिन अवर प्रबंधक के माध्यम से अधीनस्थ पर्यवेक्षी पदाधिकारियों को सलाह देंगे ।

पैनल में प्रभावी व्यवस्थित अवलंब नियमावली (सिस्टेमेटिक सपोर्ट रूल्स) पारंपरिक खूंटा एवं काग के द्वारा निम्नलिखित शैली में थे :–

कार्यरत अन्ताग्र (फेस) का अवलब (सपोर्ट) :

वास्तविक निष्कर्षण वाले सभी क्षेत्रों में खूंटे एक पंक्ति में अधिकतम 1.2 मी. के अन्तराल पर लगाए जाएंगे और पंक्तियों के बीच की दूरी 1.2 मी. से अधिक नहीं होगी, सामने की पंक्ति फेस से 1.0 मी. से अधिक की दूरी पर नहीं होगी । वास्तविक निष्कर्षण क्षेत्र के सभी प्रवेश स्थलों तथा निष्कर्षण क्षेत्र में भी अधिकतम 2.4 मी. के अन्तराल पर काग लगाये जाएंगे ।

जब और जहां आवश्यक हो क्रॉस बार लगाए जायेंगे ।

कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम का उप-विनियम (2) यह शर्त रखता है कि पिलरों का निष्कर्षण अथवा उनका न्यूनीकरण, जहाँ तक संभव हो, इस तरीके से किया जाएगा कि उससे छत के ढहने को अथवा जिन पिलरों का निष्कर्षण नहीं किया गया है उनके ऊपर के गोफ के धँसान के विस्तार को रोका जा सके ।"

कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 100 का उप-विनियम (5) यह शर्त रखता है कि "जहां निष्कर्षण की पद्धति पूरा कोयला निकालने की है अथवा व्यवहार्य तरीके से अधिकाधिक कोयला निकालने की है और छत को धँसने देना है तो वहाँ प्रचालन इस तरीके से किया जाएगा कि यथा संभव छत के बिना धँसे ऐसे छोटे भाग को छोड़ा जाएगा कि उससे वायु विस्फोट होने अथवा पिलरों पर भार बढ़ने का खतरा न हो । जहाँ संभव हो वहाँ नियमित अन्तराल पर गोफ को गिराने के लिए समुचित साधनों को अपनाया जाएगा ।

3.2 खान मालिक, अभिकर्त्ता तथा प्रबंधक के कर्त्तव्य तथा दायित्व :

खान अधिनियम, 1952 की धारा 18 में निर्दिष्ट विवरण के अनुसार खान मालिक, अभिकर्त्ता तथा प्रबंधक के कर्त्तव्य तथा दायित्व निम्नलिखित हैं :

(1) प्रत्येक खान के मालकि तथा अभिकर्त्ता इस अधिनियम तथा इसके तहत निर्मित विनियमों, नियमों, उप-नियमों एवं आदेशों के प्रावधानों का अनुपालन करने के उद्देश्य से वित्तीय तथा अन्य प्रबंध करने के लिए और अन्य दूसरे आवश्यक कदम उठाने के लिए उत्तरदायी होंगे ।

(2) धारा 58 की उप-धारा (डी), (ई) तथा (पी) के अन्तर्गत निर्मित नियमों में दिए गए मामलों के संबंध में दायित्व का निर्वहन अनन्य रूप से खान मालिक तथा अभिकर्त्ता और ऐसे व्यक्ति, जिसे मालिक या अभिकर्त्ता उपर्युक्त प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त करेंगे (जो प्रबंधक से भिन्न हो), के द्वारा किया जाएगा ।

(3) धारा 17 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत जारी अनुदेशों या उप-धारा (3) के अन्तर्गत प्रबन्धक द्वारा दिये गए निर्देशों को छोड़ कर अन्य अनुदेशों के अनुपालन से यदि इस अधिनियम के प्रावधानों या इसके अन्तर्गत निर्मित विनियमों, नियमों, उप-नियमों या आदेशों का उल्लंघन होता है तो ऐसे अनुदेश देने वाला प्रत्येक व्यक्ति भी संबंधित प्रावधान के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी होगा ।

(4) उप-धारा (1), (2) तथा (3) की शर्तों के अधीन प्रत्येक खान के मालिक, अभिकर्त्ता तथा प्रबंधक यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि खान से संबंधित समस्त खनन गतिविधियाँ खान अधिनियम के प्रावधानों तथा इसके अन्तर्गत निर्मित विनियमों, नियमों, उप-नियमों तथा आदेशों के अनुसार की जा रही हैं ।

(5) ऐसे प्रावधानों, जो किसी व्यक्ति को किसी कार्य या वस्तु को करने या न करने के लिये विशेष रूप से उल्लेख करते हैं, को छोड़ इस अधिनियम या विनियमों के ऐसे प्रावधानों, नियमों, उप-नियमों या आदेशों का उल्लंघन किसी भी व्यक्ति द्वारा किए जाने की दशा में, उस व्यक्ति के अलावा निम्नलिखित व्यक्तियों में से प्रत्येक व्यक्ति को भी तब तक उस उल्लंघन का दोषी माना जाएगा जब तक कि वह व्यक्ति यह साबित नहीं करता है कि उसने प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित कर्मनिष्ठता का प्रयोग किया और ऐसे उल्लंघनों को रोकने के लिए युक्ति संगत साधनों को अपनाया है :–

(i) उल्लेखित प्रावधानों के संबंध में पर्यवेक्षण कार्य के लिए नियुक्त किए गए पदाधिकारी या पदाधिकारीगण;

(ii) खान का प्रबंधक;

(iii) खान का मालिक तथा अभिकर्त्ता;

(iv) धारा (2) के अन्तर्गत दायित्व निर्वहन के लिये नियुक्त व्यक्ति, यदि कोई हो:

बशर्ते कि उपर्युक्त व्यक्तियों में से किसी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा सकेगी यदि जाँच-पड़ताल तथा अन्वेषण से यह प्रतीत होता है कि वह व्यक्ति प्रथम दृष्टया उत्तरदायी नहीं है ।

(6) इस धारा के अर्न्तगत खान मालिक या अभिकर्त्ता के विरुद्ध किसी भी कार्यवाही में यह बचाव नहीं होगा कि प्रबंधक तथा अन्य पदाधिकारियों को इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नियुक्त किया गया है अथवा उप-धारा (2) के अन्तर्गत उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त किया गया है ।

3.3 खान निरीक्षकों की शक्तियाँ :

खान अधिनियम, 1952 की धारा 7 में दिए गए विवरण के अनुसार खान निरीक्षकों की शक्तियाँ निम्नलिखित हैं :–

(1) मुख्य खान निरीक्षक तथा अन्य कोई निरीक्षक :–

(क) किसी भी खान के मामले में, यह जानने के लिए कि खान अधिनियम तथा इसके अन्तर्गत निर्मित विनियमों, नियमों तथा उप-नियमों और आदेशों का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं, वे इस प्रकार की परीक्षा एवं जाँच कर सकते हैं जैसा वे उचित समझते हैं;

(ख) वे ऐसे सहायकों, यदि कोई हों, जिसे वे उचित समझते हों, के साथ दिन या रात में किसी भी समय किसी भी खान का अथवा उसके किसी भी भाग का निरीक्षण तथा परीक्षण कर सकते हैं :

बशर्ते कि इस खण्ड द्वारा प्रदत्त शक्तियों का ऐसे तरीके से प्रयोग नहीं किया जाएगा जिससे खनन कार्य में अनुचित बाधा या व्यवधान उत्पन्न होती हो ।

(ग) इस अधिनियम के प्रयोजनों का अनुपालन करने के उद्देश्य से वे किसी भी खान या उसके किसी हिस्से की दशा एवं अवस्था, खान की संवातन व्यवस्था, खान के संदर्भ में प्रचलित उप-नियमों की संतुष्टि, व खान में नियोजित व्यक्तियों के स्वास्थय, सुरक्षा तथा कल्याण से संबंधित सभी मामलों की जाँच कर सकते हैं और खान के किसी व्यक्ति का, जिसे वे आवश्यक समझें, वक्तव्य खान के क्षेत्र में अथवा कहीं भी ले सकते हैं;

(घ) वे ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग कर सकते हैं जो केन्द्र सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए निर्मित विनियमों द्वारा विहित की जाएँ :

बशर्ते कि इस उप-धारा के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति को किसी ऐसे प्रश्न का उत्तर देने अथवा कोई ऐसा वक्तव्य देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा जो उसे स्वयं दोषी साबित करने वाला हो ।

(2) मुख्य खान निरीक्षक और कोई अन्य निरीक्षक को यदि इस धारा के अन्तर्गत किये गए किसी निरीक्षण, परीक्षण अथवा जांच के परिणाम स्वरूप यह विश्वास करने का कारण हो कि इस अधिनियम के तहत कोई अपराध किया गया है या किया जा रहा है तो वह किसी भी स्थान की छान-बीन कर सकते हैं तथा खान से संबंधित कोई सामग्री, या कोई नक्शा (प्लान), कर्त्तन (सेक्सन) रजिस्टर अथवा अन्य अभिलेखों को अधिगृहित कर सकते हैं तथा अपराध प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) के प्रावधान इस अधिनियम के अन्तर्गत यथा प्रयोज्य किसी छान-बीन अथवा जब्ती के मामले में उसी प्रकार लागू होंगे जैसा कि संहिता की धारा 94 के अन्तर्गत किसी छान-बीन अथवा जब्ती के लिए जारी किए गए आज्ञा-पत्र के तहत लागू होंगे ।

अध्याय-IV

दुर्घटना

4.1.1 यह सूचित किया गया था कि दिनांक 17-10-2003 की लगभग 0100 बजे (दिनांक 16-10-2003 की तीसरी पाली में) दुर्घटना हुई थी ।

4.1.2 पैनल संख्या 46 बी में पिलरों का निष्कर्षण दिनांक 17 जुलाई 2003 को आरंभ हुआ था । दिनांक 14 अक्तूबर 2003 तक पैनल में लगभग 5000 व. मी. क्षेत्र के कोयले का निष्कर्षण किया जा चुका था ।

55½ एल एस/9 डिप की पहली स्लाइस में निष्कर्षण दिनांक 12-10-2006 की पहली पाली में आरंभ हुआ था और इस स्लाइस में लगभग 0.8 मी. से 1.0 मी. तक के तली का कोयला लेकर निष्कर्षण इस तरीके से जारी था कि स्लाइस की कुल ऊँचाई 3.6 मी. थी । स्लाइस में दिनांक 12 और 13 अक्तूबर, 2003 की सभी तीन पालियों मे काम किया गया था । हालांकि 14 तारीख को पहली और दूसरी पालियों में 55½ एल एस में पटरी (ट्रैक) की मरम्मत के चलते इस सलाइस में काम नहीं किया गया । दूसरी पाली में, गोफ में घरघराने की आवाजें (रम्बलिंग साउंड) सुनकर 10 डिप के 54 एल एस की पहली स्लाइस से कर्मियों को हटा दिया गया और 1730 और 1800 बजे के बीच लगभग 15 मिन्टों के लिए काम रोक दिया गया । 14 तारीख की तीसरी पाली में 9 डिप के 55½ एल एस में काम पुन: आरंभ किया गया । परन्तु दोबारा लगभग 3.15 बजे सुबह गोफ से घरघराने की आवाजें सुनाई दी, जिसके कारण कर्मियों को निकाल कर 11 डिप को 55½ एल एस में एयर-ब्लास्ट स्टेशन की ओर भेज दिया गया । घरघराहट भरी आवाजें 15 मिन्टों के लिए जारी रहीं और सुबह 3.30 बजे के करीब तक गोफ के अन्दर 57 एल और 56 एल के बीच 12 डी से 10 डी तक लगभग 1.5 मीटर मोटाई का स्थानीय फाल हुआ था । फॉल में गोफ के 5050 व. मी. अनावृत छत के क्षेत्र में से लगभग 1750 व. मी. का क्षेत्र सम्मिलित था । दिनांक 15 अक्तूबर की पहली पाली में 9 डिप के 55½ एल एस की पहली स्लाइस में कोई काम नहीं किया गया । दूसरी पाली में, उक्त स्लाइस में काम दोबारा आरंभ किया गया । परन्तु घरघराने की आवाजें सुनाई पड़ी जो गोफ में हलचल का संकेत थी, परिणामस्वरूप, कार्मिकों का हटा लिया गया था। लगभग 15 मिनिट के बाद जब घरघराहट भरी आवाजें बंद हो गई तब उन्हें दोबारा तैनात किया गया। तीसरी पाली में फिर से लगभग सुबह 4.20 बजे गोफ के छत संस्तर में सक्रियता दर्शाने वाली आवाजें सुनाई पड़ी और कर्मियों को हटा कर एयर-ब्लास्ट स्टेशन की ओर भेज दिया गया था। लगभग दस मिन्टों के बाद गोफ के अन्दर 55½ एल और 56 एल के बीच 12 डी से 10 डी तक तथा 56 एल और 57 एल के बीच 10 डी से 9 डी तक स्थानीय फॉल हुआ। फॉल में लगभग 1470 व. मी. का क्षेत्र सम्मिलित था और उसकी गहराई करीब 1.5 मी. की उँचाई तक था।

4.1.3 दिनांक 16-10-2003 को प्रथम पाली में, 9 डिप के 55½ एल एस का पहला डिप स्लाइस डिप की ओर गोफ से जुड़ गया और वहाँ पड़े कोयले को उठाने के बाद, गोफ किनारे का सपोर्ट स्थापित कर दिया गया। उस स्लाइस से नौ कोलफीलरों ने कोयले के 18 टबों को भरा। उसी दिन द्वितीय पाली में उक्त स्लाइस में छह कोलफीलरों को काम पर लगाया गया था और उन्होंने प्रथम पाली से बचे 6 टब कोयला भरा। लगभग 2100 बजे रिब में लेवल गोफ की तरफ 1.2 मी. लम्बाई के सात होल्स लिए गए और श्री पुनम चन्द्रैय्या, शॉटफायरर, ने इन होल्स को विस्फोट किया। लगभग 14 टब कोयला टूटा जिसमें से द्वितीय पाली में 7 टब कोयला उठाया गया और शेष लगभग 7 टब कोयला छोड़ दिया गया।

4.1.4 उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन की तृतीय पाली में, डिपिलरिंग पैनल श्री एल. मल्लेय्या, सरदार और श्री एस. शंकर चारी, ओवरमैन के प्रभार में रखा गया था। श्री पी. एस. रंगा रेड्डी, अवर प्रबंधक, उस पाली में खान के प्रभारी अधिकारी थे। कोलफीलरों को निम्नलिखित स्थानों पर लगाया गया था। विभिन्न पदनामों के 50 कार्मिक 46 बी पैनल में लगाए गए थे। 53½ एल एस/11 डिप की दूसरी स्लाइस, 54 एल एस/10 डिप की पहली स्लाइस और 55½ एल एस/9 डिप की पहली स्लाइस जैसे प्रत्येक कार्य-स्थल पर दस कोलफीलरों (लोडरों) और दो टिम्बरमैनों को लगाया गया था। एक शॉटफायरर और चार कोलकटरों को उत्पादन के उद्देश्य के लिए पैनल में तैनात किया गया था। कोलकटरों का काम विस्फोटकों को मैगजीन से डिस्ट्रिक तक ले जाना, शॉट होल्स छिद्रता करना, शॉट होल्स के (प्राइमिंग) चार्जिंग-फायरिंग में शॉटफायरर की सहायता करना और विस्फोट के

बाद छत और दीवारों की झाड़ाई (ड्रेसिंग) करना था। इसके अतिरिक्त, वे कार्य-स्थल पर कोयले के बड़े ढेलों को तोड़ते हैं। उस दिन श्री मल्लैय्या, डिस्ट्रिक सरदार ने सर्वप्रथम 11 डिप के 53½ एल एस की दूसरी स्लाइस फेस का निरीक्षण किया था। उसके बाद वह 10 डिप के 54 एल एस की पहली स्लाइस में गए और वहाँ निरीक्षण करने और आवश्यक अनुदेशों को देने के बाद 55½ एल एस/9 डिप की पहली स्लाइस में चले गए। उपरोक्त निरीक्षणों के दौरान श्री मेनूगू चन्द्रैय्या और ए. अशोक, दोनों कोलकटर, छत और दीवारों के परीक्षण और झड़ाई (ड्रेसिंग) करने के लिए उनके साथ थे।

4.1.5 55½ एल एस/9 डिप की पहली स्लाइस में, श्री मल्लैय्या ने पिछली पाली से बचे कोयले की भराई के लिए दस कोलफीलरों (लोडरों) अर्थात सर्व श्री रागूला नरसिंगा राव, थोटा बापू, कशेट्टी नारायणा, कन्नुरी रायमल्लू, मंडी लिंगैय्या, राचेरला परवथालू, रावूला मोंडय्या, मुस्का कोमारैय्या, चटला शंकरैय्या और डोंगला चन्द्रैय्या को लगाया था। सर्व श्री अडपा अशोक और मिनूगू चन्द्रेय्या, कोलकटरों, को बड़े कोयला ढेलों को तोड़ने के काम पर लगाया गया था। यद्यपि, श्री मंथनी राजम और श्री पीड्रगू कोमरैय्या, दोनों टीम्बरमैन, उक्त कार्य-स्थल पर उपस्थित थे, वे कॉग कस रहे थे। श्री मामिडी मल्लेश, टीम्बरमैन, जिन्हें वास्तव में 53½ एल एस/11 डिप के दूसरी स्लाइस में तैनात किया गया था, 55½ एलएस/9 डिप के पहली स्लाइस में श्री एल. मल्लैय्या के पास यह जानने के लिए आया कि कौगिंग स्लीपर्स कहाँ उपलब्ध थे। श्री मल्लैय्या ने उसे सूचित किया कि कौगिंग स्लीपर्स 9 डिप/56 एल में उपलब्ध है और वह उस स्थान से जाने ही वाला था।

> करीब 0100 बजे श्री एल. मल्लैय्या, सरदार, दो टिम्बरमैनों द्वारा कॉग कसे जाने का पर्यवेक्षण कर रहे थे, दो कोलकटर ढेलों को तोड़ रहे थे और काम पर लगाए गए दस कोलफीलरों में से चार कोलफिलर अर्थात रावूला मोंडय्या, राचेरला परवथालू, चटला शंकररैय्या और मुस्का कोमरैय्या भरी हुई टोकरियाँ ले जा रहे थे और 55½ एल एस/9 डिप ट्रेमिंग लेवल पर उपलब्ध कराए गए टबों में कोयला डालने के लिए वहाँ पहुँचे ।
>
> अचानक गोफ में छत धँस गई जो रिब को कुचलती हुई कार्य-स्थल तक फैल गई और सभी बारह कर्मी अर्थात् तीन टिम्बरमैन, दो कोलकटर, छह कोलफिलर और सिरदार फॉल के नीचे फँस गए ।
>
> फॉल की मोटाई 1.5 से 2.0 मी. के बीच थी ।

4.2 बचाव और बरामदगी

4.2.1 फॉल के तत्काल बाद, श्री एस. शंकराचारी, डिस्ट्रक ओवरमैन जो 46 बी पैनल की ओर जा रहे थे दुर्घटना स्थल पर पहुँचे । दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर श्री एस. साम्वैय्या, साथ की डिस्ट्रिक के सिरदार, भी दुर्घटना के स्थान की ओर भागे । वहाँ पहुँचने पर उन्होंने उन लागों की आवाजें सुनी जो गिरी हुई छत के नीचे पूरी तरह से दबे हुए थे और मदद के लिए पुकार रहे थे । अविलम्ब उन्होंने उपस्थित अन्य लोगों की सहायता से पत्थरों को हटाना शुरू किया । करीब एक घंटे के बाद बचाव दल भी वहाँ पहुँच गया । बचाव दल की सहायता से, श्री मंडी लिंगैय्या, कोलफीलर को सुबह लगभग 4.40 बजे और करीब 6.15 बजे श्री डी. चन्द्रैय्या, कोलफीलर, को गिरे हुए पत्थर/मलबे को हटाकर निकाला गया और आगे इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया गया । जहाँ से उन्हें आगे की चिकित्सीय उपचार के लिए निजाम आयुर्विज्ञान संस्थान (एन आई एम एस) हैदराबाद भेज दिया गया । बचाव और बरामदगी कार्यवाही अगले दिन, यानी 18-10-2003 की 17.30 बजे तक, सभी शव बरामद होने तक चलती रही ।

4.2.2 पहला मृत शरीर पीड्रगू कोमरैय्या, टिम्बरमैन, का उसी पाली में सुबह 4.50 बजे बरामद किया गया और क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया । दूसरा मृत शरीर मंथनी राजम, टिम्बरमैन, का सुबह 4.55 पर बरामद किया गया । तीसरा मृत शरीर स्व. अडेपू अशोक, कोलकटर, का सुबह 8.10 पर बरामद किया गया । चौथा शव मृतक कनौरी रायमल्लू, कोलफिलर, का सुबह 8.40 पर बरामद किया गया । पाँचवां शव जिसे दिनांक 18-10-2003 की सुबह 2.15 बजे (17 तारीख की तृतीय पाली) बरामद किया गया, स्वर्गीय मेनूगू चन्द्रैय्या कोलकटर, का था । कशेट्टी नारायणा, कोलफिलर, का मृत शरीर सुबह 2.40 पर बरामद किया गया । स्व. रागूला नरसिंगा राव (7 वाँ), टिम्बरमैन, का शव सुबह 9.15 बजे बरामद किया गया । आठवाँ मृत शरीर सुबह के 9.30 बजे बरामद किया गया जो सव. मामिडी मल्लेश, टिम्बरमैन, का था । स्व. थोटा बाबू, कोलफिलर, का शव, नौवा शव था जिसे सुबह 10.10 बजे बरामद किया गया । छत में हलचल के चलते बरामदगी कार्यवाही कुछ समय के लिए रोक दी गई और अंतत दसवाँ शव जो सव. लम्बू मल्लैय्या, माइनिंग सिरदार, का था, शाम 5.30 बजे बरामद किया गया ।

4.2.3 श्री पी. वासुदेव राव, निदेशक (प्रचालन) एवं नामित मालिक और कम्पनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण दुर्घटना के बाद खान में नीचे गए और बचाव एवं बरामदगी गतिविधियों का व्यक्तिगत निरीक्षण किया ।

4.2.4 दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर श्री ए. वाहिद, खान सुरक्षा निदेशक और श्री एम. नरसैय्या, खान सुरक्षा उप-निदेशक, दोनों हैदराबाद क्षेत्र सं. 1, के साथ श्री एस. जे. सिब्बल, खान सुरक्षा उप-महानिदेशक, दक्षिणी क्षेत्र, दिनांक 17-10-2003 की सुबह 10.00 बजे तक खान में पहुँचे और बचाव कार्यों में सहयोग दिया तथा सभी शवों के बरामद होने तक बरामदगी कार्यों का परिवीक्षण किया ।

4.2.5 संसद की माननीय सदस्या, श्रीमती सुगुना कुमारी, ने अपने कुछ सहयोगियों के साथ दिनांक 18-10-2003 को दुर्घटना स्थल का दौरा किया ।

4.3 गुमशुदा व्यक्तियों की जाँच

प्रत्यक्षदर्शी श्री मुस्का कोमरैय्या, कोलफीलर, ने बताया कि सभी दस व्यक्ति, जो 55½ एल एस//9 डिप की पहली स्लाइस में काम कर रहे थे, फॉल के नीचे फँस गए थे । बाद में, उपस्थिति पंजिका और लैम्प रूम अभिलेख (रिकार्ड) की जाँच से पता चला कि केवल वे दस व्यक्ति ही, जिनके नाम ऊपर उल्लिखित हैं, लापता थे । पूरी बरामदगी कार्यवाही के बाद, वे दस शव ही बरामद किए गए थे और अतिरिक्त दावे की कोई सूचना नहीं थी ।

4.4 क्षतिपूर्ति :

मृतकों के परिवारजनों को अन्त्येष्टि व्यय के लिए 25,000/-रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की गई । चेक कामगार क्षतिपूर्ति आयुक्त के पास जमा करा दिये गए । मृतकों के परिवारजनों को सी एम पी एफ सहित दी गई कुल क्षतिपूर्ति निम्नलिखित है :–

क्र.सं.	मृतक का नाम सर्व श्री	कुल क्षतिपूर्ति (रु.)
1.	लम्बू मल्लैय्या, एम एस	1683218.69
2.	अड्पा अशोक, सी सी	1738344.44
3.	मेनूगू चंद्रैय्या	1435641.56
4.	मामिडी मल्लेश	1569252.00
5.	रागूला नरसिंगा राव	1628977.80
6.	थोटा बापू	1598303.80
7.	कशेट्टी नारायणा	1510197.80
8.	कन्नुरी रायमल्लू	1488587.50
9.	पीडूगू कोमय्या	1418061.70
10.	मंथनी राजम	1586855.60

अध्याय-V

निरिक्षण एवं प्रक्षेपण

5.1. दिनांक 17-10-2003 को घटित बड़ी दुर्घटना की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए श्री ए. के. रूद्र और श्री कमलेश सहाय, असेसरों, ने दिनांक 28 अगस्त, 2004 और दिनांक 1 दिसम्बर, 2004 को गोदावरीखानी सं. 8 ए इन्क्लाइन खान का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान, खान सुरक्षा महानिदेशालय और मेसर्स सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड के अधिकारी साथ थे । प्रस्तुत किए गए प्रेक्षणों और दिए गए निर्देशों का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन के साथ संलग्न है जिन्हें **अनुलग्नक-IV** एवं **अनुलग्नक-V** के रूप में अंकित किया गया है ।

यद्यपि निरीक्षण दुर्घटना की तिथि से काफी समय बीत जाने के बाद किए गए तथापि सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रेक्षण तली का अत्याधिक उत्थान, काँती का झड़ना और गोफ किनारों से यथेष्ट दूरी पर जगह-जगह छत की परतों का गिरना था ।

अध्याय-VI

न्यायालय के समक्ष मुद्दे

6.1 दुर्घटना का कारण :

6.1.1. दुर्घटना कैसे हुई? इसमें कोई संदेह नहीं था कि दुघर्टना गोफ में हुए फॉल के रिब्स को पार कर कार्यरत स्लाइस (55½एल एस/9 डिप की पहली स्लाइस) तक पहुँचने के कारण हुई ।

6.1.2 क्या उचित कार्य प्रणाली अपनायी गयी थी? कुछ पक्षों का दावा है कि दुर्घटना निष्कर्षण की विकर्ण रेखा का अनुकरण नहीं किए जाने और निष्कर्षण की रेखा में 'V' का निर्माण होने देने के कारण हुई । जहाँ तक पिलरों का संबंध है निष्कर्षण की विकर्ण रेखा का अनुकरण किया गया था । जबकि जहाँ दुघर्टना घटित हुई उस आधे पिलर के निष्कर्षण से पूर्व ही 55 और 55½ लेवल के बीच तथा 10 एवं 11 डिप के बीच के आधे पिलर का निष्कर्षण किया जा चुका था । परन्तु यदि आधे पिलरों/स्लाइसों के निष्कर्षण पर विचार करें तो वे सही विकर्ण रेखा में नहीं थे । स्लाइसों/फेसों के मद्देनजर निष्कर्षण की विकर्ण रेखा का ध्यान रखा जाना चाहिए था । निष्कर्षण के लिए दी गई अनुमति से भी यह अपेक्षित था कि फेसों की विकर्ण रेखा का ध्यान रखते हुए पिलरों का निष्कर्षण किया जाए । अत: यह माना जा सकता है कि संसक्त दबाव का कुछ अंश जो दक्षिण-पूर्व दिशा के आधे पिलर द्वारा वहन किया जाना था, दुर्घटना स्थल की रिब पर स्थानांतरित हो गया जिस कारण वह कुचल गई, इस प्रकार इस व्यतिक्रम ने गोफ फॉल के कार्य-स्थल तक विस्तारित होने में अवश्यक योगदान किया था ।

प्लान के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि वास्तव में निष्कर्षण की रेखा में 'V' का निर्माण नहीं हुआ था । हालांकि 55½ एल और 56 एल एस/9 डिप के बीच एक स्लाइस शुरू हुई थी । परन्तु सुविधाजनक स्थलों पर हॉलेज की उपस्थिति के कारण व्यवहार में ऐसी स्थिति से पूर्ण परिहार कठिन है । दुर्घटना के कारण के रूप में इसका कोई योगदान नहीं है क्योंकि जो धँस गया वह 'V' का शीर्ष नहीं था ।

6.1.3 क्या संभाव्य फॉल के कोई पूर्व संकेत थे? सामान्यत: संभाव्य फॉलों का अनुमान गोफ में होने वाली घरघराहट की आवाज से मिलता है । दिनांक 14 एवं 15 अक्टूबर की तीसरी पाली में, गोफ में घरघराहट भरी आवाजें सुनकर, डिस्ट्रिक्ट के पर्यवेक्षकों ने कार्य-स्थलों (फेसों) से कर्मियों को अस्थायी तौर पर हटा दिया था और आवाजें बंद होने पर ही कर्मियों को दोबारा तैनात किया गया था । उत्तरजीवी ने स्पष्ट बताया है कि दुर्घटना से ठीक पहले कोई घरघराहट भरी आवाज नहीं सुनी गई थी । सामान्यत: गोफ से ऐसी घरघराहट की आवाजें उत्पन्न होने के कुछ देर बाद रूफ फॉल की घटना होती है । ऐसी किसी आवाज की अनुपस्थिति को कार्य-स्थल पर गहन गतिशील भार की सक्रियता, जिसके कारण रूफ फॉल हुआ, द्वारा ही समझा जा सकता है । इस बिन्दु पर बाद में विचार-विमर्श किया जाएगा ।

6.1.4 क्या नियमित प्रेरक विस्फोट किया गया था और क्या दुर्घटना पर इसका कोई प्रभाव था ? लटकते गोफ को नीचे लाने के लिए प्रेरक विस्फोट करने के लिए प्रबंधन ने एक व्यवहार संहिता (कोड ऑफ प्रैक्टिस)-अनुलग्नक VII तैयार किया है । व्यवहार संगहिता के अनुसार, "जब तक पैनल में मुख्य फॉल नहीं होता तब तक सभी मुँहानों (जंक्शनों) पर गोफ किनारे की टूट रेखा (लाइन ऑफ फ्रैक्चर) को प्रेरित किया जाएगा । शॉट होल्स 2.7 मी. की गहराई तक छिद्रित किए जाएंगे, दो शॉट होल्स के बीच की दूरी 0.75 मी. से अधिक नहीं रखे जाएंगे और होल्स गोफ की दिशा में ऊर्ध्व से लगभग 45 डिग्री के कोण पर छिद्रित किए जाएंगे । यदि 4000 व. मी. क्षेत्र के अनावरण (एक्सपोजर) के बाद भी स्थानीय/मुख्य फॉल नहीं होता है तो पूर्व उल्लेखित उपायों के अतिरिक्त निष्कर्षण रेखा के समानान्तर रूफ कटिंग/प्रेरक विस्फोट किए जाएंगे ।"

श्री एन. यादगिरी, प्रभारी सहायक प्रबंधक, के साक्ष्य के अनुसार जब श्री एम. श्रीहरि खान के प्रबंधक बने तो कुछ प्रयोग के

बाद उन्होंने शॉट होल्स की लम्बाई घटाकर 1.8 मीटर कर दी । श्री के. गुरूवैय्या, खान के अभिकर्ता, ने शॉट होल्स की लम्बाई में किए गए इस परिवर्तन पर अनभिज्ञता जताई । यद्यपि मूल व्यवहार संहिता की प्रतिलिपि खा सु म नि को भेजी गई थी परन्तु संहिता में किए गए इस परिवर्तन की सूचना खा सु म नि को नहीं दी गई थी । खा सु म नि के दिनांक 19 मार्च, 2001 के पत्र सं. एच 1/010054/पर्म./2000/569 द्वारा प्रबंधन को प्रेरक विस्फोट के लिए शॉट होल्स की लम्बाई 2.7 मी. से कम नहीं करने का स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद शॉट होल्स की लम्बाई कम की गई थी । यह निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन था। यह एक प्रमाणित तथ्य भी है कि प्रेरक विस्फोट के लिए शॉट होल्स जितने गहरे होंगे, छत को नीचे लाने में वह उतने ही अधिक प्रभावी होंगे । अत: यदि प्रबंधक ने सोचा कि प्रेरक होल्स अधिक प्रभावी नहीं है तो उसे अधिक गहरे होल्स करने चाहिए थे न कि उनकी लम्बाई कम करनी चाहिए थी । इस विषय पर केन्द्रीय खनन अनुसंधान संस्थान, धनबाद और राष्ट्रीय शैल यांत्रिकी संस्थान, कोलार गोल्ड फील्डस के विशेषज्ञों नामत: डॉ. अमलेन्दु सिन्हा और डॉ. वी. वेंकटेश्वरलू के साथ भी विचार-विमर्श किया गया, जिन्होंने गहरे होल्स के अधिक प्रभावी होने की पुष्टि की ।

6.1.5 **क्या रिब की पर्याप्त मोटाई छोड़ी गई थी?** साक्ष्य के अनुसार, दक्षिण की ओर बने गोफ के विरूद्ध 2 मीटर मोटी रिब छोड़ी गयी थी, जैसा कि कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 100(11) के अधीन अनुमति पत्र से अपेक्षित था । विभिन्न क्षेत्रों में दशकों के अनुभव के बाद रिब की इस मोटाई पर पहुँचा गया है, ऐसा अनुमान है कि संसक्त भार के नीचे धँसने से पहले यह अल्प अवधि के लिए स्लाइस में कर्मियों को सहारा देने का कार्य करता है । रूफ की केविंग को सरल बनाने के लिए रिब्स को विवेकपूर्ण तरीके से कम करने की आवश्यकता है और यह विवेकपूर्ण कटौती निर्धारित करने में प्रबंधन का अनुभव काम आता है । इस मामले में, साक्ष्य के अनुसार, दिनांक 16-10-2003 की द्वितीय पाली में सात होल्स के एक राउंड का विस्फोट रिब में किया गया था । श्री पी. चन्द्रैय्या, शॉटफायरर, ने न्यायालय के समक्ष बताया कि रिब के मध्य भाग में सात होल्स छिद्रित (ड्रिल) किए गए थे, जबकि खा सु म नि को उनकी सांविधिक जाँच के दौरान दिए गए बयान में उन्होंने बताया था कि डिप साइड गोफ के समीप होल का विस्फोट किया गया था । उन्होंने यह भी बताया कि रिब के विस्फोट से लगभग 14 टब कोयला अर्थात् लगभग 17 टन कोयले का उत्पादन हुआ था । होल की गहराई लगभग 1.7 मी. और पुल लगभग 1.2 मी. सूचित किया गया था । रिब पर भार (लोडिंग) और गोफ की गतिविधियों को तत्कालीन स्थिति के अन्तर्गत, पुल उपरोक्त से अधिक होनी चाहिए थी । इसके अतिरिक्त, केवल सात होल के साथ उल्लेखित परिमाण वाले रिब के लिए बतायी गयी कोयले की मात्रा यानि 17 टन का उत्पादन करने के लिए पुल की गहइराई लगभग 1.8 मी. होनी चाहिए । अत: ऐसा प्रकट होता है कि रिब विवेकसम्मत सीमा से अत्यधिक कमजोर थे । इससे दुघर्टना को अंजाम देने वाले कारकों को बढ़ावा मिला होगा ।

6.1.6 **अन्य समान पैनलों में निष्कर्षण की तुलना :** प्रबंधन ने दावा किया कि उन्होंने इस खान की उसी सीमा में 39 पैनलों में बिना किसी बड़ी समस्या के सफलतापूर्व निष्कर्षण किया है । प्लान का अध्ययन दर्शाता है कि कई पैनलों में कई पिलर अथवा पिलरों के भागों को अनिष्कर्षित छोड़ना पड़ा है । उन क्षेत्रों में से कुछ भ्रंश (फाल्टस) के करीब थे जबकि अन्य नहीं । स्पष्ट है कि प्रबंधन को अवश्य ही संगस्तर नियंत्रण में समस्या का सामना करना पड़ा होगा जिसके परिणामस्वरूप कई पिलर अथवा पिलर के भागों को अनिष्कर्षित छोड़ना पड़ा था ।

यह विशिष्ट पैनल सं. 46 बी अन्य पैनलों से एक विशेष दृष्टि से भिन्न था कि यह तीन तरफ से ऐसे पैनलों से घिरा था जिनका पूर्व में ही निष्कर्षण किया जा चुका था । प्रबंधन ने यह भी तर्क दिया कि उन्होंने निष्कर्षण के दौरान समान परिस्थितियों में, तीन तरफ गोफ से घिरे, पैनल सं. 11 और 12 का भी सफलतापूर्वक निष्कर्षण किया है । पैनल सं. 46 बी और पैनल सं. 11 एवं 12 के बीच एक बड़ा अंतर यह है कि पैनल सं. 11 एवं 12 के मामले में, निष्कर्षण आरंभ करने से बहुत पहले ही उन पैनलों के आस-पास निष्कर्षण समाप्त किया जा चुका था । जबकि पैनल सं. 46 बी में निष्कर्षण तब आरंभ हुआ जब पैनल सं. 46 ए में निष्कर्षण अभी जारी ही था । इसका तात्पर्य यह है कि साथ वाली पैनल सं. 46ए में गतिविधियां जारी थी जब पैनल सं. 46 बी में निष्कर्षण प्रगति पर था । सामान्यतया, निकटवर्ती पैनल में निष्कर्षण के कारण उत्पन्न संसक्त भार पर्याप्त रूप से मध्यवर्ती पैनल अंवरोध (बैरियर) द्वारा वहन किया जाना था जिसमें प्राय: विनियम 99 के प्रावधानों के अनुसार पिलर होते हैं । इस संबंध में सी एम आर आई ने अपने प्रतिवेदन में निकटवर्ती गोफ में संचलन के कारण उत्पन्न दबावों के पारस्परिक प्रतिक्रिया के बारे में उल्लेख किया है, जिस पर बाद में विचार-विमर्श किया जाएगा ।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि यह पैनल अपनी ज्यामिति और निष्कर्षण के तरीके के कारण विलक्षण थी और किसी जागरूक प्रबंधन को इस स्थिति में सतर्क रहने तथा किसी सामान्य पैनल की अपेक्षा काफी अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी ।

6.1.7 **लटकते गोफ का क्षेत्र :** प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़ों के अनुसार पैनल सं. 46 बी में दिनांक 15-10-2003 (दिनांक 14-10-2003 की तीसरी पाली) को पहला स्थानीय फॉल हुआ था जब गोफ में अनावृत छत (रूफ एक्सपोजर) का क्षेत्र 5050 व.मी. था । फॉल का क्षेत्र 1750 व. मी. था और मोटाई लगभग 1 से 1.5 मी. थी । दूसरा स्थानीय फॉल अगले दिन दिनांक 16-10-2003 (दिनांक 15-10-2003 की तीसरी पाली) को हुआ जब गोफ में अनावृत (एक्सपोजर) क्षेत्र 5110 व. मी. था और इस बार छत का 1470 व. मी. अतिरिक्त क्षेत्र लगभग 1.5 से 2 मीटर मोटाई में गिरा। दुर्घटना के दिन अर्थात् दिनांक 17-10-2003 (दिनांक 16-10-2003 की तीसरी पाली) को 700 व. मी. क्षेत्र और लगभग 2 मीटर मोटा एक और स्थानीय फॉल हुआ, जब गोफ में अनावृत छत (रूफ एक्सपोजर) 5160 व. मी. था ।

पैरा 6.1.6 में हम पहले ही प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए उस व्यवहार संहिता का उल्लेख कर चुके हैं जिसका प्रयोग लटकते गोफ का क्षेत्र 4000 व. मी. से अधिक होने पर किया जाता था । न्यायालय के अनुरोध पर, प्रबंधन पे पूर्व निष्कर्षण किए गए कुछ विभिन्न पैनलों में हुए स्थानीय फॉल एवं मुख्य फॉल की तारीखें और फॉल क्षेत्र दर्शाने वाले कतिपय आँकड़े और प्लान प्रस्तुत किए । प्रबंधन द्वारा दी

गई सूचना में निश्चित अंतर्विरोध/विसंगतियाँ दिखाई देती हैं । उदाहरण के तौर पर, मुख्य फॉल से पहले ही सतह पर परिमेय (मेजरेबल) अवतलन (सब्सीडेन्स) का होना दिखाया गया है, उत्पादन क्षमता के परे बहुत कम समय में बहुत बड़े क्षेत्र का निष्कर्षण किया हुआ दिखाया गया है और कई जगहों पर, खास कर हैन्ड-प्लान पर ऊपरी लिखाई (ओवर राइटिंग) दिखती है । हालांकि, उपलब्ध प्लान व सूचना के अध्ययन से कुछ चीजें स्पष्ट हैं :

(i) पैनल 11 एवं 12 के मामले में अर्थात् जहां प्रतिवेशी पैनलों का निष्कर्षण पहले ही किया जा चुका था, मेन फॉल उन पैनलों से पहले हो रहा था, जहाँ निष्कर्षणाधीन पैनल तीन तरफ से गोफ से घिरे हुए नहीं थे ।

(ii) इन पैनलों में, मेन फॉल दो स्थानीय फॉल के बाद होते थे । एक मामले में, यह पहले स्थानीय फॉल के बाद हुआ परन्तु हम यह मानने को विवश हैं कि ऐसा नहीं हुआ होगा क्योंकि अनावृत (एक्सपोजर) क्षेत्र मुख्य फॉल होने के लिए बहुत छोटा था और उल्लिखित पहला मुख्य फॉल निश्चय ही दूसरा स्थानीय फॉल था ।

(iii) प्राय: पहले और दूसरे स्थानीय फॉल में समय और लटकते गोफ के क्षेत्र, दोनों के ही, समुचित अन्तराल रहता है, इसी तरह दूसरे स्थानीय फॉल और मुख्य फॉल में, भी अन्तराल रहता है ।

लटकते गोफ के क्षेत्र के लगभग 5000 व.मी. तक पहुँच जाने पर अत्यधिक भार (वेटिंग) का अनुमान लगाया जा सकता है और यदि दो स्थानीय फॉल पहले ही हो चुके हों तो यह और भी बढ़ जाता है । इस विशेष मामले में, दिनांक 14-10-2003 की रात की पाली में, जब पैनल में पहला स्थानीय फॉल हुआ तो लटकते गोफ का क्षेत्र 5050 व.मी. था और दूसरा स्थानीय फॉल ठीक अगले दिन अर्थात् दिनांक 15-10-2003 की तीसरी पाली में 60 वर्ग मीटर अतिरिक्त अनावरण (एक्सपोजर) के साथ हुआ । इन दोनों ही अवसरों पर गोफ से घरघराहट भरी आवाजें आई और कर्मियों को अस्थायी तौर पर बाहर निकाला गया ।

स्पष्टतया, समान परिस्थितियों में पहले प्राप्त अनुभव के होते हुए भी स्थानीय प्रबंधन ऐसी घटनाओं के महत्व को समझने में पूरी तरह से असफल रहा ।

व्यवहार संहिता के अंतर्गत भी, अनावरण क्षेत्र के 4000 व. मी. तक पहुँच जाने पर प्रेरक विस्फोट के लिए सामान्य ड्रिलिंग के अतिरिक्त निष्कर्षण की रेखा के समानान्तर शॉट होल्स ही दूसरी पंक्ति बनाई जानी थी । हालांकि प्रबंधन का दावा है कि उन्होंने इस संहिता के अनुपालन हेतु उपाय किए थे, वास्तविक तथ्य कुछ और ही संकेत करते हैं । तत्कालीन प्रबंधक ने प्रति-परीक्षण के दौरान न्यायालय को बताया कि प्रेरक विस्फोटक के लिए होल्स ड्रिल करने में एक सप्ताह का समय लगता है । उसने यह भी जानकारी दी कि सामान्य औसत निष्कर्षण दर लगभग 50 वर्ग मीटर प्रतिदिन थी । दुर्घटना उस समय हुई जब गोफ में अनावृत क्षेत्र लगभग 5150 व.मी. था अर्थात् जब अनावरण 4000 व. मी. था, उसके बाद 1150 व.मी. निष्कर्षण और किया गया । इसमें लगभग 23 कार्य-दिवस लगे होंगे और छुट्टी के दिनों को शामिल करने पर कुल 26 दिनों के करीब लगे होंगे । अतिरिक्त होल्स की ड्रिलिंग, जिसमें प्रबंधक के ब्यान के अनुसार एक हफ्ते का समय लगता, लगभग 25 दिनों या उसके बाद तक भी पूरी नहीं की गई थी । यह पुन: प्रबंधक और अभिकर्त्ता की सक्षमता में कमी एवं सुरक्षा के प्रति उनकी पूर्ण उपेक्षा को स्पष्ट दर्शाता है ।

6.1.8 दुर्घटना से पूर्व भारण के संकेत : प्राय: ऐसे पैनल जहाँ छत सरलता से धँसती हो, अर्थात् जहाँ गोफ में छत नियमित रूप से धँसती है, में कार्य-स्थलों में अत्यधिक भारण नहीं देखा जाता है । जबकि ऐसे क्षेत्रों में जहाँ छत कठिनाई से धँसता हो अथवा जहाँ फर्श मुलायम हो वहां कार्य-स्थल पर भार की संभावना रहती है और यह खूँटे के ऊपर कोनिया के दबने, खूँटे के गिरने/टूटने, कॉग के सिल्लियों के दबने, फर्श उत्थान (फूलना), कांती के झड़ने आदि से परिलक्षित होता है । हालांकि न्यायालय के समक्ष ब्यान देते समय गवाहों ने कहा है कि ऐसी कोई बात नहीं देखी गई परन्तु यह अन्य प्रेक्षणों से मेल नहीं खाता । खा सु म नि द्वारा की गई सांविधिक जांच के दौरान इन्हीं साक्षियों ने अपने साक्ष्य में स्पष्ट कहा है कि दिनांक 14-10-2003 अर्थात् पहले स्थानीय फॉल के दिन से ही ऐसे भार के लक्षण दिखाई देने लगे थे । दिनांक 14-10-2003 की दूसरी पाली के ओवरमैन उत्पादन रिपोर्ट बुक में स्पष्ट उल्लेख है कि "10 डिप 53 एल एस के कोने पर कांती गिरी, 53½ एल एन में कांती गिरी, 10 डिप में कांती का कोना, 53 एल एस में 10 डिप से 11 डिप तक तली में उत्थान हुआ है, रेखा सीधी करने की आवश्यकता है और सभी पिलर कुचल रहे हैं ।" इस रिपोर्ट पर प्रभारी ओवरमैन, सहायक प्रबंधक और कोलयरी प्रबंधक के हस्ताक्षर थे ।

अत:, ऐसा प्रतीत होता है कि दबाव के संकेत मिल रहे थे ओर गोफ में अनावृत्त क्षेत्र एवं अन्य पैनलों में ऐसे निष्कर्षण के पूर्व अनुभवों के रहते स्थानीय प्रबंधन को अत्यधिक सतर्क हो जाना चाहिए था । परन्तु स्पष्ट है कि वे ऐसा करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं थे ।

6.1.9 अभिसरण (कन्वरजेंस) संकेत : 46 (ए + बी) पैनलों के निष्कर्षण के लिए, कोयला खान विनियम, 1957 के विनियम 100(1) के अंतर्गत खा सु म नि द्वारा प्रदत्त अनुमति के अनुसार संसक्त क्षेत्र में प्रत्येक मुंहाने पर कंवरजेंस रिकार्डर स्थापित करना और एक सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक पाली में अभिसरण की माप आवश्यक थी । यदि अभिसरण 2 मी.मी. से अधिक हो तो सभी व्यक्तियों को बाहर निकाल लिया जाना चाहिए था । श्री एम. श्रीनिवास, सामान्य मजदूर, को प्रबंधन ने अभिसरण रिकार्ड करने के लिए कहा था । माप केवल सामान्य पाली में ही ली जाती थी । कन्वरजेंस की मात्रा के संबंध में, प्राय: अंतर्विरोधी साक्ष्य सामने आए हैं । स्पष्टतया, प्रबंधन द्वारा इन प्रेक्षणों को गंभीरता से नही लिया गया था । इससे पहले, अन्य पैनलों में, टेलिस्कोपिक प्रकार के कंवरजेंस रिकार्डरों का प्रयोग किया गया था जिसका प्रयोग इस पैनल में बंद कर दिया गया और छत के एक निश्चित बिन्दु से फर्श के उदग्र नीचे स्थित बिन्दु की दूरी माप कर कन्वरजेंस की गणना कर ली जाती थी । यह दूरी एक टेलिस्कोपिक रॉड द्वारा मापी जाती थी । इस रॉड में एक बाहरी घटक (आउटर मेम्बर) और एक खिसकने वाला भीतरी घटक (स्लाइडिंग इनर मेम्बर) था जिसे एक नट कसकर गतिहीन किया जा

सकता था । भीतरी घटक में अंशांकित (ग्रेजूएटेड) भाग की माप तली की तरफ 0 मी.मी. से छत की तरफ 520 मी.मी. थी । साक्ष्य के अनुसार श्री श्रीनिवास एक पर्ची पर माप लिया करते थे और उच्च अधिकारियों के पास भेज देते थे । अत:, छत और फर्श के संवरन अथवा विस्तारण के लिए और अधिक परिकलन की आवश्यकता थी । इसमें त्रुटि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त, भूमिगत उपस्थित कर्मियों को अभिसरण और उसकी दर के बारे में प्रत्यक्ष ली गई प्रेक्षणों से काफी लम्बे समय तक पता नहीं होता था । व्यवस्था दोषपूर्ण है और ऐसा प्रतीत होता है कि प्रबंधन वास्तव में वैज्ञानिक ज्ञान का लाभ उठाए बिना नियमों के पालन करने का केवल दिखावा करना चाहता था । प्रस्तुत किए गए अभिलेख से भी यही लगता है कि प्रविष्टियां एक बार में ही की गई और विश्वास करने योग्य नहीं है ।

उपर्युक्त स्पष्ट परिलक्षित होता है कि प्रबंधन ने निर्देशों का पालन करने की परवाह नहीं की और ऐसे पठनों (रीडिंग) से कोई लाभ नहीं उठा सके । जबकि यह भविष्यवाणी का सुस्पष्ट तरीका नहीं है फिर भी, इससे कुछ संकेत निश्चय ही प्राप्त किए जा सकते हैं, यदि अभिसरण (कन्वरजेंस) नियमित और गंभीरता से थोड़े-थोड़े अन्तराल पर अभिलिखित (रिकार्ड) किए जाएं "कठिनाई से धंसने वाली छत" के मामले में, एक सतत अभिसरण अभिलेखी (कन्वरजेंस रिकार्डर) अधिक लाभदायी होगा क्योंकि दबाव और तदनुसार छत का नीचे आना अचानक होता है ।

6.1.10 **सपोर्ट :** उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार, कार्यरत (वर्किंग) स्लाइस और गोफ किनारों दोनों में ही लकड़ी के (टिम्बर) सर्पोट सिस्टेमैटिक सर्पोट नियमावली के अनुरूप दिये गए थे । दुर्घटना स्थल के बाहर कई खूंटे तली में धंसे हुए दिखाई दिए । स्पष्ट है कि इन अवलम्बों (स्पोंटों) द्वारा कड़ा प्रतिरोध दिखाने पर कुछ जगहों पर फर्श में छेद हो गया था । संदर्भित भू-खनन परिस्थितियों के अंतर्गत, गोफ किनारों के अवलम्ब (स्पोंट) पर्याप्त कठोर नहीं थे और उन्हें अधिमानत: उत्कृष्ट प्रकार के अवलम्बों, जिनका उल्लेख "अनुशंसा" में किया गया है, के द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ।

6.1.11 **केन्द्रीय खनन अनुसंधान संस्थान की रिपोर्ट :** जैसे कि पैरा 1.5.5 में पहले भी उल्लेख किया जा चुका है के ख अ सं और एन आई आर एम से मामले का वैज्ञानिक अध्ययन कर अपने निष्कर्ष न्यायालय को प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था । इन आई आर एम ने कोयला सीम और रूफ रॉक की भू-यांत्रिकी विशेषताओं का पता लगाने के लिए अध्ययन किए और के ख अ सं ने गणीतीय अध्ययन द्वारा स्थिति का निरूपण किया के ख अ सं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अनुलग्नक-XI में है । कुछ महत्वपूर्ण प्रेक्षण निम्न प्रकार हैं :–

(i) एन आई आर एम ने अपनी भू-तकनीकी अध्ययन में पाया कि छत और फर्श का संबरण केवल फर्श के संचालन के कारण हुआ था । पिलर की ऊँचाई के मध्य में एक क्षैतिज तार खींचकर, उससे छत और फर्श की दूरी मापने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंच गया । पर पहुँचा गयर । किसी भी फर्श उत्थान की घटना के लिए दबाव को पिलर से होकर गुजरना पड़ता है और प्रर्याप्त दबाव उत्पन्न करने के लिए पिलरों को नीचे धँसना पड़ेगा । गैलरियों में फर्श के नीचे मिट्टी की परत के कारण, स्पष्ट है कि छत और पिलर एक साथ नीचे आ गए । यह गोफ किनारों से काफी दूरी पर हुए फर्श उत्थान को भी स्पष्ट करता है, यह निकटवर्ती पैनल 46ए से भार के, बैरियर पिलरों को बिना कोई हादि पहुँचाए, पार कर, कार्य-स्थल तक स्थानांतरित होने का आंशिक कारण भी स्पष्ट करता है ।

निरीक्षण के दौरान, न्यायालय ने गोफ से दो पिलर की दूरी पर व्यापक फर्श उत्थान देखा था । इसके अतिरिक्त, यह प्रतीत होता है कि भार का पिलरों को पार कर ऐसा स्थानांतरण केवल तभी संभव है जब दबाव एक उच्च मान तक पहुँच जाता है ।

(ii) एन आई आर एम द्वारा प्रस्तुत किए गए भू-तकनीकी आँकड़ों के आधार पर सी एम आर आई ने स्थितियों के अनुरूप एक संख्यात्मक प्रतिरूप चलाया । विभिन्न प्रतिरूपों को चलाने के बाद, वे इस नतीजे पर पहुँचे हैं कि पैनल संख्या 46ए एवं 46बी के मध्य सबसे छोटे बैरियर पिलर का धँसना दुर्घटना का प्रमुख प्रभावी कारक था, जिसने निष्कर्षित पैलन सं. 46ए सं. से भार को पैलन 46बी के कार्य-स्थल पर स्थानांतरित कर दिया । पैनल संख्या 46ए गतिशीलता का उनका निष्कर्ष इस पकिल्पना पर आधारित था कि उस पैनल में कुछ स्टुक्स/पिलर को बिना निष्कषर्ण किए छोड़ दिया गया था और पाए गए अधिकतम धँसान का प्रतिशत सैद्धांतिक (अधिकतम की) तुलना में कम था । इसके अतिरिक्त जब हम अधिकतम धँसान की दर की तुलना निष्कर्षण की मोटाई से करते हैं तो यह पाया गया कि पैनल सं. 46ए में यह दर अन्य पैनलों की तुलना में कम है जिससे निष्कर्षण के कम प्रतिशत के संकेत मिलते हैं। यह एक सत्यापित सत्य है कि पैनल में निष्कर्षण पूरा होने की तारीख से एक वर्ष से भी ज्यादा की अवध तक गोफ में गतिशीलता जारी रहती है । उपर्युक्त प्रेक्षणों और रिपोर्ट में पहले किए गए विचार-विमर्श से, हम समझते हैं कि समीपस्थ पैनल संख्या 46ए में गतिशीलता का दुर्घटना में कुछ तो योगदान अवश्य है ।

चूँकि तैयार किए गए संख्यात्मक प्रतिरूप स्थानीय प्रेक्षणों द्वारा अंशांकित नहीं किया जा सके, अत:, परिमाणात्मक प्रेक्षण पर कुछ संदेह बना रहता है । हलांकि दुर्घटना की आकस्मिकता, आकास्मिक भारी दबाव की और संकेत करती है जिसे संभवत: समिपस्थ पैनल से दबाव/गतिशीलता के योगदान से समझा जा सकता है ।

6.1.12 **खनन सुरक्षा महानिदेशालय की भूमिका :** साक्ष्य के अनुसार, इस खान का निरीक्षण ख सु म नि के अधिकारियों द्वारा दिसम्बर, 2003 में किया जाना था । इस संबंध में इसी न्यायालय द्वारा मेसर्स एस सी कम्पनी लिमिटेड की गोदावरीखनी सं. 7 (एल ई पी) खान में हुए अन्य हादसे में दिए गए प्रेक्षणों का अवलोकन किया जाए और इस मामले के लिए भी उन्हें मान्य माना जाए ।

6.1.13 **क्या दुर्घटना-स्थल पर अनेक कार्यवाहियाँ साथ-साथ चल रही थी ?** जिन व्यक्तियों को घातक चोटें लगी, उनमें चार लोडर, दो कोलकटर, तीन सर्पोट कर्मी और एक माइनिंग सिरदार था । साक्ष्य के अनुसार जब शेष कोयले की भराई चल रही थी तो कोकटर कोयले के ढेलों को तोड़ रहे थे । एक सर्पोट कर्मी माइनिंग सिरदार से मिलने दूसरी फेस से आया था और दो सर्पोट कर्मी सर्पोटों

को कसने का अपना काम पूरा करने के बाद भी वहाँ मौजूद थे । सामान्यत: फेस निकट का कार्य-स्थल डिस्ट्रिक में सबसे खतरनाक स्थान है । जिन व्यक्तियों की उपस्थिति आवश्यक नहीं हो उन्हें माइनर्स स्टेशन पर ठहरना चाहिए और इस मामले की तरह कार्य-स्थल पर नहीं, जिससे ऐसे स्थानों पर कर्मियों की गहनता कम हो सके ।

6.1.14 क्या डिपिलरिंग डिस्ट्रिक में पर्याप्त अनुभवी कर्मी तैनात किए गए थे ? साक्ष्य के अनुसार, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, ओवरमैन, सिरदारों, सभी को परंपरागत डिपिलरिंग द्वारा निष्कर्षण में पूर्व-अनुभव था । सुरक्षा अधिकारी श्री सी. एच. दयानन्द को ऐसा कोई अनुभव नहीं था । जहाँ तक मानव संसाधन की तैनाती का संबंध है यह सुरक्षा के प्रति प्रबंधन के उदासीन रवैये दर्शाता है ।

6.1.15 क्या रात्रि पाली के सरदार द्वारा द्वितीय पाली के सरदार से प्रभार ग्रहण करने में हुई देरी का दुर्घटना पर कोई असर था ? अपने शपथ-पत्र में एक अभिसाक्षी ने कहा है कि प्रभार ग्रहण करने में दो घंटे की देरी हुई थी । इस अवधि में गोफ से आने वाली कोई भी आवाज अलक्षित गयी होगी । साक्ष्य से यह स्पष्ट है कि प्रभार ग्रहण करने में हुई देरी, यदि कोई थी, तो बहुत अधिक नहीं थी और जब कर्मियों को तैनात किया गया, तब कोई घरघराहट भरी अवाज नहीं सुनाई पड़ी एवं दुर्घटना कर्मियों के कार्य-स्थल पर पहुँचने के काफी समय बाद घटित हुई ।

अध्याय–VII

निष्कर्ष

7.1 पैनल संख्या 46 बी में निष्कर्षण दिनांक 17 जुलाई, 2003 को आरंभ हुआ जबकि दक्षिण की ओर के निकटवर्ती पैनल संख्या 46ए में निष्कर्षण अभी भी चल रहा था । पैनल सं. 46ए दिनांक 30-09-2003 को सील बन्द की गई । पैनल संख्या 46बी के उत्तर की ओर की पैनल संख्या 41 एवं डिप की ओर की पैनल संख्या 44 में निष्कर्षण काफी समय पहले किया जा चुका था ।

7.2 यदि सभी पिलरों पर विचार करें तो निष्कर्षण रेखा विकर्ण थी । हालांकि, विनियम 100 के अंतर्गत अनुमति में फेसों की विकर्ण रेखा अपेक्षित थी अर्थात् निष्कर्षण फेसों की रेख विकर्ण होनी चाहिए थी । परनतु जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है, जहाँ दुर्घटना हुई उस स्लाइस के दक्षिण-पूर्व के आधे पिलर का निष्कर्षण, विकर्ण रेखा से पहले ही पूरा किया जा चुका था । इस प्रकार, फेस निष्कर्षण की वास्तविक विकर्ण रेखा में, भार का वह हिस्सा जो उस हाफ पिलर द्वारा वहन किया जाना था, दुर्घटना स्थल के रिब पर स्थानांतरित हो गया ।

7.3 पहला स्थानीय फॉल दिनांक 14-10-2003 की रात्रि पाली में हुआ उसके बाद दूसरा दिनांक 15-10-2003 की रात्रि पाली में और तीसरा फॉल दिनांक 16-10-2003 की रात्रि में हुआ, जिसने दुर्घटना को अंजाम दिया । दुर्घटना के समय गोफ में अनावृत क्षेत्र 5160 व. मी. था ।

7.4 4000 व.मी. से अधिक विस्तार वाले लटकते गोफ को नीचे लाने के लिए प्रेरक विस्फोट के लिये गठित व्यवहार संहिता का पालन इसलिए नहीं हुआ क्योंकि शॉट होल्स की गहराई कम कर दी गई थी और 4000 व. मी. से अधिक विस्तार क्षेत्र के लटकते गोफ के लिए गोफ के समानान्तर प्रेरक विस्फोट करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त शॉट होल्स अल्प अवधि में नहीं किया जा सका ।

7.5 रिब का न्यूनीकरण भी उस स्थिति के लिए विवेकसम्मत सीमा से अधिक प्रतीत होता है ।

7.6 न्यायालय के समक्ष और ख सु म नि द्वारा की गई सांविधिक जाँच के क्रम में उपलब्ध साक्ष्य तथा अभिलेखों (रिकार्डों) से भी यह स्पष्ट है कि दुर्घटना से पूर्व कार्य-स्थलों में दबाव के लक्षण थे । निर्धारित भू-खनन स्थिति के अंतर्गत, दबावों, के पुन: वितरण का संकेत देती स्थानीय फॉल और मुख्य फॉल से पहले फर्श उत्थान और उसके बाद दबाव की उम्मीद की जा सकती है । प्रत्यक्षतया प्रबंधन संकेतों का सही आकलन करने में असफल रहा ।

7.7 पैनल सं. 46 बी में निष्कर्षण तब आरम्भ किया गया था जबकि उसके दक्षिण ओर के पैनल सं. 46ए में निष्कर्षण अभी चल रहा था । यह दुर्घटना निकटवर्ती पैनल सं. 46ए को सील बन्द करने के मात्र लगभग 16/17 दिनों बाद हुई । अत: सुरक्षा पूर्वक यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि दुर्घटना के समय पैनल सं. 46ए में गतिशीलता पूरी तरह बन्द नहीं हुई थी । सन्निकट गोफ से दबावों की अंत: क्रिया के कारण भार स्थानांतरण ने संभवत इस आकस्मिक गतिशील दबाव को अंजाम दिया, जिसके कोई पूर्व संकेत कर्मियों को नहीं मिल पाए ।

7.8 दिनांक 16-10-2003 की दूसरी पाली में, 55-1/2 एल एस/9 डिप की पहली डिप स्लाइस डिप की ओर के गोफ से जुड़ गई और दक्षिण ओर की रिब को विस्फोट द्वारा घटा दिया गया । 17-10-2003 की सुबह लगभग 1.00 बजे (दिनांक 16-10-2003 की तीसरी पाली) में, जब विस्फोटित रिब से कोयले की भराई की जा रही थी, कुछ कोलकटरों, सहायक कर्मियों और सिरदार की उपस्थिति में, गोफ में एक स्थानीय फॉल हुआ जो दक्षिणी रिब को कुचलते हुए कार्य-स्थल तक विस्तृत हो गया और दस व्यक्ति इसके नीचे दब गए जबकि दो मामले चोट के साथ बच निकले ।

अध्याय-VIII

प्रबंधन की सक्षमता तथा अभिवृति

8.1 प्रभावी व्यवहार संहिता एवं खा सु म नि द्वारा उत्प्रेरक विस्फोट के लिए शॉट होल्स की लम्बाई नहीं घटाने बाबत विशेष अनुरोध पत्र के बावजूद प्रबंधक श्री एम. श्रीहरि ने स्वयं उत्प्रेरक विस्फोट के लिये शॉट होल्स की लम्बाई 2.7 मी. से घटा कर 1.8 मी. कर दी थी ।

8.2 गोफ में अनावृत क्षेत्र 4000 व मी. से अधिक हो जाने के बावजूद गोफ के सामानान्तर उत्प्रेरक विस्फोट के लिए अतिरिक्त होल की विशेष व्यवस्था को तत्परता से पूरा नहीं किया गया । इसे 25 दिन के बाद भी पूरा नहीं किया गया था जबकि यह एक सप्ताह के अन्दर पूरा किया जा सकता था ।

8.3 को खा वि, 1957 के नियम 100 के उप विनियम (2) के अन्तर्गत पीलर निष्कर्षण/न्यूनीकरण का कार्य इस तरह किया जाना चाहिए कि, जहां तक संभव हो, गोफ में धंसान के विस्तार को उन पिलर के ऊपर आने से रोक सके जिनका निष्कर्षण नहीं हुआ हो ।

को खा वि, 1957 के नियम 100 का उप-नियम (5) अपेक्षा करता है कि एयर ब्लास्ट या पिलर पर दबाव के खतरे को देखते हुए, जहां पूरा या अधिकतम कोयला निकालने तथा छत के धंसने देने की विधि से निष्कर्षण किया जा रहा हो वहां प्रचालन ऐसा हो कि कम से कम क्षेत्र का गोफ खड़ा हो । जहां संभव हो, गोफ को नियमित अंतराल पर नीचे लाने के उचित साधन अपनाने चाहिए ।

इसलिए जब गोफ में छत के गिरने में विलम्ब हो रहा था तो उत्प्रेरक विस्फोट के लिये लम्बे शॉट होल देने के बदले प्रबंधक ने अति कम लम्बाई के शॉट होल लगाना जारी रखा तथा उत्प्रेरक विस्फोट द्वारा गोफ को भरने के निमित्त अतिरिक्त शॉट होल लगाने के उपाय करने में भी विफल रहे । वास्तव में, उन्होंने गोफ को नीचे लाने के लिये कानून अपेक्षित कुछ भी नहीं किया ।

8.4 पैनल नं. 46बी का निष्कर्षण एक विशेष मामला था जहां तीनों तरफ से गोफ था जो कि तुलनात्मक रूप से ज्यादा खतरनाक स्थिति है । वे पहले किए गए अवलोकनों को समझने में भी नाकाम रहे, जहां इसी तरह की परिस्थिति में मुख्य फॉल 5000 व. मी. के नजदीक और साधारणतया एक या दो स्थानीय फॉल के बाद होता था। इस मामले में गोफ में अनावृत छत 5100 व.मी. से ज्यादा था तथा दो दिन में लगातार दो स्थानीय फॉल हुए थे जिससे उनके दिमाग में चेतावनी की घंटी बजनी चाहिए थी । न केवल वे तथा अभिकर्त्ता कोई सुधारात्मक कार्य करने में विफल रहे बल्कि उन्होंने 24 घंटे के अन्दर हुए दो लगातार स्थानीय फॉल के बावजूद 16-10-2003 की सुबह उक्त स्थल के निरीक्षण की भी परवाह नहीं की । प्रबधंक भार के लक्षण को भी पहचानने में नाकाम रहे जिसे उन्होंने 15-10-2003 को पैनल के निरीक्षण के समय आवश्य देखा होगा एवं पीलर के झड़ने, उत्थान तथा पीलर कुचलने के अवलोकन जो ओभरमैन के दैनिक उत्पादन प्रतिवेदन में उल्लेखित थे तथा जो अवर प्रबन्धक के साथ-साथ उनके द्वारा भी प्रतिहस्ताक्षरित थे को भी समझने में विफल रहे ।

8.5 प्रबंधन ने प्रत्येक पाली में कार्य-क्षेत्र में अभिसरण के प्रेक्षण तथा अभिलेखन से सम्बन्धित कोई सही प्रणाली नहीं अपनायी जो पुन: प्रबंधन की दक्षता में कमी या उससे दयनीय स्थिति दर्शाता है ।

8.6 मैं प्रबंधन के बारे में पूर्व अवलोकनों पर ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा जो मैसर्स सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड के जीडीके सं. 7 (एल इ पी) खदान में घटित दुर्घटना की जांच हेतु गठित जांच न्यायालय द्वारा की गई है और जो इस मामले में भी सही है ।

मैं केशरगढ़ कोलियरी में 09-08-1975 को घटित दुर्घटना के सम्बन्ध में जांच न्यायालय की अनुशंसाओं पर भी ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा जहां अन्य बातों के अतिरिक्त न्यायालय ने पाया कि;

...यह बिल्ली और चूहा दौड़ की वही कहानी है, या कहें कि एक तरफ खान सुरक्षा विभाग, जो सिपाही तथा अभियोजक की भूमिका में नियामक का कार्य कर रहा है तथा दूसरी तरफ कोलियरी प्रबंधन, जो स्वत: सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये उत्सुक तो नहीं है परन्तु अभियोजन को टालने के लिए, सुरक्षा के प्रति जागरूक की नहीं, केवल विधिपालक का आभास दिलाने को उत्सुक है ।

...इस अभिवृति के पीछे यह धारणा है कि सुरक्षा के सम्बन्ध में सारी समझदारी खान विनियम में समाविष्ट है और इसी लिए आगे उन्हें पालन करने के सिवा कुछ नहीं करना हैं और इन विनियमों के पालन में हुई उल्लंघनों को निर्दिष्ट करने की जबाव देही पूर्ण रूप से खान सुरक्षा विभाग की है । ये मान्यताएं न केवल गलत व खतरनाक है बल्कि कोलयरी प्रबन्धन की दृष्टि से, नकारात्मक प्रवृत्ति की भी हैं। यह स्पष्ट तौर पर उल्लेखित होना चाहिए कि खदान में सुरक्षा की प्राथमिक जिम्मेवारी संबंधित प्रबंधन की है । किसी दुर्घटना में और उसके बाद उसकी खा सु म नि या जांच न्यायालय द्वारा जांच के दौरान यह तर्क देना कि यहां खा सु म नि के निर्देशों का गंभीर उल्लंघन नही हुआ है या कोई विशेष पद्धति खा सु म नि के अनुमोदन से अपनायी गयी है, को समुचित बचाव नहीं माना जाना चाहिए । यह प्रबन्धन को सिद्ध करना चाहिये कि सारी सावधानियां, चाहे खा सु म नि द्वारा अपेक्षित हो या नहीं, ली गई थीं और अपनाई गई कार्य-प्रणाली अपनी गुणवत्ता के आधार पर न्यायसंगत है ।

दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि 30 साल पहले के अवलोकन आज भी मान्य लगते हैं ।

8.7 उपरोक्त से यह स्पष्ट है कि प्रबंधक, श्री एम. श्रीहरि तथा अभिकर्त्ता, श्री के गुरूवैयाह, पैनल सं. 46 बी में अभिभावि भू-खनन स्थिति को सक्षमता पूर्वक पढ़ने/समझने में असफल रहे । जब गोफ में अनावृत क्षेत्र 4000 व. मी. से अधिक हो गया था तो उत्प्रेरक विस्फोट के लिए तत्काल लंबे शॉट होल का प्रयोग कर छत को गिराने का उपाय करना चाहिए था । बहुत कम अंतराल पर हुए स्थानीय फॉल के रूप में पूर्व संकेतों को और तली में उत्थान, लीड का संकुचन तथा खूंटे के टूटने आदि के रूप में कार्य-स्थल पर पड़ रहे दबाव को भी समझने में असफल रहे । उनके पास अभिसरण के पाली वार अभिलेखन व विश्लेषण की पद्धति नहीं थी ।

सरकार उचित कार्रवाही कर सकती है ।

अध्याय-IX

अनुशंसाएं

9.1 अत्यधिक कड़े/ठोस छत की पत्थर और/अथवा कोमल फर्श के कारण जहां ओवर राइडिंग की संभावना है वैसे कार्यस्थलों पर निम्नलिखित सावधानियां बरती जा सकती हैं :

i. गोफ के अन्दर कुछेक लकड़ी के खूंटे संकेतक-खूंटे के रूप में रखते हुए गोफ किनारे को रॉक-बोल्ट पद्धति से आवश्य सपोर्ट करना चाहिए ।

ii. रिब्स को घटाने के पहले स्लाइस मे रिब किनारे रॉक बोल्ट की एक कतार लगाई जा सकती है । इन्हें स्लाइस चलाने के समय भी लगाया जा सकता है ।

iii. के ख अ सं/रा शै यां सं द्वारा बदलती भू-खनन परिस्थितियों के लिये उपरोक्त के अनुसार रॉक बोल्टिंग के विभिन्न प्रतिकृतियां पैटर्न निर्धारित करने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया जा सकता है ।

iv. किसी कारणवश यदि ऐसी स्थिति को नहीं टाला जा सकता है जहां ऐसे पैनल का निष्कर्षण करना है जिसके तीनों तरफ गोफ हैं तो यह आवश्य सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि पैनल के समीप सभी गोफ में मुख्य फॉल हो चुके हो और इनमें गतिशीलता/सक्रियता थम गई हो ।

यदि कोई शंका हो तो पैनल अवरोधक (बैरियर) की मोटाई को खा वि 1957, के विनियम 99 में दर्शाई मोटाई से अधिक होनी चाहिए ।

v. ऐसे पैनल, जिनमें छत कठिनाई से धंसने वाली हो, में फॉल के पूर्वानुमान के लिए और अधिक वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है । इस तरह के मामले में अभिसरण अभिलेखी यंत्र सतत-अभिलेखी प्रकार का होना चाहिए तथा इस तरह के गतिशीलता के परिवीक्षण के लिए शिक्षित तथा दक्ष व्यक्ति को ही नियोजि किया जाना चाहिए ।

vi. कठिनाई से धंसने वाले छत के मामले में रिब की रूपरेखा तथा इसके विवेक सम्मत न्यूनीकरण हेतु और अधिक वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है तथा इसे किया जाना चाहिए ।

vii. कम्पनियों में उचित मानव संसाधन नीति होनी चाहिए जिससे कि किसी व्यक्ति को खान में जिम्मेवारी वाले पद जैसे प्रबंधक, सुरक्षा पदाधिकारी इत्यादि पर स्थापित करने के पहले उन्हें विभिन्न प्रकार के कार्य का अनुभव होना चाहिए, जिससे कि वे सुरक्षा में सुधार हेतु अपना योगदान कर सकें ।

viii. खा सु म नि के अधिकारियों द्वारा निष्कर्षण की अवधि में पैनल, का विशेष कर कठिनाई से धंसने वाले क्षेत्र, का निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिये अवश्य होना चाहिए कि हैंगिंग गोफ को कम करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं ।

ix. पर्यवेक्षकों व कर्मियों को, वे जिस भाषा में समझे, खान के लिए बने व्यवहार संहिता प्रबन्धन द्वारा न केवल प्रचारित किया जाना चाहिए बल्कि उसकी व्यवस्थाएं उन्हें विस्तार पूर्वक समझाई जानी चाहिए ।

x. उत्प्रेरक विस्फोट की उन्नत विधि के लिए समुचित यांत्रिक साधनों से लम्बे होल की ड्रीलिंग और उचित प्रकार के विस्फोटक के विकास पर काम किया जाना चाहिए । विस्फोटक के अलावा दूसरे विकल्प, जैसे हाइड्रो फ्रैक्चरिंग के उपयोग की सम्भावनाओं पर अन्वेषण होना चाहिए ।

xi. ऐसे मामलों में जहां तली के नीचे कोमल मिट्टी की परत हो वहां निष्कर्षण विधि के निर्णय करने से पहले समुचित अध्ययन आवश्य किया जाना चाहिए ।

xii. चूंकि भूमिगत खदान में खतरे की उपस्थिति को पूर्णतया दूर नहीं किया जा सकता है अत: जीवन की क्षति को कम करने के लिए कार्य-स्थल पर कर्मियों की गहनता कम रखी जानी चाहिए । उपरोक्त परिस्थिति में उचित मशीनीकरण के बारे में विचार किया जा सकता है ।

अध्याय-X

खर्चे तथा वसूली

10.0 कार्यवाही की लागत मैसर्स सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड के प्रबंधन द्वारा वहन किया जाना है ।

अध्याय-XI

आभारोक्ति

11.1 मैं, अपने सहयोगियों तथा स्वयं की ओर से, उन सभी को जिन्होंने इस जांच में अपना सहयोग दिया, विभिन्न पक्षकारों को जांच के दौरान शालीनता व गरिमा बनाये रखने के लिये, प्रबंधन को जांच के साधन जुटाने में उनके भरपूर सहयोग के लिये और खान सुरक्षा महानिदेशालय, दक्षिणी मंडल हैदराबाद के अधिकारियों को जांच प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग के लिये, हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ ।

11.2 हम सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड के प्रबन्धन तथा सभी श्रमिक संघ संगठनों को हमारा कार्य उचित समय में पूरा करने में दिये गये सहयोग के लिये भी आभारी हैं । आगे हम श्री जी. दासप्पा, जांच न्यायालय के सचिव, जिन्होंने जांच न्यायालय को सुचारू रूप से कार्य करने में सहयोग दिया एवं श्री के. मुरली, आशुलिपिक एवं श्री बी. नागेश्वर राव, समूह लिपिक, दोनों खान सुरक्षा महानिदेशालय से, का लिपिकीय सहयोग देने के लिए आभारी हैं ।

ह.

16-10-2006

(न्यायमूर्ति विलाल नाज़की)

अध्यक्ष, जांच न्यायालय

ह./-	ह./-
16-10-2006	16-10-2006
(अ.कु. रूद्र)	(कमलेश सहाय)
असेसर	असेसर

अनुलग्नक -I

मृत व्यक्तियों की सूची

क्र.सं.	व्यक्ति का नाम	पदनाम	आयु
01	पिड्डुगु कोमुरैय्या	टिम्बरमैन	35
02	मंथनी राजम	टिम्बरमैन	48
03	अडपा अशोक	कोल कटर	48
04	कन्नूरी रायामल्लू	कोल फिलर	43
05	मीनुगु चन्द्रैय्या	कोल कटर	53
06	काशेट्टी नारायणा	कोल फिलर	42
07	रागुला नरसिंगा राव	कोल फिलर	47
08	मामिदी मल्लेस	टिम्बरमैन	57
09	थोटा बापू	कोल फिलर	49
10	लम्बू मलैय्या	व.मा.स.	49

अनुलग्नक-II

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 जनवरी, 2004

अधिसूचना

का.आ. . . . . . जबकि मेसर्स सिंगरेनी कोलियरिज कम्पनी लिमिटेड की कोलियरी में, अधिक विशिष्ट रूप से आन्ध्र प्रदेश राज्य के करीमनगर जिले में रामागुन्डम परिक्षेत्र की गोदावरी खानी नं. 8 ए खान में दिनांक 17 अक्टूबर, 2003 को एक दुर्घटना घटित हुई जिसके कारण जीवन हानि हुई ।

और जहाँ केन्द्रीय सरकार की राय है कि दुर्घटनाओं के कारणों और परिस्थितियों की एक औपचारिक जाँच होनी चाहिए और इसके अतिरिक्त इस दुर्घटना के कारणों के लिए जवाबदेही भी निर्धारित करनी आवश्यक है ।

अतः, इसीलिये, खान अधिनियम, 1952(1952 का 35) की धारा 24 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा ऐसी जाँच करने और तीन महीनों के भीतर एक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए न्यायमूर्ति श्री बिलाल नाजकी, न्यायाधीश, आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के नियुक्त करती है । केन्द्र सरकार जाँच के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों के भी निर्धारक (असेसर) के रूप में नियुक्त करती है, नामतः --

1. श्री ए.के. रूद्र, भूतपूर्व--खान सुरक्षा महानिदेशक, सी-2/26, केन्द्रीय विहार, वी.आई.पी. रोड-कोलकाता-52 ।
2. श्री कमलेश सहाय, सदस्य, सुरक्षा परिषद (बी.एम.एस.), भुरकुन्डा हास्पिटल कॉलोनी, पी.ओ. भुरकुन्डा बाजार, जिला-हजारीबाग (झारखण्ड) ।

[फाइल संख्या एन-11012/7/2003-[illegible]-सुरक्षा-2]

([illegible] पूनिया)

भारत सरकार के संयुक्त सचिव

अनुलग्नक-III

जी डी के-8ए इन्क्लाइन खान जाँच न्यायालय के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के नाम दर्शाने वाला विवरण

क्र.सं.	व्यक्ति का नाम	पद नाम
01	मिरयाला राजि रेड्डी	उपाध्यक्ष, एस सी एम डब्ल्यू (टी आर एस)
02	केंगरला मलैय्या	महासचिव, एस सी एम डब्लू यू (टी आर एस)
03	पेद्दापल्ली गट्टैय्या	सचिव, एस सी एम के (बी एम एस)
04	रियाज अहमद	महासचिव, एस एम एण्ड ई डब्लू यू (एच एम एस)
05	बैराम शंकर	उपाध्यक्ष, एस सी एल यू (टी एन टी यू सी)
06	जनक प्रसाद	महासचिव, इंटक
07	बी. वेंकट राव	कार्यकारी अध्यक्ष, इंटक
08	के. बालगोपाल राव	सदस्य, राज्य कार्यपालक समिति, मानवाधिकार मंच, हैदराबाद
09	पी. वासुदेव राव	निदेशक (प्रचालन) मैसर्स एस. सी. कम्पनी लि.
10	डी.एल.आर. प्रसाद	अध्यक्ष, सी एम ओए आई, एस सी सी एल शाखा
11	बी. रमेश कुमार	उपाध्यक्ष, सी एम ओ ए आई, एस सी सी एल शाखा

अनुलग्नक-IV

टिप्पणी

विषय : गोदावरीखानी नं. 8ए, इन्क्लाइन खान का, दिनांक 17 अक्तूबर, 2003 को इस खान में घटित बड़ी दुर्घटना की जाँच के संबंध में, निरीक्षण ।

1.0 मैंने इस खान की सीम सं. 1 में डिपीलरिंग पैनल सं. 46 बी में परिस्थितियों का पता लगाने के लिए दिनांक 28 अगस्त, 2004 को उपुर्यक्त खान का निरीक्षण किया, जहाँ दिनांक 17-10-2003 को बड़ी मात्रा में छत के गिरने के कारण घटित दुर्घटना की चपेट में 10 व्यक्ति आ गए थे । निरीक्षण के दौरान खान सुरक्षा महानिदेशालय से श्री एस.जे. सिबल, उप-महानिदेशक व श्री एम. नरसैय्या, खान सुरक्षा उपनिदेशक, तथा प्रबन्धन की ओर से श्री पी.वासुदेव राव, निदेशक (प्रचालन) तथा नामित मालिक, श्री एन. प्रभाकर राव, महाप्रबन्धक, आर जी 2 क्षेत्र, श्री डब्लू विजय बाबू, अभिकर्त्ता, श्री बी. मोहन रेड्डी, प्रबंधक तथा श्री राजन्ना, सर्वेक्षक मेरे साथ थे ।

2.0 पृष्ठभूमि सूचना :

2.1 गोदावरीखानी सं. 8 ए इन्क्लाइन, खान आन्ध्र प्रदेश के करीमनगर जिले में हैदराबाद से लगभग 245 कि.मी. की दूरी पर स्थित है । निकटतम रेलवे स्टेशन, रामगुन्डम, इस खान से 20 कि.मी. दूर, दक्षिण मध्य रेलवे के काजीपेट-बलारसाह खण्ड पर था ।

2.2 जैसा कि बोर छिद्र सं. 118 के काट में दिखाया गया है । खान के पट्टा क्षेत्र में चार कोयला सीमें, नामतः सं. 1, सं. 2, सं. 3 तथा सं. 4, अवरोही क्रम में पाई गई थी ।

2.3 सीमे उ. 84° 30' पू. की दिशा में 11 में 1 की दर से झुकी थी । सबसे उपर स्थित सीम सं. 1 तथा सीम सं. 2 में गोदावरीखनी सं. 8 ए इन्क्लाइन खान द्वारा खनन कार्य किया जा रहा था । विगत में, खान के पट्टा क्षेत्र में स्थित सीम सं. 2 में कार्य नहीं किया गया था । सीम सं. 2 में विकास कार्य हाल ही में आरम्भ किया गया था । नीचे स्थित सीम सं. 3 तथा 4 में गोदावरीखनी सं. 8 इन्क्लाइन खान द्वारा खनन कार्य किया जा रहा था । लगभग 6 मीटर मोटी सीम सं. 1 को 2.4 मी. से 2.7 मी. के खण्ड में, शेष कोयला तली में छोड़ते हुए, छत के साथ-साथ विकसित किया गया था । खान को पारंपरिक बोर्ड एवं पीलर पद्धति द्वारा व्यापक रूप से विकसित किया गया था और वर्तमान में पारम्परिक केविंग पद्धति द्वारा पीलरों का निष्कर्षण किया जा रहा था । अभी तक इस खान में केविंग पद्धति द्वारा 33 पैनलों का पूरी तरह निष्कर्षण कर उन्हें सील-बन्द कर दिया गया था । वर्तमान में तीन डिपीलरिंग पैनलों, नामतः, उत्तर की ओर पैनल सं. 21 और दक्षिण की ओर पैनल सं. 47 ए तथा 46 बी में कार्य किया जा रहा था। दुर्घटना सीम सं. 1 के डिपीलरिंग पैनल सं. 46 बी में 9 डिप के 55-1/2 एल एस की प्रथम स्लाइस में घटित हुई थी ।

बोर छिद्र सं. 118 पर संस्तर (स्ट्राटा) काट

3.35 मी.		सतही मिट्टी
88.09 मी.	.....	बलुआ पत्थर
1.22 मी.	////////	कोयला और चिकनी मिट्टी तथा बलुआ पत्थर
23.43 मी.	.....	बलुआ पत्थर
6.09 मी.	////////	कोयला सीम सं. 1
	////////	3.6 मीटर की ऊँचाई तक निष्कर्षण किया जा रहा ।
14.63 मी.	.....	बलुआ पत्थर
7.01 मी.	////////	स्लेटी पत्थर एवं कोयला-सीम सं. 2-अविक्रेय
17.37 मी.	.....	धूसर बलुआ पत्थर
9.75 मी.	////////	कोयला एवं स्लेटी पत्थर
12.5 मी.	.....	बलुआ पत्थर
1.53 मी.	////////	कोयला-सीम सं. 3 ए-अक्षत-अविक्रेय
2.13 मी.	.....	बलुआ पत्थर
9.44 मी.	////////	कोयला-सीम सं. 3 विकसित तथा दो
	////////	खण्डों में अर्थात् शीर्ष तथा तल खण्डों में पीलरों पर खड़ी ।
6.71 मी.	.....	बलुआ पत्थर
3.66 मी.	////////	कोयला-सीम सं. 4 विकसित तथा पीलरों पर खड़ी
3.05 मी.	.....	बलुआ पत्थर

2.4 सीम सं. 1 के पैनल सं. 46 बी में पिलरों के निष्कर्षण की अनुमति इस महानिदेशालय के पत्र सं. एच1/010054/पर्म/2002/637, दिनांक 8-4-2003 द्वारा दी गई थी । पैनल में पिलरों का औसत आकार 26 मी. × 26 मी. (केन्द्र से केन्द्र तक) था । कोयला निष्कर्षण की विधि के अन्तर्गत कोयले के प्रत्येक पीलर को 4.2 मी. चौड़ी मध्य लेवल विभंजक द्वारा दो समान भागों में विभाजित (स्प्लिटिंग) कर फर्श के कोयले को लेते हुए तथा 2.4 मी. की एक पट्टी (रिब) छोड़ते हुए, लगभग 4 मी. चौड़ी व 3.6 मी. ऊँची स्लाइस चलाना था। बाद में कोयले की इस पट्टी का विवेक पूर्वक निष्कर्षण किया जाता था । इसकी सन्निकट छत ठोस बलुआ पत्थर थी और उसका आर एम आर मान (आर.एम.आर. वैल्यू) 43.74 था जो कि साधारण श्रेणी की छत मानी जाती है । लागू क्रमबद्ध अवलम्ब नियमावली (सपोर्ट रूल्स) के अन्तर्गत कार्य क्षेत्रों, गोफ किनारों तथा मुंहानों इत्यादि के अवलम्ब के लिए पारम्परिक कॉग और खूँटों (प्रास एवं कॉग्स) का प्रयोग करना था । पैनल में निष्कर्षण दिनांक 17-7-2003 से आरम्भ हुआ था । गोफ में छत का पहला धँसान (रूफ फॉल) दिनांक 14-10-2003 को हुआ था जब लगभग सात पीलरों का निष्कर्षण किया जा चुका था और अनावृत छत का क्षेत्र लगभग 5050 व. मी. था और फॉल का क्षेत्र लगभग 1750 व मी. था । दिनांक 15-10-2003 को लगभग 3220 व मी. क्षेत्र का दूसरा फॉल हुआ जब गोफ में अनावृत छत का क्षेत्र लगभग 5710 व मी. था ।

3.0 निरीक्षण का मार्ग :

हम मुख्य इन्क्लाइन डिप से होकर 12 एल तक गए और 8 डिप से होकर 54 एल तक गए । 54 एल एन में पृथक्करण रोधकों (आइसोलेशन स्टापिंग) का निरीक्षण किया और 53 एल में वापस गए तथा 53 एल से होकर 8 डिप तक, वहाँ से 9 डिप तक और फिर 10 डिप तक गए तथा 10 डिप से होकर 53/1-2 एल तक और 53/1-2 एल से होकर दूसरे डिप स्लाइस तक गए तथा सतह पर लौटे ।

(क) 9 डिप तथा 8 डिप के बीच में 35 एल से 38 एल तक पृथक्करण रोधकों का प्रबंध किया गया था । दिनांक 15-12-96 को सीम सं 3 के पैनल बी 4 में निष्कर्षण के कारण इन गैलरियों में सीओ (कार्बन मोनोक्साइड) के अंश परिलक्षीत किए गए थे जिसके कारण इन रोधकों का निर्माण किया गया था । यद्यपि ये रोधक अन्तर्गामी वायु मार्ग के सामने अनावृत थे । इसकी अनुमति नहीं होनी चाहिए । यदि वहाँ स्वतः प्रसत तापन (स्पानटोनियस हीटिंग) होती है तो नीचे काम पर लगाए गए व्यक्तियों को उससे प्रभावित होने की संभावना है ।

(ख) पैनल 46 बी के 4 एल/8 डिप मुँहाने पर फर्श से लगभग 1 मी. कोयला उठाया गया था । गैलरी की ऊँचाई लगभग 3.2 मी. थी ।

(ग) 53 एल एन और 54 एल एन के पृथक्कारी रोधक के सामने अवरोधक (बैरियर की तरफ पूरे 8 डिप में दबाव के कारण लकड़ी के कॉग कुचले हुए पाए गए थे । 54 एल एन पृथक्करण रोधक के सामने लगाए गए लकड़ी के कॉग

कुचले हुए थे । 53 एल एन में पृथक्करण रोधक के सामने एक लोहे का कॉग लगाया गया था । तल का उत्थान को दर्शाते अभिसरण के कारण कॉग के पाये फर्श में लगभग 0.6 मी. तक धंसक गए थे वहाँ पृथक्करण रोधकों के दरारें पड़ गई थी । 52 एल एन/12 डिप से यह देखा गया था कि 11 डिप/52 एल में भारी मात्रा में छत गिरी है जो कि हाल ही की प्रतीत हो रही थी । 12 डिप/52 एल मुँहाने पर लगभग 2 मी. ×1 मी. ×0-0.3 मी. आकार वाली छत की एक परत गिरी हुई थी ।

(घ) 11 डिप/53-1/2 एल का फॉल 54 एल के ठीक नीचे तक हुआ था और इसका विस्तार दक्षिण की तरफ 12 डिप तक था तथा पूरी तरह छत तक भर गया था । 53-1/2 एल/11 डिप की दूसरी स्लाइस में जहाँ डिप स्लाइस 54 एल से जुड़ गयी थी वहाँ लगभग 30 टब कोयले का चूरा था । गोफ की तरफ छोड़ी गई पट्टी (रिब) पंक्चर हो गई थी और दो ठूँठ (स्टम्प) देखे जा सकते थे ऊपरी ओर के ठूँठ (स्टम्प) में कुचल जाने का निशान थे ठूँठ (स्टम्प) का आकार 2-1/2 मी. (लेवल) ×2 मी. (डिप) था । डिप की तरफ का ठूँठ (स्टम्प) लगभग 2 मी. ×2 मी. का था । स्लाइस में भी कोयले के चूरे पड़े थे वहाँ लोहे के 7 खूँटे मुड़े हुए पाए गए थे ।

(ङ) आगे गोफ में 12 डिप की तरफ, पहली स्लाइस की पट्टी (रिब), ठूँठ (स्टम्प) लगभग 1 मी. × 1 मी. का था । इस क्षेत्र में छत नहीं गिरी थी ।

(च) दूसरी स्लाइस से यह देखा जा सकता था कि स्लाइस के अन्तिम भाग से 4 मी. नीचे फॉल हुआ था ।

(छ) 9 डिप/53 एल मुँहाने पर लगभग 30 से.मी. मोटी छत की एक परत गिरी थी । 9 डिप से 53 एल के नीचे अवलम्ब के रूप में लगाए गए लोहे के खूँटे मुड़े हुए पाए गए थे ।

(ज) 12 डिप में, जहाँ पहले उत्प्रेरक विस्फोट किया गया था, छत का गिरना बढ़ गया था । 53-1/2 एल में 10 डिप से आरम्भ होकर स्लाइस तक भारी मात्रा में काँती का झड़ना स्पष्ट था । वहाँ 10 डिप और 9 डिप के बीच में भी भारी मात्रा में काँती का झड़ना और तली में लगभग 0.5 मी. तक का उत्थान देखा गया था ।

अत्यधिक तली उत्थान, काँती का झड़ना और छत का गिरना संबंधी उपर्युक्त अवलोकन यह दर्शा रहे थे कि गोफ में काफी लम्बे समय से गतिशीलता सक्रिय थी ।

(ए.के. रूद्र)
निर्धारक (असेसर)
जाँच न्यायालय
गोदावरीखनी नं. 8 ए इन्क्लाइन

अनुलग्नक-V

निरीक्षण टिप्पणी (नोट)

विषय : दिनांक 17 अक्टूबर, 2003 को गोदावरीखनी नं. 8ए इन्क्लाइन खान में घटित बड़ी दुर्घटना की जाँच के संबंध में इस खान का निरीक्षण ।

1.0 दिनांक 1 दिसम्बर, 2004 को मैंने उपर्युक्त खान, का निरीक्षण इसकी सीम नं. 1 के डिपीलरिंग पैनल संख्या 46 बी में उसकी छत, कांती तथा तली के बरताव का अध्ययन करने के लिए किया । जहाँ दिनांक 17-10-2003 को बड़ी मात्रा में छत गिरने की दुर्घटना की चपेट में 10 व्यक्ति आ गए थे । निरीक्षण के दौरान खान सुरक्षा महानिदेशालय से श्री एम. नरसैय्या खान, सुरक्षा उपनिदेशक, राष्ट्रीय शैल यांत्रिकी संस्थान, कोलार से श्री वी. वैंकटेश्वरलू, वैज्ञानिक और प्रबंधन की ओर से श्री एन्थोनी राजा, कार्यवाहक महाप्रबंधक, श्री के. गुरूवैय्या, उप-महाप्रबंधक, श्री डब्लू विजय बाबू, अभिकर्त्ता, श्री बी. मोहन रेड्डी, प्रबंधक तथा श्री राजन्ना, सर्वेक्षक मेरे साथ थे ।

2.0 पृष्ठभूमि की जानकारी :

2.1 खान के पट्टा क्षेत्र में चार कोयला सीमें अवरोही क्रम में नामत: नं. 1, नं. 2, नं. 3 और नं. 4 थीं ।

2.2 सीमें उत्तर 84 डिग्री 30' पूर्व की दिशा में 11 में 1 की दर से झुकी थी । सबसे उपर स्थित नं. 1 सीम तथा नं. 2 सीम में गोदावरी खनी नं. 8 ए इन्क्लाइन खान द्वारा खनन कार्य किया जा रहा था । प्रारम्भ में नं. 2 सीम में खान के पट्टा क्षेत्र के भीतर कार्य नहीं किया गया था । नं. 3 एवं नं. 4 सीमों में जी डी के नं. 8 इन्क्लाइन खान द्वारा खनन कार्य किया जा रहा था । नं. 1 सीम, लगभग 6 मी. मोटी, को छत के साथ-साथ 2.4 मी. से 2.7 मी. तक के खण्ड में, शेश कोयले को तली में छोड़ते हुए, विकसित किया गया था । खान को पारम्परिक बोर्ड एवं पिलर पद्धति से व्यापक रूप से विकसित किया गया था । और वर्तमान में पारम्परिक केविंग पद्धति द्वारा पिलरों का निष्कर्षण किया जा रहा था । अभी तक इस खान में केविंग पद्धति द्वारा 33 पैनलों का पूरी तरह निष्कर्षण करके उन्हें सील-बन्द कर दिया गया था । वर्तमान में तीन डिपीलरिंग पैनलों में नामत: उत्तर दिशा में पैनल संख्या 21 और दक्षिण की तरफ पैनल सं. 47 ए तथा 46 बी में कार्य किया जा रहा था । दुर्घटना सीम से. 1 के डिपीलरिंग पैनल संख्या 46 बी में 9 डिप के 55½ एल एस की प्रथम स्लाइस में घटित हुई थी ।

3.0 निरीक्षण का मार्ग :

3.0 हम सभी मानव मार्ग (मैनवे) से होकर 12 एल तक नीचे गए, 12 एल में आगे 12 डिप तक गए फिर 37 एल तक गए, 27 एल से 10 डिप तक और 10 डिप में आगे 40 एल तक और 40 एल में आगे 8 डिप तक गए और 8 डिप से 46 बी पैनल में प्रविष्ट हुए ।

4.0 अवलोकन

4.1 निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित अवलोकन किए गए-

(i) 54 एल/8 डिप में, 1.2 मीटर तक का व्यापक तल उत्थान (फ्लोर हिविंग) था । वहाँ भारी मात्रा में काँती का झड़ना (साइड स्पलिंग) भी पाये गये थे । जबकि, दक्षिण की तरफ 54 एल में एक पीलर छत से अलग हुआ पाया गया ।

(ii) 53 एल/9 डिप में, 53 एल/9 डिप मुँहाने (जंक्शन) पर रूफ बोल्ट के साथ-साथ छत ताजी धँसी हुई थी। मुँहाने पर यह धँसान 0.4 मी. मोटी और ढाल (डिप) की ओर यह 1 मी. मोटी थी।

(iii) लकड़ी के टेक (कॉग), जिन्हें गैलरी के अवलम्ब के लिए प्रयोग किया गया था, तली में उत्थान के कारण कुचले हुए पाए गए।

4.2 निरीक्षण के पश्चात् हम वापस 50 एल तक आए और 50 एल में आगे 12 डिप तक गए, 50 एल से 12 डिप के रास्ते 52 एल मुँहाने तक गए जहाँ निम्नलिखित बातें देखी गयी थीं :–

(i) मुँहाने (जंक्शन) पर ताजा धँसान (फॉल) देखा गया। तली का उत्थान (फ्लोर हिविंग) 1 से 1.2 मी. तक था और वहाँ काँती का झड़ना (साइड स्पालिंग) भी देखा गया।

यद्यपि, भारी मात्रा में छत के ढहने की घटना के बाद 1 वर्ष का समय बीत चुका था परन्तु अग्र संसक्त दबाव (फ्रन्ट अवटमेंट प्रेसर) अभी तक सक्रिय था और जिसके परिणामस्वरूप वहाँ अत्यधिक तल उत्थान और काँती झड़ी (साइड स्पालिंग) हुई थी।

निरीक्षण के पश्चात् हम ढुलाई (हालेज) मार्ग से होकर लौटे और क्षेत्र को, एक प्रवेश मार्ग में तथा दूसरा वापसी मार्ग में दरवाजा लगा कर, अस्थाई रूप से बन्द करने की सलाह दी।

5.0 गोदवरीखनी नं. 5 ए इन्क्लाइन खान के पैनल सं. 30 सी में अध्ययन के संबंध में श्री वी. वेंकटेश्वरलू, वैज्ञानिक के साथ निम्नलिखित चर्चा हुई :

(i) इस क्षेत्र के सभी बोर छिद्रों में सीम सं. 1 के भीतर चिकनी मिट्टी की पट्टी (क्ले बैंड) पाई गई थी।

(ii) चिकनी मिट्टी के तुरन्त ऊपर स्थित नमूनों के लिए स्व-स्थान शक्ति परीक्षण (इनसीटू स्ट्रेन्थ टेस्टिंग) में कम परिमाण (लो वैल्यू) मिले।

(iii) गोफ किनारे अवलम्बों से घिरे हुए एक अकेले खूँटे (प्रॉप) पर, हटाने से पहले, 2 से 5 टन तक का भार था। अत: सलाह दी गई कि गोफ किनारे पर स्थित चार खूँटों (प्रोप्स) को और आगे परिवीक्षण (मानीटर) किया जाए।

(iv) गोदावरीखनी नं. 5 ए में 3 मी. की 4 पट्टियाँ (रिब्स) स्लाइस निष्कर्षण के 3 से 4 दिनों के अन्दर 350 से 400 केपीए (kpa) पर ढह गई थी।

(v) गोदावरीखनी 8 ए इन्क्लाइन खान में सभी पूर्ववर्ती डीपिलरिंग पैनलों पर, जिनका निष्कर्षण किया गया था, में निरंतर तली उत्थान (फ्लोर हिविंग) तथा काँती का झड़ना (साइड स्पालिंग) देखा गया था। यह समस्या लगभग 3500 से 4000 व. मी. क्षेत्र के निष्कर्षण के बाद आरम्भ हुई थी।

(vi) गोदावरीखनी नं. 5 ए इन्क्लाइन खान में कोई छत अभिसरण नहीं मापा गया था किन्तु सारी विकृति केवल तली उत्थान (फ्लोर हिविंग) के कारण थी।

(ए.के. रुद्र)

असेसर

जाँच न्यायालय

गोदावरीखनी नं. 8 ए इन्क्लाइन

अनुलग्नक-VI

अंकित प्रदर्शों की विवरण सूची

प्रदर्श	प्रलेख
प्रदर्श एक्स 1	जाँच के समय अभिलिखित श्री एम. शिवैय्या का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 1	जाँच के समय अभिलिखित श्री के. गुरुवैय्या का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 1	जाँच के समय अभिलिखित श्री पी. थिप्पा रेड्डी का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 2	जाँच के समय अभिलिखित श्री अमजद हुसैन का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 3	जाँच के समय अभिलिखित श्री के. गटैय्या का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 4	जाँच के समय अभिलिखित श्री पी. चंद्रैय्या का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 5	जाँच के समय अभिलिखित श्री यू. राजामल्लैय्या का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 6	जाँच के समय अभिलिखित श्री रजब अली का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 7	जाँच के समय अभिलिखित श्री एन. रामुलू का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 8	जाँच के समय अभिलिखित श्री शंकराचारी का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 9	जाँच के समय अभिलिखित श्री एम. श्रीनिवास का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 10	जाँच के समय अभिलिखित श्री पी. एस. रंगा रेड्डी का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 11	ओवरमैन का दैनिक प्रतिवेदन पुस्तक।
प्रदर्श सी 12	प्रदर्श सी 10 का पृष्ठ 5।
प्रदर्श सी 13	जाँच के समय अभिलिखित श्री एन. यादगिरी का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 14	सामान्य पाली (रिले डी) का प्रतिवेदन पुस्तक।
प्रदर्श सी 15	जाँच के समय अभिलिखित श्री नरसिम्हास्वामी का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 16	जाँच के समय अभिलिखित श्री सी. एच. दयानन्द का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 17	जाँच के समय अभिलिखित श्री ए. रमेश राव का साक्ष्य।
प्रदर्श सी 18	जाँच के समय अभिलिखित श्री एम. श्रीहरि का साक्ष्य।

प्रदर्श	प्रलेख
प्रदर्श सी 19	प्रबंधक तथा ओवरमैन का हैण्ड प्लान ।
प्रदर्श सी 20	खान सुरक्षा निदेशक का जाँच-प्रतिवेदन ।
प्रदर्श सी 21	खासुमनि द्वारा जाँच के समय लिए गए फोटोग्राफ ।
प्रदर्श सी 22	खासुमनि द्वारा जब्त किए गए अभिलेखों एवं पंजियों (1 से 10) को दर्शाती सूची ।
प्रदर्श सी 23	दिनांक 19-03-2001 का पत्र ।
प्रदर्श सी 24	प्रबंधक तथा ओवरमैन का हैण्ड प्लान ।
प्रदर्श सी 25	निष्कर्षण रेखा के संबंध में श्री पी. गटैय्या द्वारा न्यायालय में प्रदर्शित नक्शा (प्लान) ।

अनुलग्नक-VII

छत के उत्प्रेरित धँसान के लिये कार्य संहिता

ये नियम, बलुआ, पत्थर की सन्निकट छत वाली, सीम सं. 1 में "कविंग" के साथ डीपिलरिंग की जा रही सभी पैनलों में लागू होंगे ।

1.0 छत को धँसने में प्रेरक उपाय :

1.1 निष्कर्षण प्रारंम्भ करने से पहले, पैनल अवरोध के अन्दर की ओर विस्फोट कर/खाँचा काट कर एक कृत्रिम विभाजन रेखा प्रेरित की जाएगी । जब तक पैनलों में मुख्य फॉल नहीं हो जाता तब तक गोफ किनारे के साथ सभी मुहानों पर भी इसी प्रकार की विभाजन रेखाएँ प्रेरित की जाएगी ।

1.2 (1) यदि अनावृत क्षेत्र 4000 व.मी. हो जाने के बाद भी स्थानीय/मुख्य फाल नहीं होता है तो नियम 1.1 में उल्लिखित उपायों के अतिरिक्त निष्कर्षण रेखा के समानान्तर खाँचा कटाई/उत्प्रेरक विस्फोट किये जाएंगे ।

(2) यदि नियम 1.2 (1) के कार्यान्वयन के बाद भी मुख्य फॉल नहीं होता है तो विकणत: की प्रत्येक पंक्ति के निष्कर्षण करने के बाद दूसरा खाँचा कटाई/उत्प्रेरक विस्फोट किया जाएगा ।

1.3 उत्प्रेरक विस्फोट की प्रक्रिया :

(क) छत में 2.7 मी. गहराई वाले छिद्रों (होल्स) की एक पंक्ति बनाई जाएगी ।

(ख) दो छिद्रों के बीच की दूरी 0.75 मी. से अधिक नहीं होगी ।

(ग) छिद्र ऊर्ध्व से लगभग 45° के कोण पर गोफ की ओर झुके होंगे ।

(घ) केवल अनुमत किस्म के विस्फोटकों और अधिस्फोटक डोरी (डिटोनेटिंग कॉड) का प्रयोग किया जाएगा ।

(ङ) प्रति शॉट होल चार्ज 2.0 कि.ग्रा. से अधिक नहीं होगा ।

(च) एक साथ 30 से अधिक शॉट विस्फोटित नहीं किए जाएंगे ।

(छ) उत्प्रेरक विस्फोट से पहले पैनल में सभी व्यक्तियों को कार्य-स्थलों से हटा लिया जाएगा ।

(ज) उत्प्रेरक विस्फोटन से पहले तथा विस्फोटन के दौरान ज्वलनशील गैस तथा कोयले की धूल के विरुद्ध कोयला खान विनियम, 1957 के अन्तर्गत यथा आवश्यक सावधानियों का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा । यदि हवा में सामान्यत: 0.5% से अधिक मात्रा में ज्वलनशील गैस मौजूद होने का पता लगता है तो जब तक ज्वलनशील गैस के खतरे को दूर नहीं किया जाता है तब तक विस्फोटन प्रक्रिया नहीं की जाएगी ।

1.4 जब गोफ में छत का बहुत बड़ा क्षेत्र लटक रहा हो तो गोफ के अन्दर छोड़े गए स्टूक को विवेकपूर्वक संभावित न्यूनतम आकार तक कम किया जाएगा और जब कभी व्यवहार्य हो तो निष्कर्षणाधीन क्षेत्र से अंतिम रूप से वापस लौटने से पहले इन्हें गिरा दिया जाएगा ।

1.5 (1) विस्फोटक प्रक्रिया किसी ऐसे व्यक्ति के प्रत्यक्ष व्यक्तिगत पर्यवेक्षण में की जाएगी जो ओवरमैन अथवा माइनिंग सरदार की श्रेणी से कम का न हो और जिसे विशिष्ट रूप से इसी प्रयोजन के लिए नियुक्त किया गया हो ।

(2) ऐसे प्रत्येक विस्फोटन के परिणामों के ब्यौरे, इस प्रयोजन के लिए रखी गई, एक आबद्ध पृष्ठांकित पुस्तिका में शॉट फायरर द्वारा अभिलेखित की जाएगी और उसे ओवरमैन, अवर प्रबंधक तथा सहायक प्रबंधक द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित किया जाएगा ।

2.0 पदाधिकारियों के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व :

(क) सामान्य पाली के माइनिंग सरदार को यह देखने का कर्त्तव्य होगा कि किए गए विस्फोट छिद्र नियम संख्या 1.3 (क), (ख) एवं (ग) तथा संलग्न विस्फोटन प्रतिरूप के अनुरूप हैं ।

(ख) शॉट फायरर का यह कर्त्तव्य होगा कि वह छिद्र (होल) चार्जिंग और विस्फोटन के लिए नियम संख्या 1.3 (घ), (ङ), (च), (छ) एवं (ज) के प्रावधानों का अनुपालन करें और परिणामों को इस प्रयोजन के लिए रखी गई एक अलग शॉट फायरिंग पुस्तिका में अभिलखित करें ।

(ग) अवलम्बों को हटाने वाले प्रभारी माइनिंग सरदार यह सुनिश्चित करेंगे कि शर्त संख्या 1.3 (घ), (ङ), (च), (छ) एवं (ज) के अनुसार शॉट होल विस्फोटित किए गए हैं ।

(घ) पैनल के लिये सामान्य पाली के प्रभारी ओवरमैन इस कार्य संहिता के अनुपालन का कर्तव्य निभाएंगे ।

(ङ) सामान्य पाली के अवर प्रबन्धक को यह सुनिश्चित करने का कर्तव्य होगा कि सभी पैनलों में संबंधित शॉट फायरर, माइनिंग सरदार और ओवरमैन द्वारा समस्त प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है और वे इस प्रयोजन के लिए रखे गए नक्शे (प्लान) पर उत्प्रेरक विस्फोटन के ब्यौरों को स्वयं अंकित करेंगे ।

6-11-2001 ह.-

प्रबंधक

जीडीके नं. 8 ए इन्क्लाइन

अनुलग्नक-VIII

संगठन तालिका



अनुलग्नक-IX

साक्षियों के परीक्षण व प्रतिपरीक्षण का विवरण दर्शाती सूची

साक्षी			न्यायालय साक्षी		
क्रम सं.	नाम	तारीख	क्रम सं.	नाम	तारीख
1	2	3	4	5	6
डब्ल्यू 1	श्री रियाज अहमद	19-12-04	डब्ल्यू 12	श्री के. गटैय्या	16-11-05
डब्ल्यू 2	श्री पी. गटैय्या	19-12-04	डब्ल्यू 15	श्री के. गुरूवैय्या	04-09-05
डब्ल्यू 3	श्री के. बालगोपाल	19-12-04	डब्ल्यू 17	श्री पी. थिप्पा रेड्डी	04-09-05
डब्ल्यू 4	श्री एम. राजी रेड्डी	19-12-04	डब्ल्यू 18	श्री अमजद हुसैन	04-09-05
डब्ल्यू 5	श्री के. मलैय्या	19-12-04	डब्ल्यू 19	श्री एन प्रभाकर राव	04-09-05
डब्ल्यू 6	श्री बैराम शंकर	05-02-05	डब्ल्यू 20	श्री एम. रायामल्लू	16-11-05
डब्ल्यू 7	श्री बी. जनक प्रसाद	05-02-05	डब्ल्यू 21	श्री पी. चन्द्रैय्या	16-11-05
डब्ल्यू 8	श्री डी. एल. आर. प्रसाद	05-02-05	डब्ल्यू 22	श्री यू. राजामलैय्या	16-11-05

1	2	3	4	5	6
डब्ल्यू 9	श्री डी. चन्द्रैय्या	05-02-05	डब्ल्यू 23	श्री रजब अली	16-11-05
डब्ल्यू 10	श्री एम. कोमारैय्या	05-02-05	डब्ल्यू 24	श्री एन. रामुलू	16-11-05
डब्ल्यू 11	श्री एम. लिंगैय्या	27-03-05	डब्ल्यू 25	श्री शंकराचारी	16-11-05
डब्ल्यू 12	श्री के. गटैय्या	27-03-05	डब्ल्यू 26	श्री एम. श्रीनिवास	04-12-05
डब्ल्यू 13	श्री वी. राजैय्या	27-03-05	डब्ल्यू 27	श्री जे. राजन्ना	04-12-05
डब्ल्यू 14	श्री एम. शिवैय्या	10-07-05	डब्ल्यू 28	श्री पी.एस. रंगारेड्डी	04-12-05
डब्ल्यू 15	श्री के. गुरूवैय्या	10-07-05	डब्ल्यू 29	श्री सी.एच. दयानन्द	22-01-06
डब्ल्यू 16	श्री पी. वासुदेव राव	04-09-05	डब्ल्यू 30	श्री नरसिम्हाचारी	22-01-06
–	–	–	डब्ल्यू 31	श्री एन. यादगिरी	22-01-06
–	–	–	डब्ल्यू 32	श्री सत्यनारायणा	22-01-06
–	–	.	डब्ल्यू 33	श्री एम. श्रीहरि	12-02-06
–	–	–	डब्ल्यू 34	श्री के. करूणाकर	12-02-06
–	–	–	डब्ल्यू 35	श्री ए. रमेश राव	12-02-06
			डब्ल्यू 36	श्री ए. वाहिद	1-02-06
–	–	–			05-03-06
–	–	–	डब्ल्यू 37	श्री एम. नरसैय्या	05-03-06
–	–	–	डब्ल्यू 38	श्री टी.एस. शर्मा	05-03-06

अनुलग्नक-X

डॉ. के. कुशवाहा	वैज्ञानिक ई II
डॉ. ए. सिन्हा	वैज्ञानिक जी
श्री सन्तोष के. सिंह	वैज्ञानिक ई I
श्री डी. जी. राव	वैज्ञानिक ई I
श्री ए. के. सिंह	वैज्ञानिक ई I
डॉ. सत्येन्द्र के. सिंह	वैज्ञानिक ई II
डॉ. जॉन लुई पी.	वैज्ञानिक सी
श्री जॉन बुरगोहाइन	वैज्ञानिक बी

के द्वारा

जी सी/एम टी/113/2004-2005

सितम्बर, 2005

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारत

यह रिपोर्ट केवल आपके संगठन के आन्तरिक उपयोग के लिए है और इसे आपके संगठन या कर्मचारी द्वारा पूर्णत: या अंशत: प्रकाशित नहीं किया जाएगा । इसे सम्बद्ध सरकारी विभागों के अलावा बाहरी पक्षों को सूचित/परिचालित नहीं किया जाएगा । सी एम आर आई उद्योग के लाभ के लिए अनुसंधान के परिणामों को प्रकाशित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

कार्यकारी सारांश

एस सी सी एल की गोदावरीखनी 8 ए इन्क्लाइन में शीर्ष सीम सं. 1 व्यापक रूप से बोर्ड और पिलरों पर विकसित की गई है । पैनल सं. 46 बी में डिपिलरिंग के दौरान, दिनांक 16 अक्तूबर, 2003 की तीसरी पाली में एक पिलर में स्लाइसिंग कार्य के समय छत के संस्तर आकस्मिक रूप से धँसने के कारण एक बड़ी दुर्घटना घटित हुई जिसमें दस खनिकों की मृत्यु हो गई । पैनल सं. 46 बी के कार्य-स्थलों का विभिन्न स्थितियों के अंतर्गत अभिरूपण के लिए त्रि-आयामी संख्यात्मक प्रतिरूपण (न्यूमैरिकल माडलिंग) संचालित किए गए । पैनल सं. 46 बी में डिपिलरिंग के दौरान हुए विभिन्न क्रमिक बड़े फॉलों के ढंग एवं समय अनुक्रम तथा अनुरूपित प्रतिरूपों (सीमुलेटेड मॉडल्स) के परिणामों से निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए :

1. प्रतिरूप 1 के परिणाम और पैनल सं. 46 बी में 48 घंटों के अन्दर तीन बड़े फॉलों की घटना संकेत करते हैं कि दुर्घटना का प्रमुख प्रभावी कारक अवरोधी पिलर बी पी 2 था जिसका सुरक्षा कारक घट कर 0.79 हो गया था । परिणामस्वरूप यह पिलर क्रमशः धँसने लगा और पूर्व निष्कर्षित पैनल 46 ए के संस्तर भार का हिस्सा कार्यरत पैनल 46 बी के फेस पर स्थानांतरित हो गया था ।

2. दूसरे बड़े फॉल के समय, अवरोधी पिलर बी पी 2 का आधा भाग धँस गया प्रतीत होता था । परिणामस्वरूप, अवरोधी पिलर बी पी 2 के मध्य में एक भंग-रेखा उत्पन्न हुई और उसके बाद दूसरा बड़ा फॉल हुआ ।

3. ऐसा प्रतीत होता है कि तीसरे मुख्य फॉल के दौरान अवरोधी पिलर बी पी 2 का शेष आधा भाग अकस्मात धँस गया क्योंकि इसका आकार पहले से करीब-करीब आधा रह गया था इससे संभवतः गतिशील भार की स्थिति उत्पन्न हुई होगी जो कि स्लाइस, रिब और स्टूक के हिस्से तक पहुँच गया होगा ।

4. चूँकि बी पी 3 अवरोधी (बैरियर) पिलर का औसत सुरक्षा कारक भी 1.0 से कम था (अर्थात् 0.91) और जैसे ही बैरियर पिलर बी पी 2 धँसा, पूर्व निष्कर्षित पैनल 46 ए का आंशिक भार इस पिलर के माध्यम से 46 बी पैनल के कार्य-स्थल पर स्थानांतरित हो गया । अतः 46 बी के गोफ के सन्निकट विद्यमान सभी स्टूक और पिलर भारी भार के प्रभाव में थे । इस कारण गोफ के सन्निकट स्थित लगभग "V" आकार में आने वाले सभी कार्य-स्थलों के लेवल और डिप गैलरियों में व्यापक तल उत्थान हुआ था ।

5. प्रतिरूपण परिणामों के आधार पर पैनल सं. 46 बी को उचित उत्प्रेरित अवतलन की सहायता से सुरक्षात्मक ढंग से चलाने के लिए 46 ए एवं 46 बी के बीच अवरोधी (बैरियर) पीलरों की न्यूनतम चौड़ाई 30 मीटर (किनारे से किनारे तक) से कम नहीं होनी चाहिए ।

6. प्रतिरूपण परिणाम दर्शाते हैं कि निष्कर्षण रेखा के साथ-साथ गोफ की ओर 9 से 11 मीटर लम्बे विस्फोट छिद्र (उत्प्रेरित अवतलन के लिए) , जो कि उदग्र से 30^0 से. 45' पर झुके हों, ऐसे न धँसने वाले संस्तर की धँसनीयता (केवबिलिटी) में यथोचित सुधार करेंगे । उत्प्रेरित अवतलन के लिए विस्फोट अभिरचना रेखा चित्र-9 के अनुसार हो सकती है ।

1. परिचय :

एस सी सी एल की गोदावरीखनी 8 ए इन्क्लाइन में शीर्ष सीम सं. 1 व्यापक रूप से बोर्ड और पिलरों पर विकसित की गई है । शीर्ष सीम सं. 1 में अभी तक करीब 35 से भी अधिक पैनलों को खनन की परंपरागत स्प्लीटिंग, स्लाइसिंग और केविंग पद्धति द्वारा, सफलतापूर्वक डिपीलर किया जा चुका है । पैनल सं. 46 बी में डिपीलरिंग के दौरान, दिनांक 16 अक्तूबर, 2003 की तीसरी पाली में एक पिलर में स्लाइसिंग कार्य के समय छत के संस्तर आकस्मिक रूप से धँसने के कारण एक बड़ी दुर्घटना घटित हुई जिसमें दस खनिकों की मृत्यु हो गई ।

उपरोक्त दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए, पैनल सं. 46 बी में घटित घातक दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक जाँच न्यायालय का गठन किया गया था । दुर्घटना के कारणों को समझने के लिए जाँच न्यायालय के निर्धारकों (असेसरों) ने के ख अ सं, धनबाद, से तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया । निर्धारकों (असेसरों) ने निम्नलिखित बिन्दुओं पर अपनी चिंता प्रकट की :

1. यदि उसी खान में समान खनन पद्धति द्वारा 35 से अधिक पैनलों का निष्कर्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है तो यह दुर्घटना केवल इसी पैनल में क्यों घटी?

2. निष्कर्षण रेखा के मुँहाने पर छत में 2 मी. से 2.5 मी. ऊँचे खाँचे बनाने से रिब व उसके आस-पास के संस्तर की स्थिरता पर किस प्रकार असर डालता है ?

3. यदि ऐसे पैनल निष्कर्षण के अधीन आए तो भविष्य में किस प्रकार की सावधानियाँ ली जानी चाहिए ?

इन प्रश्नों के अनुसंधान के लिए त्रि-आयामी संख्यात्मक प्रतिरूपण (न्यूमैरिकल माडलिंग) ही एकमात्र उपर्युक्त साधन है । अत: पैनल के त्रि-आयामी संख्यात्मक प्रतिरूपण (न्यूमैरिकल माडलिंग) के लिए आधार-सामग्री तथा संचालित करने के लिए निम्नलिखित अध्ययन किए गए ।

- के ख अ सं. वैज्ञानिकों ने पैनल 46 बी की ऊपरी सतह से ट्रिपल-कोर बैरल का प्रयोग करते हुए कोर-ड्रिलिंग द्वारा पत्थर के नमूने लेने का सुझाव दिया, ताकि उनकी भौतिकी-यांत्रिक विशेषताओं को निर्धारित किया जा सके जो कि संख्यात्मक प्रतिरूपण के लिए आगत समष्टियों (इनपुट पैरामीटरों) के रूप में अपेक्षित थी । कोर नमूने और प्रयोगशाला में उनके परीक्षणों के विस्तृत विवरण पर इस प्रतिवेदन के खंण्ड 4.1 में चर्चा की गई है ।
- प्रतिरूपण के लिए आगत कारकों (इनपुटस) के रूप में आवश्यक स्व-स्थाने दबाव का निर्धारण करने के लिए सी एम आर आई एवं मेसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जो मेसी, जर्मनी, की एक संयुक्त उपक्रम कम्पनी है, ने संयुक्त रूप से हाइड्रोक्रैक तकनीक के प्रयोग द्वारा उसी खान में पैनल 46 बी की ऊपरी सतह से स्व-स्थाने दाब मापा था । दुर्घटना घटित पैनल के ऊपर स्व-स्थाने दाब माप के विस्तृत विवरण पर इस प्रतिवेदन के खण्ड 4.2 में चर्चा की गई है।

2. भू-खनन स्थिति:

एस सी सी एल की गोदावरीखनी 8 ए इन्क्लाइन में पाँच सीमें अर्थात् 1, 2, 3 ए, 3 एवं 4 अवरोही क्रम में पाई जाती हैं जिनमें से केवल तीन कार्य-योग्य सीमें हैं । शीर्ष सीम सं. 1 व्यापक रूप से खनन की बोर्ड एवं पिलर पद्धति पर विकसित की गई है । सीम सं 2 को पहले अविक्रेय घोषित किया गया था परन्तु अब इसे विकसित किया जा रहा है । हालाँकि, सी सं. 1 के पैनल सं. 46 बी के नीचे यह सीम अक्षत है । निचली सीम सं. 3 को दो भागों में विकसित किया गया था और इसे गैलरी-विस्फोटन विधि द्वारा निष्कर्षित किए जाने का प्रस्ताव था । सं. 1 एवं सं. 3 सीमों के मध्य का ठोस विभाजक लगभग 70 मी. है जो कि 18 डी/44 एल के पास स्थित बोर छिद्र सं. 118 पर आधारित है । खान में विभिन्न सीमों को रेखा चित्र-1 में दर्शाया गया है ।

विगत में, पैनल सं. 46 बी बोर्ड एवं पिलर पद्धति पर विकसित की गई थी । यह पैनल पहले ही निष्कर्षित पैनल सं. 40, 41, 42, 43, 44 एवं 46 ए से घिरी है, जैसा कि रेखा चित्र-2 में दिखाया गया है। इन सभी पैनलों को पैनल 46 बी की दुर्घटना की तिथि से तीन वर्षों के अन्दर निष्कर्षित किया गया था । दुर्घटना के समय पैनल 46 बी के ऊपर की ओर स्थित केवल पैनल सं. 47 को ही पिलर पर विकसित पाया गया । सामान्य भू-खनन स्थितियाँ एवं अन्य विवरण तालिका 1 में दी गई है ।

तालिका 1 : पैनल 46 बी का भू-खनन विवरण

1.	सीम	सं. 1 सीम
2.	ढाल	11 में 1 (5^0), उ. 84^0 पू. की ओर
3.	मोटाई	6.0 मी.
4.	कार्य-स्थलों की गहराई	130 से 151 मी.
5.	कार्य की पद्धति	परंपरागत बोर्ड एवं पिलर डिपीलरिंग
6.	कार्य-स्थल काट	बलुआ-पत्थर की छत के समानान्तर शीर्ष भाग
7.	कार्य-स्थल की ऊँचाई	डेवलेपमेंट के दौरान 2.4 मी, डिपीलरिंग के दौरान फर्श से 1.2 मी. मोटी (चिकनी मिट्टी+कोयला) निष्कर्षित
8.	निकटतम छत	बलुआ-पत्थर
9.	डेवलेपमेंट के दौरान निकटतम फर्श	0.3 मीटर से 0.5 मीटर मोटी चिकनी मिट्टी
10.	सन्निकट पैनलों की स्थिति	तीन तरफ पूर्व पैनलों के गोफ (पैनल सं. 42 उत्तर-पश्चिम दिशा में, 41 उत्तर में, 40 उत्तर-पूर्व में, 44 पूर्व में, 43 दक्षिण पूर्व में एवं 46 ए दक्षिण में)
11.	डिपीलरिंग के दौरान एस एस आर	खा सु म नि द्वारा अनुमोदित परम्परागत अवलम्ब
12.	पैनल का आकार	103 मी. (चौड़ाई) × 170 मी. (लम्बाई)
13.	पिलरों की संख्या	24
14.	पिलर (ठोस) का आकार	अधिकतम 26 मी. × 32 मी. न्यूनतम 24 मी. × 22 मी. (किनारे से किनारे)
15.	गैलरी का आकार	3.6 से 5.0 मी. (चौड़ाई) × 2.2 से 2.4 मी.(ऊँचाई)
16.	लेवल विभाजक की चौड़ाई	4.2 मी.
17.	डिप स्लाइस की चौड़ाई	4 मी.
18.	रिब की चौड़ाई	2.4 मी.
19.	अनावृत्त क्षेत्र	90 व. मी.

3.0 डिपीलरिंग के दौरान पैनल सं. 46 बी की कार्य दशाएं

3.1 निष्कर्षण की अभिरचना :

पैनल संख्या 46बी से दिनांक 17 जुलाई, 2003 को पारस्परिक बोर्ड एवं पीलर खनन विधि से निष्कर्षण आरम्भ हुआ था । सबसे निचली ओर से वापस आते हुए निष्कर्षण रेखा को विकर्ण रखा गया था । डिपीलरिंग के दौरान, छत के साथ पीलर के मध्य में 4.2 मी. चौड़ी और 2.4 मी. ऊंची लेवल स्प्लिट चलाकर पिलर को दो भागों (स्टूक्स) में चीरा गया था और फिर 3 मी. चौड़े रिब रखते हुए के सामने छत के साथ 4 मी. चौड़ी और 2.4 मी. ऊंची एक स्लाइस चलाई गई थी । अन्तिम निष्कर्षण की ऊंचाई 3.6 मी. तक पहुंचाने के लिए स्लाइस के फर्श में गहरा किया गया था और रिब को विवेकपूर्वक, यथासंभव, पतला किया गया था ।

डिपीलरिंग के दौरान, यह सूचित किया गया कि पहला बड़ा फॉल दिनांक 14 अक्टूबर, 2003 की रात्रि पाली में हुआ, उस समय गोफ का कुल क्षेत्र 5050 व.मी. था, जबकि फॉल का क्षेत्र केवल 1750 व. मी. था और फॉल की मोटाई छत संस्तर (रूफ स्ट्राटा) में 2 मी. ऊंची थी जैसा कि तालिका-2 में दिया गया है । पुन: दूसरे दिन की रात्रि पाली में अर्थात् (इनपुट्स) दिनांक 15 अक्टूबर, 2003 को गोफ क्षेत्र में केवल 60 व.मी. की वृद्धि के बाद दूसरा बड़ा फॉल हुआ। इस समय, फॉल का क्षेत्र 3220 व.मी. हो गया था और छत में फॉल की मोटाई लगभग 1.5 मी. थी। प्रथम बड़े फॉल के 48 घंटे बाद तीसरे दिन रात्रि पाली में (दूसरे फॉल के बाद गोफ क्षेत्र केवल 50 व. मी. बढ़ने बाद) तीसरा बड़ा फॉल हुआ । इस समय फॉल क्षेत्र कार्यरत स्टूक, रिब तथा स्लाइस को पार कर गया जिसके परिणामस्वरूप 10 लोगों की मौत हुई ।

तालिका-2

		फॉल का ब्यौरा		
बड़ा फॉल	दिनांक	गोफ का क्षेत्र व. मी.	फॉल का क्षेत्र व. मी.	फॉल की अनुमानित मोटाई, मी.
पहला	14-10-2003	5050	1750	2
दूसरा	15-10-2003	5110	3220	1.5
तीसरा	16-10-2003	5160	3920	2

3.2 दुर्घटना के बाद कार्य स्थलों की स्थिति-दृश्यमान प्रेक्षण

दुर्घटना के बाद, के ख अ सं. के वैज्ञानिकों तथा विभिन्न संगठनों के खनन विशेषज्ञों ने पैनल सं. 46बी का निरीक्षण किया तथा यह पाया गया कि वहां 55 और 56 लेवल तथा 8 और 9 डिप गैलरियों में भारी तल उत्थान (फ्लोर हिविंग) हुआ था (कुछ स्थानों पर 1 मी. से भी अधिक) जो कि गोफ क्षेत्र के सन्निकट हैं । गोफ के निकट स्थित लगभग सभी पिलरों में झड़ान (स्पालिंग) भी देखी गई थी। ये दर्शाते हैं कि गोफ क्षेत्र के निकटवर्ती सभी पिलर और स्टूक्स अत्यंत दबाव की स्थिति में थे ।

3.3 पैनलों के अवतलन संबंधी ब्यौरे :

खान प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किया गया अवतलन संबंधी अभिलेख तालिका-2क में दिया गया है ।

तालिका-2क : पैनलों के अवतलन संबंधी ब्यौरे

पैनल संख्या	आरम्भ करने की तारीख	सीलबंद करने की तारीख	अवतलन			अवतलन की सक्रिय अवधि	गहराई	निष्कर्षण %
			आरम्भ हुआ	अधिकतम	समाप्ति			
41	30-6-1999	2-01-2000	दिसम्बर, 1999	0.585 मी.	मई, 2000	6 महीने	134 से 150 मी.	65
44	01-11-2001	26-08-2000	मई, 2002	0.440 मी.	अक्टूबर, 2002	6 महीने	147 से 164 मी.	53
46ए	10-10-2003	30-09-2003	अगस्त, 2003	0.640 मी.	मार्च, 2004	8 महीने	129 से 149 मी.	63
43	22-12-2000	25-12-2001	नवम्बर, 2001	0.415 मी.	अगस्त, 2002	10 महीने	142 से 168 मी.	65
45	12-8-2000	04-05-2003	मार्च, 2003	0.360 मी.	नवम्बर, 2003	8 महीने	123 से 136 मी.	46

पैनल सं. 46 के लिए अवतलन परिकलन :

पैनल सं. 46ए के नीचे दिए गए निष्कर्षण ज्यामिति के अनुसार संभावित अधिकतम अवतलन की गणना आसानी से की जा सकती है।

निष्कर्षण की ऊंचाई, m : 3.6 मी.

H (न्यूनतम) : 129 मी.

NEW (नॉन-एफेक्टीव वीड्थ) : 0.5 (एस सी सी एल के लिए)

पैनल की चौड़ाई, L : 138 मी.

अत:,

X = L/H (न्यूनतम)/NEW = 138/129/0.5 = 2.1395

S/m.e = 0.33 [1+1.1 tanh {1.4 (X-1.8)}]

= 0.491

(e निष्कर्षण का % है अर्थात् तालिका 2क से 0.63% S सतह पर सम्भावित अधिकतम अवतलन है तथा m निष्कर्षण की ऊंचाई मी. में है)

S = 0.491 × 3.6 × 0.61 = 1.114 मी.

चूंकि यह परिकल्पित मान मापे गए मान, अर्थात् तालिका 2क से लिए गए 0.64 मी., से करीब 74% अधिक है, इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि गोफ के भीतर कोयले के कुछ पीलर/स्टूक्स छोड़े गए थे ।

4. संख्यात्मक प्रतिरूपण

प्रतिरूपण के लिए, इटास्का कंसल्टिंग ग्रुप, सं रा अ, द्वारा विकसित की गई त्रि-आयामी सीमित अंतर साफ्टवेयर एफ एल ए सी 3 डी का उपयोग किया गया है । प्रतिरूपण के लिए प्रयुक्त आगत समष्टियों की चर्चा नीचे की गई है ।

4.1 पत्थरों की भौतिक-यांत्रिक विशेषताएं

यह सुझाव दिया गया था कि भौतिक-यांत्रिक विशेषताओं के प्रयोगशाला में निर्धारण करने के लिए पैनल 46बी स्थल की सतह से ट्रिपल कोर बैरल का उपयोग करके कोर ड्रिलिंग मशीन द्वारा पत्थरों के नमूने लिए जाएं । बोर छिद्र के काट को रेखा चित्र-3 में दर्शाया गया है । यह बोर छिद्र रेखा चित्र-4 में चित्रित, 8 और 9 डिप तथा 52 एवं 53 लेवलों के बीच अवस्थित था । संख्यात्मक प्रतिरूपों में प्रयुक्त परीक्षित आकड़ों पर आधारित भौतिकी-यांत्रिक विशेषताओं का ब्यौरा तालिका-3 में वर्णित है । विभिन्न शैल नमूनों के परीक्षण के दौरान यह पाया गया था कि विभिन्न विशेषताओं में अन्तर था । अत: सरलता के लिए विभिन्न प्रकार के शैलों का एक औसत मान (वैल्यू) लिया गया । यहां, प्रयोगशाला में परीक्षित किए गए विभिन्न शैलों का "पाँइजन का अनुपात" व्यापक रूप से परिवर्तित पाये गये थे । इसलिए, मुद्रित लेखों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित बलुआ पत्थर के लिए पाँइजन का अनुपात 0.25 और कोयला के लिए 0.20 ग्रहण किए गए थे । एन आई आर एम ने निकटतम कठोर पाइरेटिक बलुआ पत्थर और नरम सफेद बलुआ पत्थर के लिए के ख अ सं रॉक मास रेटिंग (आर एम आर) क्रमश: 64 और 47 निर्धारित किया था । इसी प्रकार कोयला और स्लेटी कोयला के लिए सी एम आर आई आर एम आर 47 दिया गया । इन मानों को प्रतिरूपण के प्रयोजन के लिए बीनियवास्कि के आर एम आर में परिवर्तित किया गया ।

प्रतिरूप (माडल) की कुल उदग्र ऊंचाई 106.4 मी. ली गई थी (सीम सं. 1 के नीचे 50 मी. बलुआ पत्थर + 6.4 मी. मोटी कोयले की सीम + शीर्ष का अतिरिक्त 50 मी. बलुआ-पत्थर) । सीम के शेष कवर की गहराई जो 151 मी. – 50 मी. = 101 मी. थी, प्रतिरूप के ऊपर रोपित भार के रूप में प्रयुक्त की गई थी, जिससे कि त्रि-आयामी (3 डी) प्रतिरूप को अधिक तेजी से चलाने के लिए ग्रिड की संख्या को न्यूनतम की जा सके ।

तालिका 3 : प्रतिरूपण के लिए प्रयुक्त भौतिक-यांत्रिक विशेषताएं

तल से प्रतिरूप की लम्बाई मी.	शैल किस्म	संदाबी बल एमपीए	तनन बल एमपीए	घनत्व के जी/घ.मी;	यंग का मापाँक जीपीए	पाँइजन का अनुपात (कल्पित)	बीनियवास्कि का आर एम आर
0–50	बलुआ पत्थर	24.12	2.34	2208	6.86	0.25	57
51–51.4	कोयला	16.18	1.83	1423	2.0	0.20	44
51.4–52.8	शैलीय कोयला	26.06	2.60	2071	2.5	0.20	44
52.8–53.7	कोयला	23.55	1.95	1423	2.0	0.20	44
53.7–54	शैलीय कोयला	13.17	1.54	1423	1.0	0.20	35
54–56.4	कोयला	21.57	1.19	1435	2.0	0.20	44
56.4–56.8	बलुआ पत्थर+ पाइराइट	19.48	2.16	2460	4.68	0.25	57
56.8–106.4	बलुआ पत्थर	16.29	1.63	2204	4.86	0.25	44

4.2 स्व-स्थाने दाब (इन-सीटू स्ट्रैस)

प्रतिरूप (माडल) में उपयोग के लिए स्व-स्थाने दाब का मान (इन-सीटू स्ट्रैस वैल्यू) सी एम आर आई तथा मेसी इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से इसी खान में स्व-स्थाने दाब के लिये हाइड्रोफ्रैक तकनीक का उपयोग कर मापा गया था। स्व-स्थाने दाब का अन्तिम मापित मान नीचे दिया गया है :

क्षैतिज स्व-स्थाने दाब

$S_H = 1.7397 + 0.0255\ H\ Mpa$ उ. 15° पू. (1)

$S_h = 0.68 + 0.0187\ H\ Mpa$ (2)

उदग्र स्व-स्थाने दाब

$S_v = 0.0214\ H\ Mpa$ (3)

जहां S_H एवं S_h मुख्य एवं गौण उदग्र स्व-स्थाने दाब, एमपीए है तथा H सतह के नीचे गहराई, मी. है।

जी डी के 8ए इन्क्लाइन में मापे गए मुख्य उदग्र स्व-स्थाने दाब की दशा उ. 15° पू. है, जो कि प्राय: पैनल संख्या 46बी के लेवल गैलरियों के समानान्तर है। इसलिए, जी डी के 8ए इन्क्लाइन के पैनल सं. 46बी का प्रतिरूपण अनुरूपण (माडलिंग सिमुलेशन), करने के लिए मुख्य क्षैतिज दाब तल गैलरियों के समानान्तर लिया गया था और उदग्र दाब प्राय: डिप राइज के समानान्तर लिया गया था।

4.3 शैल द्रव्यमान बल (रॉक मास स्ट्रेन्थ) तथा सुरक्षा कारक (फैक्टर) प्राक्कलन

वर्तमान अध्ययन हेतु शैल द्रव्यमान बल का प्राक्कलन, 1997 में सिओरे द्वारा प्रस्तावित, अनुभवसिद्ध नियम का उपयोग करके किया गया। इस नियम को निम्नलिखित रूप में पढ़ा जाता है :

$$\sigma_1 = \sigma(1+\{\sigma_3/\sigma tm\})\sigma^{bm} \quad (4)$$

जहां, σ_1 = शैल पिंड की विफलता (फेलियर) के लिए अपेक्षित मुख्य मूल दाब (मेजर प्रिंसिपल स्ट्रैस) जबकि गौण मूल दाब σ_3।

$$\sigma_{cm} = \sigma_c \ \exp\ (\tfrac{(RMR-100)}{20}) \quad (5)$$

$$\sigma_{tm} = \sigma t \ \exp\ (\tfrac{(RMR-100)}{27}) \quad (6)$$

$$b_m = b^{RMR/100} \quad (7)$$

जहां,

σ_c, σ_{cm} = क्रमश: अक्षत शैल और शैल पिंड का संदाबी बल, एमपीए है।

$\sigma t, \sigma_{cm}$ = क्रमश: अक्षत शैल और शैल पिंड का तनन बल, एमपीए है।

b, bm = क्रमश: अक्षत शैल और शैल पिंड का विफलता मानदण्ड का घातांक है।

RMR = बीनियावास्कि का शैल पिंड श्रेणी निर्धारक (रॉक मास रेटींग) है।

शैल पिंड की स्थिरता की स्थिति को जानने के लिए संख्यात्मक प्रतिरूप (माडल) के प्रत्येक तत्व के लिए सुरक्षा कारकों (फैक्टर) को मूल्यांकित किया जाता है। सुरक्षा कारक को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया है।

$$F = (\sigma 1 - \sigma_{3i})/(\sigma li - \sigma_{3i}) \quad (8)$$

सिवाए उसके जब $\sigma_{3i} > \sigma tm$

$$F = \sigma tm/(-\sigma_{3i}) \quad (9)$$

जहां, σli और $\sigma 3i$ संख्यात्मक प्रतिरूप से प्राप्त मुख्य एवं गौण उत्प्रेरित प्रतिबल है। यहां पर परस्पर तनन दाब के लिए ऋणात्मक और संदाबी दाब के लिए धनात्मक संकेत अपनाए गए हैं।

4.4 अनरूपण प्रतिरूप (माडल) :

चूँकि समस्या प्रमुख रूप से त्रि-आयामी प्रकृति की है, पैनल संख्या 46बी को उसके आस-पास विद्यमान सभी पैनलों के साथ प्रतिरूपित किया गया था, जिससे कि इसके चारों ओर के पूर्व निष्कर्षित सभी पैनलों को रेखा चित्र-4 के अनुसार विचार किया जा सके। प्रतिवेशी पैनलों के निष्कर्षण की तारीखों के ब्यौरों की जांच करने के बाद यह पाया गया कि सभी प्रतिवेशी पैनलों का निष्कर्षण दुर्घटना की तिथि से 3 वर्षों के भीतर किया गया था । इसके अतिरिक्त, इन सभी पैनलों में कई पट्टियों (रिब्स) के आकार को विवेकपूर्वक घटाए बिना ही छोड़ दिया गया था (रेखा चित्र-4) । इसलिए यह अपेक्षित है कि पैनल संख्या 46बी के चारों ओर स्थित पैनल में से कोई भी दुर्घटना के समय स्थिर नहीं हैं (पिछला अनुभव यह बताता है कि किसी भी डिपीलर पैनल को स्थिर होने के लिए कम से कम 10 वर्षों का समय चाहिए) । इसके अलावा, पैनल संख्या 46ए का निष्कर्षण पैनल संख्या 46बी से पहले किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप, कार्यरत स्लाइस, जहां दुर्घटना घटित हुई, के चारों ओर से पूर्व निष्कर्षित पैनरों से "V" आकार का ज्यमितीय घेरा बन चुका था (रेखा चित्र -2) । इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, पैनल संख्या 46बी के अवरोध पिलरों, स्टूक्स, रिब्स के स्थायित्व का अध्ययन करने और इसके एक पीलर की स्लाइसिंग के दौरान फेस के ढहने के सम्भावित कारणों को जानने के लिए निम्नलिखित पांच प्रकार के प्रतिरूपों का अनुरूपण किया गया । प्रतिरूप के ऊपर का त्रि-आयामी ग्रिड की अभिरचना रेखा चित्र-5 में दिखायी गयी है ।

प्रतिरूप 1 : दुर्घटना के समय पैनल सं. 46बी के कार्य-स्थल का अनुरूपण यह मानकर कि दुर्घटना सील पर 3 मी., 2 मी. और 0 मी. की विभिन्न मोटाई वाले रिब के साथ प्रतिवेशी के पैनलों के गोफ स्थिर नहीं हुए थे । (रेखा चित्र-6 में आर 1 के रूप में अंकित) ।

प्रतिरूप 2 : दुर्घटना के समय पैनल सं. 46बी के कार्य-स्थल का अनुरूपण यह मानकर कि पैनल संख्या 46ए एक तरफ (साइड) विकसित पीलरों पर खड़ा था ।

प्रतिरूप 3 : दुर्घटना के समय पैनल सं. 46बी के कार्य-स्थल का अनुरूपण यह मानकर कि सभी निष्कर्षित प्रतिवेशी पैनल स्थिर हो चुके थे ।

प्रतिरूप 4 : गैलरी मुंहाने पर 1.8 मी. और 2.5 मी. ऊंचाई के उदग्र खांचे वाले दो अन्य प्रतिरूप चलाए गए थे । इसका परिणाम रिब/पीलर की स्थिरता पर कोई प्रभाव नहीं दर्शाता है । इसके अतिरिक्त पूरी निष्कर्षण रेखा के साथ-साथ 5 मी. और 8 मी. ऊंचाई के उदग्र खांचे वाले दो और प्रतिरूप चलाए गए थे तथा फेसों पर सभी रिब्स के औसत सुरक्षा कारकों (सेफ्टी फैक्टर) का परिकलन किया गया था ।

प्रतिरूप 5 : दुर्घटना के समय पैनल सं. 46बी के कार्य-स्थल का अनुरूपण यह मान कर कि पैनल संख्या 46ए के पिलरों की अन्तिम दो पंक्तियों का निष्कर्षण नहीं किया गया था क्योंकि सतह पर मापा गया अवतलन परिकलित मान से नितान्त कम है ।

उपर्युक्त सभी प्रतिरूपों को, खान में मापे गए स्व-स्थाने दाब मान (समीकरण 1 से 3 तक) और प्रयोगशाला में परीक्षित किए गए प्रत्यास्थता नियतांक (इलास्टिक कान्स्टेंन्ट्स) तथा घनत्व (तालिका 2), के साथ, स्वतंत्र रूप से तीन चरणों में चलाया गया था ।

चरण 1 : अक्षत प्रतिरूप

चरण 2 : सभी पैनलों का विकास

चरण 3 : विभिन्न प्रतिरूपों की समस्याओं (प्रपोजिसन) के अनुसार डिपीलरिंग की गई थी (प्रतिरूप 1 से प्रतिरूप 5) ।

पीलर/स्टूक्स और रिब्स के औसत सुरक्षा कारक (सेफ्टी फैक्टर) पाने के लिए के ख अ सं. विफलता मापदण्ड (फलियर क्राइटेरियन) (समीकरण 4 से 9 तक) का उपयोग किया गया था ।

प्रतिरूप 1 :

प्रथम प्रतिरूप में दुर्घटना के समय पैनल सं. 46बी के कार्य-स्थल को यह मानकर अनुरूपित किया गया था कि प्रतिवेशी पैनल स्थिर नहीं हुए थे (चूंकि सभी प्रतिवेशी पैनलों को निष्कर्षण पिछले तीन वर्षों के भीतर किया गया था) । इस प्रयोजन के लिए, प्रतिवेशी सभी पैनलों का पूरी तरह से निष्कर्षण किया गया था और पैनल सं. 46बी के अवरोध पीलरों सहित, विभिन्न पीलरों के ऊपर दाब वितरण (स्ट्रैस डिस्ट्रीब्यूसन) को प्राप्त करने के लिए पुनरावृति मूलक विधि से प्रतिरूप चलाया गया था । दूसरे चरण में, पैनल सं. 46बी के सभी निष्कर्षित पीलरों, स्टूक्स और रिब्स को निकालते हुए, इसे तब तक चलाया गया था जब तक कि फेस दुर्घटना स्थल तक नहीं पहुंच गया और रिब (आर 1) की विभिन्न चौड़ाई, 3 मी., 2 मी. तथा 0 मी. के साथ अंतिम समाधान प्राप्त किया गया (रेखा चित्र-6 में आर 1 के रूप में अंकित) ।

पैनल सं. 46बी के विभिन्न पीलरों, स्टूक्स और रिब्स तथा अवरोध पीलरों के ऊपर सुरक्षा कारकों के खण्ड समोच्च रेखाऐं रेखा चित्र-6 में यह मान आरेखित किया गया है कि 3 मी. चौड़ी आर 1 रिब के प्रतिवेशी पैनल स्थिर नहीं थे। रेखा चित्र-6 में अंकित विभिन्न अवरोधी पीलरों और रिब आर 1 की विभिन्न चौड़ाई, 3 मी., 2 मी. और 0 मी. के लिए औसत सुरक्षा कारकों का सार तालिका 4 में है ।

तालिका 4 : विभिन्न आर 1 चौड़ाई के लिए बैरियर/रिबों का औसत सुरक्षा कारक:

रेखा चित्र-6 में अंकित अवरोधी पीलर/रिब	अवरोधी पिलर/रिब का आकार (किनारे से किनारे तक) मी. में	औसत सुरक्षा कारक		
		आर 1 चौड़ाई 3 मी.	आर 1 चौड़ाई 2 मी.	आर 1 चौड़ाई 0 मी.
अवरोधी पिलर बी पी 1	20 × 23	1.07	1.07	1.07
अवरोधी पिलर बी पी 2	18 × 21	0.79	0.78	0.78
अवरोधी पिलर बी पी 3	18 × 47	0.91	0.90	0.90
अवरोधी पिलर बी पी 4	18 × 55	1.81	1.81	1.81
रिब आर 1	11 × आर 1 चौड़ाई	0.55	0.36	–
रिब आर 2	16 × 3	0.69	0.69	0.69
रिब आर 3	11 × 3	0.67	0.67	0.67

प्रतिरूप 2 :

दूसरे प्रतिरूप में दुर्घटना के समय पैनल सं. 46बी के कार्य-स्थलों का अभिरूपण पैनल सं. 46 ए को तैयार पीलरों पर खड़ा रखते हुए किया गया । इस उद्देश्य के लिए, पैनल सं. 43, 44, 40 एवं 41 को पूर्णत: निष्कर्षित किया गया और पुनरावृत्तीय पद्धति द्वारा नतीजे तक पहुंचने के लिए प्रतिरूप को चलाया गया। दूसरे चरण में, पैनल सं. 46 बी के सभी निष्कर्षित पिलरों, स्टूकों और रिबों को बाहर निकाल कर प्रतिरूप को एक बार पुन: चलाया गया जब तक कि फेस दुर्घटना स्थल तक नहीं पहुंच गया और अंतिम नतीजे तक पहुंचा गया ।

पैनल सं. 43, 44, 40 एवं 41 के निष्कर्षण के बाद पैनल सं. 46 बी के विभिन्न पिलरों, स्टूकों एवं रिबों के ऊपर सुरक्षा कारकों के खण्ड समोच्च रेखाएं रेखा चित्र-7 में यह मानकर आरेखित की गई हैं कि वे स्थिर नहीं हैं और पैनल सं. 46 ए विकसित पिलरों पर खड़ा है । रेखा चित्र-7 में अंकित विभिन्न अवरोधी पिलरों एवं रिबों के लिए औसत सुरक्षा कारकों का सार तालिका 5 में है ।

तालिका 5

रेखा चित्र-8 में अंकित अवरोधी पिलर/रिब	पिलर/रिब का आकार (किनारे से किनारे तक मी. में)	औसत सुरक्षा कारक
अवरोधी पिलर बी पी 1	20 × 23	2.28
अवरोधी पिलर बी पी 2	18 × 21	1.91
अवरोधी पिलर बी पी 3	18 × 47	2.73
अवरोधी पिलर बी पी 4	18 × 55	3.85
रिब आर 1	11 × 3	0.56
रिब आर 2	16 × 3	0.83
रिब आर 3	11 × 3	0.84

प्रतिरूप 3 :

तीसरे प्रतिरूप में दुर्घटना के समय पैनल सं. 46बी के कार्य-स्थलों का अभिरूपण यह मानते हुए किया गया कि सभी प्रतिवेशी पैनल यथा 46ए, 43, 44, 40 एवं 41 पूर्णत: निष्कर्षित थे और स्थिर होने के लिए लम्बे समय के लिए छोड़ दिए गए थे । ऐसी परिस्थितियों में, ये पैनल ठपरी संस्तर के खंडित पदार्थों से भर जाएंगे जो गोफ में गद्दीदार पदार्थ (कुशन मैटिरियल) का कार्य करता है । अत: इन सभी निष्कर्षित पैनलों को एक गोफ सामग्री गुण से भरा गया और प्रतिरूप के स्थायी होने तक पुनरावृत्तीय पद्धति द्वारा चलाया गया । गोफ सामग्री गुण निम्न सारणी में दिए गए पूर्व अनुभवों के आधार पर निर्धारित की गई थी ।

केव की गई सामग्री के लिए यंग का मापांक, एमपीए	पोइजन का अनुपात	घनत्व, कि.ग्रा/घ.मी.
600	0.1	2000

उपर्युक्त प्रतिरूप को स्थायी करने के बाद, पैनल सं. 46 में विभिन्न पिलरों के स्लाइसिंग/रिब निर्माण की जगह आने तक, जिसके बाद दुर्घटना हुई थी, निष्कर्षण किया गया और अंतिम समाधान पाने तक प्रतिरूप को चलाया गया । अवतलन सामग्री द्वारा प्रतिवेशी पैनलों 46ए, 43, 44, 40 एवं 41 की भराई के साथ पैनल सं. 46 बी के विभिन्न पिलरों, स्टूकों एवं रिबों के ऊपर सुरक्षा कारकों के खण्ड समोच्च रेखाएं रेखाचित्र-8 में आरेखित थी । रेखाचित्र-8 में अंकित विभिन्न अवरोधी पिलरों और रिबों के लिए औसत सुरक्षा कारकों का सार तालिका 6 में है ।

तालिका 6

रेखाचित्र-8 में अंकित पिलर/रिब	पिलर/रिब का आकार (किनारे से किनारे तक मी. में)	औसत सुरक्षा कारक
अवरोधी पिलर बी पी 1	20 × 23	2.27
अवरोधी पिलर बी पी 2	18 × 21	1.89
अवरोधी पिलर बी पी 3	18 × 47	2.71
अवरोधी पिलर बी पी 4	18 × 55	3.82
रिब आर 1	11 × 3	0.56
रिब आर 2	16 × 3	0.83
रिब आर 3	11 × 3	0.84

प्रतिरूप 4 :

रिब स्थिरता पर खाँचे के प्रभाव (जैसा खान की कार्य प्रणाली में था) को अभिरुपित करने के लिए, प्रतिरूप 1 (रेखाचित्र-7) के सभी रिबों आर 1, आर 2 एवं आर 3 के समीप और गैलरी मुहाने की छत में 1.5 मी. चौड़े और 2.5 मी. ऊंचाई के तत्वों को निकाल दिया गया और अंतिम समाधान प्राप्त करने के लिए प्रतिरूप को चलाया गया । पुनरावृत्तीय पद्धति द्वारा प्रतिरूप से नतीजे प्राप्त करने के बाद प्रत्येक रिब के लिए औसत सुरक्षा कारकों का परिकलन किया गया जो नीचे तालिका 7 में दिया गया है ।

तालिका 7

रेखाचित्र-8 में अंकित पिलर/रिब	पिलर/रिब का आकार (किनारे से किनारे तक मी. में)	औसत सुरक्षा कारक
रिब आर 1	11 × 3	0.55
रिब आर 2	16 × 3	0.78
रिब आर 3	11 × 3	0.83

प्रतिरूप 5

दुर्घटना के समय के पैनल सं. 46 बी के एक कार्य-स्थल का अनुरूपण पांचवें प्रतिरूप में यह मान कर किया गया कि प्रतिवेशी पैनल स्थिर नहीं हुए थे पर पैनल सं. 46 ए के पिलरों की अंतिम दो पंक्तियों का निष्कर्ष्ण नहीं हुआ था (क्योंकि सतह पर मापी गई अवतलन परिकलित मान से बहुत कम है) । इस उद्देश्य के लिए प्रतिरूप 1 के पिलरों की दो पंक्तियों को खड़ा छोड़ दिया गया परन्तु अन्य मापदण्ड समान रखे गए तथा प्रतिरूप को ऐसी स्थिति के अंतर्गत अंतिम समाधान पाने के लिए चलाया गया रेखा चित्र-6 में अंकित विभिन्न अवरोधी पिलरों और रिबों के लिए औसत सुरक्षा कारकों का सार तालिका 7 ए में है ।

तालिका 7 ए

रेखा चित्र-8 में अंकित पिलर/रिब	पिलर/रिब का आकार (किनारे से किनारे तक मी. में)	औसत सुरक्षा कारक
अवरोधी पिलर बी पी 1	20 × 23	1.32
अवरोधी पिलर बी पी 2	18 × 21	0.96
अवरोधी पिलर बी पी 3	18 × 47	1.51
अवरोधी पिलर बी पी 4	18 × 55	3.89
रिब आर 1	11 × 3	0.56
रिब आर 2	16 × 3	0.83
रिब आर 3	11 × 3	0.84

5. परिणाम एवं विवेचना :

अवरोधी पिलरों और रिबों (रेखा चित्र-6, 7 एवं 8) के औसत सुरक्षा कारक दर्शाता हुआ विभिन्न प्रतिरूप परिणामों की एक तुलनात्मक सूची (चार्ट) नीचे तालिका 8 में दिया गया है ।

तालिका 8

पिलर/रिब का आकार, मी.	औसत सुरक्षा कारक				
(किनारे से किनारे तक)	प्रतिरूप	प्रतिरूप	प्रतिरूप	प्रतिरूप	प्रतिरूप
(रेखा चित्र - 6, 7 एवं 8)	1	2	3	4	5
अवरोधी पिलर बी पी 1, 20 × 23	1.07	2.28	2.27	2.28	1.32
अवरोधी पिलर बी पी 2, 18 × 21	0.79	1.91	1.89	1.91	0.94
अवरोधी पिलर बी पी 3, 18 × 47	0.91	2.73	2.71	2.73	1.51
अवरोधी पिलर बी पी 4, 18 × 55	1.81	3.58	3.82	3.85	3.90
रिब आर 1, 11 × 3	0.55	0.56	0.56	0.55	0.55
रिब आर 2, 16 × 3	0.69	0.83	0.83	0.78	0.79
रिब आर 3, 11 × 3	0.67	0.84	0.84	0.83	0.98

5.1 46ए एवं 46बी के बीच स्थित अवरोधी पिलरों का स्थायित्व :

उपरोक्त तालिका 8 से स्पष्ट है कि प्रतिरूप 1 के अवरोधी पिलर बी पी 2 एवं बी पी 3, जो पूर्व निष्कर्षित पैनल 46ए एवं 46बी के बीच स्थित हैं औसत सुरक्षा कारक कमश: 0.79 एवं 0.91 दर्शा रहे हैं । यह दर्शाता है कि इस परिस्थिति में ये अवरोधी पिलर विफल हो गए । जबकि अन्य स्थिति में, जब पैनल सं. 46ए केवल विकसित पिलरों पर था (प्रतिरूप 2) अथवा तीनों तरफ के सभी निष्कर्षित पैनल पूरी तरह स्थिर हो गए थे (प्रतिरूप 3) तब उन्हीं अवरोधी पिलरों का औसत सुरक्षा कारक 1.91 से 3.85 के बीच था। इससे संकेत मिलता है कि इस स्थितियों (प्रतिरूप 2 एवं प्रतिरूप 3) के अतर्गत 46ए एवं 46बी के बीच स्थित सभी अवरोधी पिलर स्थायी पाए गए । इसी तरह से प्रतिरूप 5 के परिणामों से ज्ञात हुआ कि पैनल सं. 46ए के पिलरों की अंतिम दो पंक्तियों को अनिष्कर्षित मान लेने पर भी अवरोधी पिलर बी पी 2 का सुरक्षा कारक 1 से कम दर्शा रहा है । अत: दुर्घटना ग्रस्त पैनल सं. 46बी के आस-पास निष्कर्षण का अत्याधिक खराब परिदृश्य देखते हुए, सुरक्षा की दृष्टि से 46ए एवं 46बी के स्थित अवरोधी पिलरों और पैनल सं. 46बी के स्टूको/रिबों की रूपरेखा तैयार करने के लिए केवल प्रतिरूप 1 ही सर्वाधिक उपयुक्त है ।

5.2 पैनल 46बी के रिबों का स्थायित्व

उपरोक्त तालिका 8 से स्पष्ट है कि किसी भी स्थिति में (प्रतिरूप 1 से प्रतिरूप 4) 3 मीटर की मोटाई वाले सभी रिबों का औसत सुरक्षा कारक 0.55 से 0.98 के बीच है । यह दर्शाता है कि यद्यपि वे अन्तत: गिर ही जाएंगे परन्तु फेसों पर योजनाबद्ध अवलंबों के सहारे वे कुछ घंटों के लिए (अस्थायी तौर पर) टिके रह सकते हैं । आगे, रिब आर 1 की चौड़ाई 3 मी. से 0 मी. तक कम किए जाने पर ज्ञात होता है कि यह किसी भी अवरोधी पिलर के स्थायित्व को प्रभावित नहीं करता (तालिका 4) क्योंकि ये पहले ही विफल (एस.एफ. 0.55) हो चुकी है ।

5.3 रिब के स्थायित्व पर खांचा करने (उत्प्रेरित अवतलन) का प्रभाव

खान प्रक्रिया के अनुसार, प्रतिरूप 4 में उत्प्रेरक विस्फोटन (खांचा) के प्रभाव का अध्ययन किया गया। पिछले प्रतिरूप परिणामों की तुलना में (तालिका 4 एवं तालिका 7 के 3 मी. चौड़ाई वाले आर 1 को संदर्भित करें), प्रतिरूप 4 के परिणामों में सभी रिबों के सुरक्षा कारकों में कोई महत्त्वपूर्ण बदलाव नहीं हुए। यह दर्शाता है कि रिब स्थिरता पर खांचा (जैसा खान में व्यवहृत था) का कोई प्रभाव नहीं था। यह समझा जाता है कि इस खांचे से केवल गोफ के धंसान में थोड़ी सहायता कर सकती है।

उपरोक्त परिणामों पर विस्तृत विवेचना के बाद यह निर्णय लिया गया कि प्रतिरूप सं. 1 के साथ निम्नलिखित और दो अभ्यास करने की आवश्यकता है।

(1) यदि प्रतिरूप 1 के अवरोधी पिलर बी पी 2 एवं बी पी 3 विफल हो रहे हैं तो उनकी न्यूनतम चौड़ाई क्या होनी चाहिए जब प्रतिरूप 1 की स्थिति के अंतर्गत ये अवरोधी पिलर विफल नहीं होंगे ?

(2) उपरोक्त प्रकार के अ-धंसनीय शैल (अनकेवेबल रॉक) की धंसनीयता कैसे सुधारी जाए जिससे भविष्य में ओवर-राइडिंग न हो ?

(1) प्रतिरूप 1 की कार्य-स्थिति के अंतर्गत 46ए एवं 46बी के बीच अवरोधी पिलरों के उपर्युक्त आकार की अभिकल्पना

प्रतिरूप 1 की कार्य-स्थिति के साथ 46ए एवं 46बी के बीच अवरोध पिलरों की उपर्युक्त चौड़ाई ज्ञात करने के लिए 25मी., 28 मी. तथा 30 मी. चौड़ाई (किनारे से किनारे तक) वाले अवरोधी पिलरों के साथ तीन अतिरिक्त संख्यांत्मक प्रतिरूपों को चलाया गया। अवरोध की चौड़ाई को छोड़कर सभी प्रतिरूपण (माडलिंग) प्रक्रियाएं और खनन ज्यामिति प्रतिरूप 1 के समान थी। परिवर्तित आकारों वाले विभिन्न अवरोधी पिलरों के औसत सुरक्षा कारक नीचे सारणी 9 में दिए गए हैं।

तालिका 9 : 46ए एवं 46बी के बीच परिवर्तित आकारों वाले विभिन्न अवरोधी पिलरों के औसत सुरक्षा कारक।

रेखाचित्र-3 में अंकित पीलरोंच	अवरोध	चौड़ाई 25 मी.	अवरोध	चौड़ाई 28 मी.	अवरोध	चौड़ाई 30 मी.
	आकार मी. (को.-को.)	सु. का.	आकार मी. (को.-को.)	सु. का.	आकार मी. (को.-को.)	सु. का.
अवरोधी पिलर बीपी 1	25 × 23	1.27	28 × 23	1.31	30 × 23	1.46
अवरोधी पिलर बी पी 2	25 × 21	0.95	28 × 21	0.98	30 × 21	1.12
अवरोधी पिलर बी पी 3	25 × 47	1.12	28 × 47	1.19	30 × 47	1.33
अवरोधी पिलर बी पी 4	25 × 55	2.01	28 × 55	2.11	30 × 55	2.21

उपरोक्त सारणी 9 से स्पष्ट है कि अवरोधी पिलर बी पी 2 का औसत सुरक्षा कारक 1 से अधिक प्राप्त करने के लिए पैनल सं. 46ए एवं 46बी के बीच न्यूनतम अवरोधी चौड़ाई 30 मी. (किनारे से किनारे तक) अपेक्षित है। अत: निष्कर्ष निकलता है कि प्रतिरूप 1 की स्थिति के अंतर्गत 46ए एवं 46बी के बीच स्थित अवरोधी पिलरों की चौड़ाई किनारे से किनारे तक 30 मी. से कम नहीं होनी चाहिए।

(2) उत्प्रेरक धंसान अभिरचना की अभिकल्पना :

प्रतिरूप 4 के परिणामों से स्पष्ट है कि गोदावरीखनी 8ए इन्क्लाइन के 46बी पैनल में खान प्रबंधन द्वारा किए गए खांचे उत्पेरित अवतल में अधिक लाभदायी नहीं है क्योंकि रिबों के सुरक्षा कारक में सुधार नहीं हो रहा है (3 मी. चौड़ाई वाले रिब आर 1 के लिए सारणी 4 और सारणी 7 को संदर्भित करें)। अत: संख्यांतम्क प्रतिरूपण (न्यूमेरिकल माडलिंग) द्वारा उत्प्रेरित अवतलन की यशोचित अभिकल्पना अध्ययन के लिए प्रतिरूप 1 की स्थितियों में गैलरी के संपूर्ण चौड़ाई में निष्कर्षण की पूरी रेखा के साथ-साथ 5 मी. एवं 8 मी. की ऊर्ध्वस्थ ऊंचाई के खांचे (विस्फोटन) वाले दो अतिरिक्त प्रतिरूप चलाए गए थे। यह पाया गया कि सभी तीन रिबों के सुरक्षा कारक में तर्कसंगत सुधार हो रहा है, जैसा कि नीचे सारणी 10 में दर्शाया गया है। वर्तमान में झुके हुए (इनक्लाइन) उत्प्रेरक विस्फोटन का अनुरूपण इस प्रतिरूप में संभव नहीं है।

तालिका 10 : सम्पूर्ण निष्कर्षण रेखा के साथ-साथ विभिन्न ऊंचाई के उत्प्रेरक धंसान के साथ विभिन्न रिबों का सुरक्षा कारक ।

रेखाचित्र-8 में अंकित पीलर/रिब	पीलर/रिब का आकार (किनारे से किनारे तक) मी. में	पूरी निष्कर्षण रेखा के साथ-साथ विभिन्न उर्ध्वस्थ ऊँचाई के उत्प्रेरक धंसान के साथ रिबों का औसत सुरक्षा कारक	
		5 मी.	8 मी.
रिब आर 1	11 × 3	0.57	0.71
रिब आर 2	16 × 3	0.81	1.02
रिब आर 3	11 × 3	0.86	1.10

उपर्युक्त सारणी 10 से यह स्पष्ट है कि पूरी निष्कर्षण रेखा में 8 मी. उर्ध्वस्थ ऊंचाई वाले विस्फोट के साथ, सर्वाधिक प्रभावित रिब आर 1 के सुरक्षा कारक में 0.71 तक सुधार हुआ है जो कुछ घंटों तक टिके रहने के लिए पर्याप्त है और इस दौरान सभी कर्मियों और सामग्री को निकाला जा सकता है (पूर्व अनुभवों के आधार पर) । अत: उदग्र से 30° से 45° तक के कोण पर 9 मी. से 11 मी. (8 कोसेक 30° अथवा 8 कोसेक 45° संदर्भ, रेखा चित्र-9) तक के उत्प्रेरक विस्फोट करने से ऐसे अ-धंसनीय (अनकेवेबल) संस्तर की धंसनीयता में सुधार होगा । एक पंक्ति में प्रत्येक विस्फोट छिद्र के बीच और पंक्तियों के बीच अन्तराल 2 से 2.5 मी. है ताकि यह गैलरी की आधे से ज्यादा चौड़ाई को घेर सके । प्रत्येक गैलरी का उत्प्रेरक विस्फोट अभिरचना (पैटर्न) जो पर्याप्त रूप से धंसनीयता में (केवेबिलिटी) सुधार ला सकता है, उसी रेखा चित्र-9 में दर्शाया गया है ।

इस अभिरचना की अनुशंसा संपूर्ण गैलरी की सिर्फ उर्ध्वाकर उत्खनन वाले प्रतिरूप पर किए गए अध्ययन पर आधारित है, अत: गोदावरीखनी 8 ए इन्कलाइन की ही किसी एक प्रायोगिक पैनल अथवा किसी अन्य खान, जहाँ ऐसे अ-धंसनीय संस्तर धँसान में समस्या उत्पन्न कर रहे हैं, में परीक्षण के बाद ही उत्प्रेरक विस्फोट अभिरचना की उपरोक्त अभिकल्पना पर अंतिम निर्णय लिया जा सकेगा।

6. निष्कर्ष

पैनल सं. 46 बी में डिपीलरिंग के दौरान एक के बाद एक हुए विभिन्न बड़े फॉलों की प्रकृति एवं समय अनुक्रम तथा विभिन्न प्रतिरूपों के परिणामों से निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं:

- पैनल सं. 46 बी में 48 घंटों के अन्दर तीन बड़े फॉलों की घटना और प्रतिरूप 1 के परिणाम संकेत करते हैं कि दुर्घटना का प्रमुख प्रभावी कारक अवरोधी पिलर बी पी 2 था जिसका सुरक्षा कारक 0.79 तक नीचे चला गया था। परिणामस्वरूप, यह पिलर क्रमश: धँसने लगा और पूर्व निष्कर्षित पैनल 46 ए के संस्तर भार का हिस्सा कार्यरत पैनल 46 बी के फेस पर स्थानांतरित हो गया था।
- दूसरे बड़े फॉल के समय अवरोधी पिलर बी पी 2 का आधा भाग धँस गया था। परिणामस्वरूप अवरोधी पिलर बी पी 2 के मध्य एक भंग रेखा उत्पन्न हुई और उसके बाद दूसरा बड़ा फॉल हुआ।
- ऐसा प्रतीत होता है कि तीसरे मेन फॉल के दौरान अवरोधी पिलर बी पी 2 का शेष आधा भाग एकदम से धँस गया क्योंकि इसका क्षेत्रफल पहले से लगभग आधा हो गया था। इससे संभवत: गतिशील भार की स्थिति उत्पन्न हुई होगी जो स्लाइस, रिब और स्टूक के हिस्सा को लांघ गया।
- चूँकि बी पी 3 अवरोधी पिलर का औसत सुरक्षा कारक भी 1.0 से कम था (अर्थात् 0.91) और जैसे ही बैरियर पिलर बी पी 2 धँसा , पूर्व निष्कर्षित पैनल 46 ए का आंशिक भार इस पिलर के माध्यम से 46 बी पैनल के कार्य-स्थल पर स्थानांतरित हो गया। अत: 46 बी के गोफ के सन्निकट विद्यमान सभी स्टूक और पिलर भारी भार के अधीन थे। इस कारण गोफ के सन्निकट स्थित लगभग 'V' आकार वाले कार्य-स्थलों की सभी डिप और लेवल गैलरियों में व्यापक फर्श उत्थान हुआ था।
- प्रतिरूपण परिणामों के आधार पर पैनल सं. 46 बी को उचित उत्प्रेरक धँसान की सहायता से सुरक्षात्मक तरीके से चलाने के लिए 46 ए एवं 46 बी के बीच बैरियर पिलरों की न्यूनतम चौड़ाई 30 मी. (किनारे से किनारे तक) से कम नहीं होनी चाहिए।
- प्रतिरूपण परिणाम दर्शाते हैं कि गोफ की ओर 9 से 11 पी. लम्बे विस्फोट छिद्र (उत्प्रेरक धँसान के लिए) जो कि पूरी निष्कर्षण की रेखा के साथ उदग्र से 30° से 45° पर किए गए हों, ऐसे अ-धंसनीय (अनकेवेबल) संस्तर की धँसनीयता (केवेबिलिटी) सुधारेंगे। उत्प्रेरक धँसान के लिए विस्फोटन अभिरचना रेखा चित्र-9 के अनुसार हो सकती है।

(डॉ. के. कुशवाहा)
परियोजना नायक

(डॉ. ए. सिन्हा)
परियोजना समन्वयकर्ता



Fig 1: Section along Bore Hole No 118 showing different seams at GDK8A Incline, SCCL.



Fig 2: Part plan of the panel no 46B showing line of different falls, Bore Hole position from where rock sample were tested in CMRI laboratory for modelling.



BORE HOLE NO : 1150
LOCATION : GDK-8A INCLINE

(Not to scale)



Fig 3: Section along Bore Hole No 1150, located at panel no 4613, whose rock samples were tested for modelling purpose.

...e: NM for the study of support guide lines at the face in seam 1 of GDK 8 incline"



Fig.5: 3-D model showing grid pattern above and below the seam 1 at GDK 8A incline



Fig. 9: Goaf edge blasting pattern for induced caving



Fig7: Block contours of safeyt factor over different pillars of panel no 46 B with 46A panel only developed



Fig.4 - Working propositions of different panels at the time of accident in Panel No.46B.



Fig. 6: Block contours of safety factor over the pillars with 3 sides of panel 46-B already extracted

Title: NM for the study of support guide lines at the face in seam 1 of GDK 8



Fig.8: Block contours of safety factor over pillars with 3 sides of the panel no 46-B was extracted but goaf was completely settled


THE S.C.Co.LTD.
GDK. No. 8A INCLINE
KEY PLAN OF No. 1 SEAM
R.F. = 1 : 10000
OCP - III
GDK. 8B INCLINE
GDK. 11A INCLINE
GDK. 8 INCLINE
GDK. 9 INC.
GDK. 9 INC. VIP BLOCK

MINISTRY OF LABOUR AND EMPLOYMENT

NOTIFICATION

New Delhi, the 20th April, 2007

S. O. 625(E).— In pursuance of Section 27 of the Mines Act, 1952(35 of 1952) the Central Government hereby publishes, as Annex to this Notification, the following report submitted to it under Sub-section (4) of Section 24 of the said Act by the Court of Inquiry appointed to hold an inquiry into the causes and circumstances attending the accident which occurred on 17th October, 2003 in the collieries of M/s. Singareni Collieries Company Limited, more particularly in the Godavarikhani No. 8A Incline Mine of Ramagundam Region in District Karimnagar of Andhra Pradesh State.

"Report of the Court of Inquiry into the major accident involving 10 persons in the Collieries of M/s. Singareni Collieries Company Limited, on 17th October, 2003."

[F. No. N-11012/7/2003-ISH-II]

S. K. SRIVASTAVA, Jt. Secy.

ANNEX

REPORT OF THE COURT OF INQUIRY IN TO THE MAJOR ACCIDENT INVOLVING 10 PERSONS AT GODAVARIKHANI NO. 8A INCLINE MINE OF M/S. SINGARENI COLLIERIES CO. LTD. ON 17th October, 2003

HON'BLE SHRI JUSTICE BILAL NAZKI
(CHAIRMAN AND JUDGE, HIGH COURT OF ANDHRA PRADESH)

SHRI A. K. RUDRA, ASSESSOR

SHRI KAMLESH SAHAY, ASSESSOR

CHAPTER I

INTRODUCTION

1.1 In formation about the accident

1.1.1 In the early hours of 17th October, 2003, a fatal accident due to fall of roof occurred in the underground workings of, Godavarikhani NO.8A Incline Mine of M/s. Singareni Collieries Company Limited, a Govt. Company, in the Karimnagar district, Andhra Pradesh. In this accident ten miners lost their lives, whose names are given in **Annexure-I.**

1.1.2 In exercise of powers conferred by Sub-section (1) of Section 24 of the Mines Act, the Ministry of labour, Government of India, issued a notification vide No.N-11012/7/2003-ISH-II dated 21-01-2004, appointing a Court of Inquiry for holding a formal inquiry into the causes and circumstances attending the accident. Sri Justice Bilal Nazki was appointed as Chairman, Court of Inquiry, whereas, Shri A.K. Rudra, Ex-Director-General of Mines Safety and Shri Kamlesh Sahay (Bharatiya Mazdoor Sangh), Member, Safety Board, CIL, were appointed as assessors. The relevant notification of the Ministry of labour is at **Annexure-II.**

1.1.3 The Joint Secretary to Govt. of India, vide Notification No. N-11012/7/2003-ISH-II dated 17-05-2004, extended the period of inquiry and presentation of the report for three months from the date of issue of the notification.

1.1.4 Vide Notification No. 11012/7/2003-ISH-II dated 17th September, 2004, Shri G. Dasappa, District & Sessions Judge on OD, A.P. High Court Legal Services Committee, was appointed as Secretary to the Chairman, Court of Inquiry.

1.1.5 Again on 16th July, 2004 vide a notification, the Central Government extended the period of inquiry for a further period of three months from 21st July, 2004.

1.1.6 Vide Notification dated 21st October, 2004, Central Government further extended the period for conducting the inquiry and presentation of report till 20th April, 2005.

1.1.7 Vide Notification dated 9th May, 2005, Central Government further extended the period for conducting the inquiry and presentation of the report till 20th October, 2005.

1.1.8 Vide Notification 26th October, 2005, the Central Government again extended the period for conducting the inquiry and presentation of the report till 20th April, 2006.

1.1.9 Vide Notification 26th April, 2006, the Central Government again extended the period for conducting the inquiry and presentation of the report till 20th October, 2006.

1.2 Court of Inquiry

1.2.1 On 10th April, 2004, Chairman, Court of Inquiry issued Public Notice inviting submission by way of an affidavit from general public, who were acquainted or interested with or had knowledge on the subject matter of the aforesaid accident, duly attested by a Notary Public, in three copies, to enable the Chairman to collect all available evidence relating to the accident, by 10th May, 2004.

1.2.2 Public Notice calling affidavits were published in various newspapers, details of which are given below :

Sl. No.	Name of the Newspaper	Language	Date of Publication
01.	Andhra Prabha (Hyderabad and Karimnagar Editions)	Telugu	09-04-2004
02	Vaartha (Hyderabad Edition)	Telugu	09-04-2004
03	Andhra Jyothi (Karimnagar Edition)	Telugu	10-04-2004
04	Times of India (Hyderabad Edition)	English	10-04-2004
05	Siasat (Hyderabad Edition)	Urdu	10-04-2004
06	Deccan Chronicle (Hyderabad Edition)	English	10-04-2004

A total of 11 (eleven) affidavits were received by the said date. The list of parties filing affidavits is enclosed as **Annexure-III.**

1.2.3 Different affidavits claimed as follows :—

